आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 25 जून 2024
वर्ष 34, अंक 148, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेस्टइंडीज को हराकर अफ्रीका सेमीफाइनल में 2

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज 14

## एक नजर

### ईडी ने मुंबई में जब्त की 37 करोड़ रुपये की संपत्ति

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबर दलाल मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को मुंबई में कई ठिकानों पर छापों के दौरान 37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की और आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए। दलाल (59) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच जारी है। उसने कथित तौर पर जोखिम-मुक्त वस्तुओं के व्यापार में निवेश के जरिए उच्च रिटर्न का वादा करके अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों सहित कई लोगों से करोड़ों रुपये ठगे। दलाल को मार्च में गिरफ्तार किया गया था।

### फर्जी निकली हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी

**कर्नाटक।** कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जो व्यापक तलाश अभियान के बाद फर्जी निकली। पुलिस ने बताया कि ईमेल मिलने के तुरंत बाद बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता हवाई अड्डा परिसर की तलाशी में लगाया गया। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त चेतन आर. ने बताया कि हवाई अड्डे के निदेशक चिलका महेश को आज सुबह एक अज्ञात आईडी से ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि हवाई अड्डा परिसर में एक बम रखा गया है। धमकी के ईमेल के बारे में सूचना मिलने पर हमने एक बम निरोधक दस्ता भेजा। बेंगलुरु से पहुंचे विमान में सवार सभी यात्रियों को उतारा गया।

## 18वीं लोकसभा की पहली बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

# नीट-नीट के नारे, संविधान की प्रतियां लहराईं

### प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के दौरान सदन में लगे जय श्रीराम के नारे

### शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृहमंत्री शाह को झेलना पड़ा विपक्ष का विरोध

### प्रधानमंत्री ने रखा अपना विजन, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सदन संकल्प की पूर्ति का सदन है। विकसित भारत के संकल्प के साथ नई लोकसभा की शुरुआत हो रही है। 60 साल बाद देश की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। यह बेहद गौरवपूर्ण है।

उन्होंने देश के सामने अपना विजन रखा और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री व उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी सासंदों ने संविधान की प्रति हाथों में ली हुई थीं। गृहमंत्री अमित शाह जब शपथ लेने जा रहे थे, तब भी राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसियों ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का एलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। पहले दिन कुल 262 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बाकी के अन्य सदस्य मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे।



संसद भवन परिसर में हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी।



संविधान की प्रति लहराते राहुल व अन्य।

कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और सदस्यों को शपथ दिलाई। जिस दौरान मोदी शपथ लेने जा रहे थे सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण करते समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी सदस्य अपने स्थानों पर संविधान की प्रति लेकर खड़े थे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब शपथ लेने पहुंचे तो सदन में नीट-नीट के नारे लगे। प्रधानमंत्री के बाद भाजपा के वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने सदस्य के रूप में शपथ ली। दोनों सदस्य अगले दो दिन सदन की कार्यवाही के संचालन में कार्यवाहक अध्यक्ष महताब की सहायता करेंगे। कांग्रेस सदस्य के. सुरेश, द्रमुक के टीआर बालू और तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय को भी सिंह और कुलस्ते के साथ पीठासीन सभापतियों के पैनल में चुना गया है लेकिन उन्होंने प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब के निर्वाचन पर आपत्ति जताते हुए शपथ नहीं ली और सदन से बहिर्गमन भी किया। शपथ ग्रहण के क्रम में कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, एच डी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम माझी और राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह समेत अन्य ने सदन की सदस्यता ग्रहण की। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा सांसद अखिलेश यादव व अन्य विपक्षियों को खेमे में सबसे आगे की पंक्ति में बैठे हुए देखा गया।

#### शपथ ग्रहण में भाषायी विविधता की झलक दिखी

शपथ ग्रहण के दौरान भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू, कन्नड, मलयालम तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली। नागर विमानन मंत्री तथा तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में शपथ ली। किसी भी केंद्रीय मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ नहीं ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

#### नड्डा बनाए गए राज्यसभा में सदन के नेता

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है। नड्डा को पीयूष गोयल की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि गोयल हाल ही में हुए चुनाव में जीत के बाद लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। नड्डा को गत फरवरी में एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में पहले से ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह संयोग ही है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही अध्यक्ष राज्यसभा के सदस्य हैं और सदन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई, चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी किए जाने तक अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है।

### केजरीवाल की बेल पर 26 को सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर 26 जून को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहेगी। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक हटाने का अनुरोध किया।

## नौकरियों में 5 % बोनस असंवैधानिक

नई दिल्ली, एजेंसी

**हरियाणा सरकार को झटका**



- सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भर्ती परीक्षाओं में हरियाणा के निवासियों को अतिरिक्त अंक देने की राज्य सरकार की नीति को रद कर दिया गया था।

हरियाणा सरकार की नीति को लोकलुभावन उपाय करार देते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक करार दिया था। पीठ ने कहा कि ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं।

किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिलने के कदम का आप किस तरह बचाव कर सकते हैं? नीति को उचित ठहराते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उन लोगों को अवसर देने के लिए कृपांक नीति शुरू की, जो सरकारी नौकरियों से वंचित थे। सुप्रीम कोर्ट पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 मई के आदेश के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

हाईकोर्ट ने 31 मई को हरियाणा सरकार की उस नीति को खारिज कर दिया था, जिसके तहत ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी में कुल अंकों में राज्य के निवासी अभ्यर्थी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने थे। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि कोई भी राज्य पांच प्रतिशत अंकों का लाभ देकर रोजगार को केवल अपने निवासियों तक सीमित नहीं कर सकता है।

## शोहदों से परेशान, पुलिस से निराश किशोरी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के मऊ थानांतर्गत एक गांव में हुई घटना
- गांव के दो सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार :** शोहदों की छेड़छाड़ से परेशान और पुलिस के कार्रवाई न करने से आहत किशोरी ने 23 जून की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि कई बार पुलिस से गुहार लगाई, तहरीर भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि थाने पहुंचे मां-बाप से पुलिसकर्मियों ने मारपीट भी की। यह घटना मऊ थानांतर्गत एक गांव की है। यहां की निवासी महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी 10वीं की छात्रा थी। वह साइकिल से गांव से लगभग दस किमी दूर कॉलेज में पढ़ने जाती थी। गांव के सगे भाई रंगीलाल और मुन्नीलाल उसकी बेटी से छेड़खानी करते थे। उसने कई बार थाने में शिकायत भी की पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस वालों ने शिकायत करने गए माता-पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद शोहदे आए दिन उसे छेड़ने लगे। उसका घर से निकलना दूभर हो गया। इससे क्षुब्ध होकर 23 जून की शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## भीषण हादसा : टैंकर ने एक ही परिवार के पांच लोगों को कुचला, सभी की मौत

संवाददाता, प्रयागराज



- सरायममरेज थाना क्षेत्र में हुई दुघर्टना, मृतक जौनपुर निवासी

**अमृत विचार :** शादी समारोह से बाइक पर लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। सभी की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे हैं।


हादसा सोमवार सुबह सात बजे सरायममरेज थाना क्षेत्र के हंडिया रस्तीपुर गांव के समीप हुआ। पुलिस के अनुसार जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द गांव निवासी ये लोग रविवार को बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। वहां से बरात में हंडिया चले गए। बरात से लौटने पर पांचों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। सरायममरेज के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार विकास (25), सुम्मरी (60), जनता (34), दीवाना (7), लक्ष्मी (8 माह) की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने टैंकर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि जौनपुर में परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। टैंकर कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

## पहली बारिश में ही टपकने लगा श्रीराम मंदिर में पानी

अयोध्या कार्यालय

- अधिक वर्षा पर बाधित हो सकती पूजा-अर्चना, दर्शन : मुख्य पुजारी
- गर्भगृह से पानी की निकासी की व्यवस्था पहले से ही नहीं है



मंदिर की दीवार से रिसता बारिश का पानी।

**अमृत विचार :** पहली बारिश में ही श्रीराम मंदिर के भूतल पर पानी टपकने लगा। मंदिर के गर्भगृह से पानी की निकासी की समस्या पहले से ही है। अगर समुचित इंतजाम नहीं किया गया तो ज्यादा बारिश होने पर मंदिर में पूजा अर्चना और दर्शन बाधित हो सकता है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जल्द इसका समाधान कराए जाने की मांग की है। कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। संस्था एलएंडटी से जुड़े टॉप के इंजीनियर इसका निर्माण करा रहे हैं, लेकिन जितना निर्माण हुआ है उसमें ही कमियां सामने आई हैं।

आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि शनिवार को हुई बारिश में रामलला के मंदिर के अंदर पुजारी के स्थान पर और उसके आगे ज्यादा पानी ऊपर छत से टपक रहा था। पानी भी भर गया था। यहां से वीवीआईपी श्रद्धालु दर्शन करते हैं। पानी निकलने की जगह पहले से ही नहीं है। एक-दो दिन में सोचकर समाधान निकाल लेना चाहिए। कहा कि मंदिर परिसर में प्रकोष्ठों में अन्य मूर्तियों की स्थापना मंदिर निर्माण के बाद साल 2025 तक किए जाने की बात बताई गई लेकिन इन सब की व्यवस्था पहले से ही सोच लेनी चाहिए। जो निर्माण हो गए हैं उन पर ध्यान भी दिया जाना चाहिए। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम मंजिल पर फर्श बनाने और वायरिंग का काम जारी है। पानी का रिसाव न हो, इसके लिए वाटर प्रूफिंग का काम सभी स्थानों पर चल रहा है। वायरिंग के कारण खंभों के पास से थोड़ा पानी आ सकता है। मैकेनिक कुछ कार्य को आधा छोड़कर चले जाते हैं। इस दौरान जब बारिश होती है तो कहीं से थोड़ा पानी आ सकता है। पानी टपकने का मामला खंभों के आसपास का ही रहा। वायरिंग के लिए लगने वाली पाइप को बंद किया जा रहा है। आगे किसी भी प्रकार से पानी आने की संभावना नहीं रहेगी।

#### 20 स्थानों पर धंसा नवनिर्मित रामपथ

पहली बारिश में ही नविनर्मित रामपथ 20 स्थानों पर धंस गया। सड़क और मिट्टी बैठने से नई डाली गई सीवर लाइन की पाइप जगह-जगह सामने आ गई। हालांकि गिट्टी की भराई करके यातायात सामान्य कर दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक रामपथ 12.94 किमी लंबा है। यह लगभग पौने आठ सौ करोड़ की लागत से बना है। रात की बारिश में 20 स्थानों पर यह धंस गया। सीवर चैंबर वाले स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। शहर के मुख्य सड़क से गली के मार्गों में बिछाई गई सीवर लाइन की दुर्दशा भी सामने आ गई।

## सीबीआई ने कई राज्यों से 5 और मामलों की जांच संभाली

नई दिल्ली, एजेंसी

**नीट-यूजी**

- ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली खत्म करने की मांग

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए एक संदर्भ जारी किये जाने पर सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि इन नये मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

#### पटना और गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

**पटना/गोधरा।** सीबीआई का एक दल नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने आठ मई को एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई टीम गोधरा पहुंची और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मिली।

## उत्तराखंड में वज्रपात से भाई-बहन की मौत

संवाददाता, खटीमा

- धान की रोपाई कर रहे थे दोनों दो भाई और मां बाल-बाल बचीं



सुमित राणा



सुहावनी

**अमृत विचार :** वज्रपात से सैजना गांव में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई। इनके दो भाई और मां बाल-बाल बच गए।

सैजना निवासी संक्रांति देवी सोमवार को अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी के साथ धान की रोपाई करने गई थीं। सुबह करीब 7:30 बजे तेज बारिश के दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सुमित सिंह राणा (20) और सुहावनी (22) की मौत हो गई। गोविंद, हरीश और संक्रांति देवी बाल-बाल बच गए। तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी अंकित सक्सेना गांव पर पहुंचे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और विधायक भुवन कापड़ी ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# लोनिवि में इस बार कहीं दर्जनों रिटायर्ड को न मिल जाए तैनाती

### लोक निर्माण विभाग में फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला की आशंका, वर्ष 2022 में मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई पर मुख्यमंत्री ने की थी कार्रवाई

अजय दयाल, लखनऊ

- पोर्टल पर दर्ज हैं रिटायर्ड अभियंताओं के भी नाम, कार्यरत को दिखाया त्यागपत्र दिया हुआ
- कोई 27 सालों से एक जिले में तो कई सालों से जमे अधिकारी के नाम ही सूची में नहीं

**अमृत विचार :** साल 2022 में लोक निर्माण विभाग उस वक्त अचानक चर्चा में आ गया था जब विभाग की ट्रांसफर सूची में एक मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। उस दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग में तमाम अनियमितताएं सामने आई थीं।

इस साल दर्जनों रिटायर्ड अभियंताओं को ही कहीं स्थानान्तरित न कर दिया जाए? ऐसे में विभाग में एक बार फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाले की आशंका है। एक तो विभाग इस बार मंत्री विहिन (जितिन प्रसाद के केन्द्रीय मंत्री बन जाने के बाद) है। ऊपर से मानव संपदा पोर्टल में भारी अनियमितताएं हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी तो यह कि पोर्टल पर ट्रांसफर होने वालों की सूची में जहां लगभग तीन दर्जन रिटायर्ड अभियंताओं के नाम हैं वहीं, उन अधिकारियों के नाम ही नहीं जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और ट्रांसफर की प्राथमिकता में आते हैं।

हालांकि पूर्व में जितिन प्रसाद के मंत्री रहते विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गई थीं। ट्रांसफर में मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी प्रकट की। जांच बैठाई और बाद में जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी। इस बार भी मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल की गड़बड़ियां समय रहते दुरुस्त कर लीं जाएं।

लोनिवि में ताजा गड़बड़ी की बात जाए तो अलग-अलग जिलों में कार्यरत ऐसे 30 इंजीनियर-अधिकारी ऐसे हैं जो विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन लोनिवि में अब भी कार्यरत दिखाए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर औरैया में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात काजी अली आसिफ इसी साल 31 मई को रिटायर हो गए, अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी रहे खुशीराम 30 अप्रैल को, सहायक अभियंता सिविल देशबंधु सिंह (आजमगढ़) 29 फरवरी, अकाउंटेंट सुरेन्द्रकांत (बलरामपुर) 31 जनवरी, सहायक अभियंता सिविल (लखनऊ) अरविंद कुमार पांडेय 31 मार्च, हेड असिस्टेंट विमला लोहानी, (लखनऊ) 31 मई, सीनियर असिस्टेंट संदीप सिंह (वाराणसी) से 26 मार्च को रिटायर हुए हैं। इसी तरह इस सूची में अन्य तमाम अधिकारियों के नाम शामिल हैं। पोर्टल में अन्य गड़बड़ियां भी हास्यास्पद हैं। एक ही खण्ड में दो-दो अधिशासी अभियंताओं की तैनाती तो वहीं कार्यरत अवर अभियंता को इस्तीफा दिया हुआ दिखाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में जिस अवर अभियंता को 27 सालों से कार्यरत दिखाया जा रहा है, उसका बैच ही 2009 का है यानि नौकरी ही अभी 15 साल की हुई है। बहरहाल, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी जहां यह कहते हैं कि गलत डेटा को सही कराने के लिए विभाग को नोटिस दिया गया है। वहीं, लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि कार्मिकों की अपलोड सूची पर आपतियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर संशोधित सूची अपलोड की जाएगी। तबादलों के बाद भी आपत्तियां ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ी तो सुधार होगा।



# वेस्टइंडीज को बाहर करके अफ्रीका सेमीफाइनल में

**टी-20 वर्ल्ड कप**

- **डकवर्थ लुईस के नियम से दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को तीन विकेट से हराया**

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था।

खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली।

चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी वेस्टइंडीज को जीत दिलाने में नाकाम रहा।



दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज तबरेज शम्सी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

## नयी टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

**नॉर्थ साउंड।** लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी-20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है। एडेन माक्रम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया। रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शम्सी ने मैच के बाद कहा कि कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे। लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती।

**03** विकेट लेकर 27 रन देने वाले तबरेज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

**22** रन की पारी तूफानी पारी खेली हेनरिक क्लासेन ने

**06** अंकों के साथ अफ्रीका ग्रुप-2 में पहले नंबर पर

**52** रन की पारी खेली वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ने

**81** रन की शानदार साझेदारी की वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स और रोस्टन ने

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.599 |
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.963 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | -3.906 |

## खेल डायरी

### अदिति व दीक्षा ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिया। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए टिकट पहले ही पक्का कर चुके हैं। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा दूसरी बार तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

### सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता

**हाले (जर्मनी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6 (8), 7-6 (2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा कि मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।

### पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता

**बर्लिन।** जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7 (0), 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा कि मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया।

### श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को चार विकेट से हराया

**हंबनटोटा।** अटापट्टू 4 व प्रियदर्शनी के 3 विकेट लेने के बाद विशमी गुणरत्ने (35) तथा हर्षिता (35) की उम्दा पारियों के दम पर श्रीलंका की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में विंडीज को चार विकेट से हराया। श्रीलंका ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। यहां राजपक्षे स्टेडियम में श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर विंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। विंडीज टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान हेले मैथ्यूज (30), आलियाह 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम ने 18.4 ओवर में छह विकेट पर 137 रन बना लिए थे।

# रोहित ने कंगारुओं को किया हिट

## शर्मा सबसे तेज शतक लगाने के रिकॉर्ड से चूके, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 206 रन का लक्ष्य

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**

भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप-एक के मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 206 रन बनाने होंगे। भारतीय टीम ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया है।

वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 92 रन की पारी खेली। वे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज सेंचुरी लगाने से चूक गए, हालांकि सबसे तेज हाफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 41 गेंदों पर 92 रन पूरे किए। 7 चौके और 8 सिक्स मारे और 224 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। एक वक्त उनका स्ट्राइक रेट 300 तक पहुंच गया था।

इसके बाद सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट लिया। हेजलवुड के अलावा हर बॉलर ने अपने ओवर्स में 10 से ज्यादा रन दिए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर कहा कि यह क्वार्टर फाइनल है, इसे लेकर उत्सुक हूं। भारत के खिलाफ चुनौती बड़ी है। हम पहले भी इस स्थिति में आ चुके हैं, अब हर मैच जीतना जरूरी है। टीम एक बदलाव है एगर की जगह स्टार्क आए हैं। वहीं, इस बार भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का क्षेत्ररक्षण बहुत ही खराब रहा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कई सारे कैच छोड़े है।



**92** रन की तूफानी पारी में रोहित ने 41 गेंदों की मदद से 8 छक्के और 7 चौके जड़े

### गेंदबाजी करना चाहता था मैं

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का कहना कि हम भी पहले गेंदबाजी करते। हम स्कोर का पीछा करना चाहते थे। हम जानते हैं कि हम वास्तव में क्या कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करेंगे। मुझे उम्मीद है कि इसमें ज्यादा बदलाव नहीं आएगा। उम्मीद है कि यह एक और ऐसा मैच होगा जिसमें हम अच्छा करेंगे। इस टूर्नामेंट में हर मैच अहम है। हम सेम टीम के साथ खेल रहे हैं। रोहित का कहना है कि विराट इस मैच में कुछ खास करेंगे हर बार की तरह इस बार ऐसा नहीं होगा।

### टी-20 विश्वकप में रोहित का सर्वोच्च स्कोर

| | |
|---|---|
| 92 बनाम ऑस्ट्रेलिया | ग्रोस आइलेट (2024) |
| 79* बनाम ऑस्ट्रेलिया | ब्रिजटाउन (2010) |
| 74 बनाम अफगानिस्तान | अबु धाबी (2021) |
| 62* बनाम वेस्टइंडीज | मीरपुर (2014) |

### टी-20 विश्व कप में भारत के लिए बड़ी पारी

101 सुरेश रैना बनाम साउथ अफ्रीका ग्रॉस, आइलेट (2010)

92 रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया ग्रॉस, आइलेट (2024)

89* विराट कोहली बनाम वेस्टइंडीज, वानखेड़े (2016)

82* विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, मोहाली (2022)

82* विराट कोहली बनाम पाकिस्तान, मेलबर्न (2022)

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 205/5 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रोहित शर्मा बोल्ड मिचेल स्टार्क | 92 | 41 | 7/8 |
| विराट कोहली कैच डेविड बो जोश | 0 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत कैच जोश बो स्टोइनिस | 15 | 14 | 1/1 |
| सूर्यकुमार यादव कैच वेड बो स्टार्क | 31 | 16 | 3/2 |
| शिवम दुबे कैच वॉर्नर बो स्टोइनिस | 28 | 22 | 2/1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 27 | 17 | 1/2 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 9 | 5 | 0/1 |

**अतिरिक्त** -06 रन, **विकेट पतन :** 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194,

**गेंदबाज :** मिचेल स्टार्क 4-0-45-2, जोश हेजलवुड 4-0-14-1, पैट कमिंस 4-0-48-0, एडम जम्पा 4-0-41-0, मार्कस स्टोइनिस 4-0-56-2।

## भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमें पेरिस ओलंपिक में

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया।

भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।

**भारतीय टीम :**

**पुरुष :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव।

**महिला :** दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत।

# बांग्लादेश रोक सकता है अफगान का सफर

**किंग्सटाउन, एजेंसी**

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।

टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



**टीमें : अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, इब्राहिम ज़द्रन, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फ़ज़लहक फ़ारूकी, फ़रीद अहमद मलिक।

**बांग्लादेश :** तनजीद हसन, लिटन दास, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तनजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, जैकर अली, तनवीर इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, सौम्या सरकार।

मैच भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे शुरू होगा।

## सफलता की नई कहानी लिख रही अफगानी टीम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** युद्ध की तबाही, बुनियादी ढांचे की कमी और अपना कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं होने के बाद भी अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व में सुपर आठ में जगह पक्की करने के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी में बनी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड 1995 में अस्तित्व में आया था।

यह देश 2001 में आईसीसी का संबद्ध सदस्य बना और इसके एक दशक बाद उसे टेस्ट खेलने का दर्जा मिला। अफगान 2017 से आईसीसी का पूर्ण सदस्य है। टीम ने टी20 विश्व कप में टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से शिकस्त देकर सुपर आठ चरण में जगह पक्की की। सुपर आठ में उसने 2021 की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

# जिम्बाब्वे दौरे के लिए गिल कप्तान

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और बुमराह को आराम दिया गया है।

जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा, जिसमें पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप में शामिल संजू और यशस्वी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। गिल और आवेश टी-20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया। नये खिलाड़ियों में अभिषेक और पराग ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की। पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक ने आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेलते हुए 484 रन बनाये जबकि राजस्थान के पराग ने 573 रन जोड़े।



**टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

# भारत की अगुआई करेगी त्रीशा और गायत्री की जोड़ी

**विश्व टूर बैडमिंटन**

**फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी**

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी।

मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है जहां उनका सामना सेई पेई शेन और हंग एन-जू की चीनी ताइपे की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

# जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), एजेंसी।** निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।



गोल करने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी हुए। ● एजेंसी

### डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी की अहम भूमिका

**नयी दिल्ली।** ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है। मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलायी। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कशमीना बाद भी यहां आयी।

# उरुग्वे ने जीत से अपना अभियान शुरू किया

**कोपा कप**

- **ग्रुप-सी में पनामा को 3-1 से दी करारी शिकस्त**
- **उरुग्वे की टीम लुईस सुआरेज के बिना उतरी थी मैदान पर**

**मियामी गार्डन्स, एजेंसी**

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल-**amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# तो कॉरिडोर नहीं शिव मंदिर क्षेत्र का होगा सौंदर्यीकरण

## यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड ने तैयार की डीपीआर, परियोजना प्रबंधक ने नगर पालिका के ईओ को पत्र भेजकर दी जानकारी


संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**अमृत विचारः** छोटी काशी के नाम से विख्यात नगर गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर के कॉरिडोर के निर्माण के स्वरूप की जो उम्मीद थी, अब वैसा बनने वाला नहीं है। दरअसल यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड की डीपीआर में अब सिर्फ शिव मंदिर परिसर का पर्यटन विकास किया जाएगा। परियोजना प्रबंधक ने नगर पालिका परिषद के ईओ को भेजे गए पत्र में लिखा है कि मंदिर को रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड से आने वाली सड़कों के जीर्णोद्धार, लाइटिंग व यात्री सुविधाओं के सृजन आदि का कार्य कराया जाएगा।

पौराणिक शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लोकसभा चुनाव की आचारसंहिता लगने से पहले 69.14 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार के द्वारा स्वीकृत किए गए तो लोगों को भव्य कॉरिडोर के निर्माण की उम्मीद बंधी थी। वहीं इसकी जद में आ रहे करीब 46 आवासीय व व्यवसायिक भवन स्वामियों और उनके परिजनों में अफरा तफरी मच गई थी। इधर, यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक की चिट्ठी सामने आने के बाद इसकी जद में आने वाले लोगों में खुशी है तो वहीं कॉरिडोर निर्माण की परिकल्पना खत्म होती नजर आ रही है। पत्र के अनुसार, स्थानीय शिव मंदिर के परिसर का पर्यटन विकास कार्य, जिसमें यात्री सुविधाओं व मंदिर परिसर के अंदर और बाहरी सड़कों के जीर्णोद्धार, लाइटिंग व रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से आने वाली सड़कों की ओर कॉरिडोर का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही मंदिरों व जलाशय के पास यात्री सुविधाओं का सृजन का कार्य कराया जाएगा। यह सभी कार्य यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड कराएगी। उन्होंने लिखा है कि इसके लिए डीपीआर और टेंडर आदि की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है और निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है।


छोटी काशी का गोकर्ण तीर्थ व शिव मंदिर। अमृत विचार

### कॉरिडोर की परिकल्पना के सवाल को टाल गए विधायक



किसी भी स्थाई अथवा अस्थाई आवासीय भवन को नुकसान पहुंचाए बगैर कॉरिडोर की परिकल्पना के सवाल को विधायक अमन गिरि टाल गए। विधायक अमन ने अमृत विचार को मोबाइल पर बताया कि भव्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जाएगा, लेकिन जब उनसे बिना निर्माण ध्वस्त कराए संकरी गलियों को कैसे चौड़ा करने की बाबत पूछा गया तो वह जल्द ही ले-आउट उपलब्ध करने की बात कहते हुए सवाल को टाल गए।

> गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में पर्यटन विकास के निर्माण कार्यों को बिना भवनों के ध्वस्तीकरण के कराया जाएगा। शिव मंदिर और गोकर्ण तीर्थ परिसर के मार्गों का निर्माण शुरू करा दिया गया है। सावन करीब होने के कारण अभी निर्माण की गति धीमी है। सावन के बाद निर्माण की गति में तेजी आएगी।
>
> -सुचित चौधरी, सूचना अधिकारी पर्यटन विभाग, लखनऊ।

### नौ धर्मशालाओं सहित 46 निर्माण ध्वस्त करने का था हल्ला, सभी पक्षकारों ने ली राहत की सांस

पूर्व विधायक अरविंद गिरि ने इस कॉरिडोर के निर्माण की कवायद सबसे पहले शुरू की थी। उनकी मृत्यु के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार के दौरान यहां पर कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की थी। उसके बाद से पर्यटन विभाग की तरफ से इस परियोजना पर काम शुरू किया गया था। बताया जा रहा था कि इसके लिए 6731 वर्ग मीटर जमीन अधिग्रहण का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। सड़कों को 20 से 25 मीटर चौड़ी करने की न सिर्फ बयानबाजी हुई, बल्कि कमिश्नर लखनऊ के भ्रमण बाद सड़कों की नपाई भी की गई थी। कॉरिडोर निर्माण के लिए 46 भवन चिन्हित किए गए थे, जिन्हें ध्वस्त किया जाना था। इससे काफी क्षति होने का हल्ला मच गया था। इसके लिए एसडीएम गोला ने 46 पक्षकारों के साथ बैठक कर उन्हें निर्णय भी सुना दिया था। इतना ही नहीं कानपुर धर्मशाला, पीलीभीत धर्मशाला, पंडित रामहंस मूलचंद धर्मशाला, महादेवा धर्मशाला, नगर पालिका धर्मशाला, बरेली धर्मशाला, अंगद धर्मशाला, गोस्वामी धर्मशाला और रामपुर धर्मशाला सहित नौ धर्मशालाएं इसकी जद में आने और इन्हें भी ध्वस्त कर भव्य कॉरिडोर बनाने की दावा शुरू हुआ तो इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई थी। इतना हल्ला मचा कि लोग अपने आवासीय कागजात खोजने और कोर्ट जाने तक की तैयारी करने लगे थी। इधर, इसी हल्ले के बाद रविवार को जब विधायक अमन गिरि ने प्रेस वार्ता में बताया कि किसी भी निजी भवन को कोई क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी और न ही किसी की रोजी रोटी छीनी जाएगी तो 46 पक्षकारों समेत सभी लोगों ने राहत की सांस ली है।

# बेसिक स्कूल के आज खुलेंगे ताले

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचारः** शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश सोमवार को खत्म हो गया। आज से इनको स्कूल पहुंचना होगा। हालांकि छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल दो दिन बाद खुलेगा। मंगलवार को स्कूल पहुंचकर शिक्षक विद्यालयों की साफ सफाई कराकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं, जिससे 28 जून का स्कूल आने पर बच्चों को गंदगी आदि से लेकर अव्यवस्थाओं का सामना न करना पड़े। जिले में बेसिक विद्यालयों की संख्या 3106 है। इनमें कक्षा एक से पांच तक के 1973, एक से आठ तक के 727 और छह से आठ तक के 406 विद्यालय हैं। इन सभी स्कूलों में पांच लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। नया सत्र शुरू होने के बाद 20 मई को ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया था। शासन ने 28 जून से स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए शिक्षकों को 25 जून यानि मंगलवार को विद्यालय पहुंचना होगा, जिससे शुक्रवार को बच्चों के स्कूल पहुंचने पर सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद के साथ गंदगी आदि न मिले। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि शिक्षकों को 25 जून को स्कूल पहुंचकर सारी व्यवस्थाएं दुरूस्त करानी होगीं, जिससे स्कूल आने पर बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बच्चों को 28 जून को विद्यालय पहुंचना होगा।

# ऑनलाइन खरीदारी के विरोध में उतरे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में इकठ्ठा हुए व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों को बताया कि 44 करोड़ से अधिक व्यापारी तरह तरह के उद्योगों में रजिस्टर्ड हैं।

सभी लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से खुदरा बाजार से जुड़े हैं। मगर, ऑनलाइन बाजार की वजह से अब रोजी रोटी पर खतरा मंडरा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक खुदरा क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ दुकानदार छोटी आदि दुकाने चलाकर जीविकोपार्जन कर सकते हैं। वहीं कई दुकानों पर कम से कम दो लोगों को रोजगार मिल रहा था, लेकिन ऑनलाइन बाजार के कारण 13 करोड़ लोगों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। ऑनलाइन खरीदारी में ग्राहक की निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल हो सकता है। इसलिए ऑनलाइन खरीदारी पर रोक लगाई जाए। इस दौरान जितेंद्र कुमार, प्रांजल शुक्ला, उबैद उल्ला खां, सुनील जायसवाल, राजीव मिश्रा, शिवम आदि मौजूद रहे।

# बदल गई अनुबंधित बस की फटी सीटें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


खबर छपने के बाद बस की सीटों पर लग गए कवर।

**खबर का असर**

- पिछले काफी दिनों से फटी सीटों पर बैठकर यात्री कर रहे थे सफर
- खबर छपने के बाद एआरएम की चेतावनी पर सही कराई गईं सीटें


गोला डिपोः फटी सीटों पर बैठकर सफर करने को मजबूर मुसाफिर

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचारः** अमृत विचार में खबर छपने के बाद गोला डिपो की बस संख्या यूपी 31 एटी/3523 की फटी सीटें ही नई नहीं हो गई, बल्कि उन पर कवर तक लग गए है। बता दें कि पिछले काफी दिनों से मुसाफिर बस की फटी सीटों पर बैठकर यात्रा कर रहे थे। सीटें फट जाने से यात्रियों को तमाम मुश्किलें होती है। इन सीटों को दुरूस्त कराने के लिए न तो बस मालिक ध्यान दे रहे थे और न ही बसों की चेकिंग करने वाले जिम्मेदार अधिकारी।

परिवहन निगम की ओर से यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए निगम की ओर से बसों की रोजाना चेकिंग कर रूट पर संचालन के लिए भेजने के निर्देश है। मगर, न तो प्रबंध निदेशक के आदेशों का पालन बस अड्डे पर होतो है और न ही रास्ते में चेकिंग के दौरान। यही वजह है कि रूट पर तमाम ऐसे बसें फर्राटा भर रहीं है, जिनकी हालत बेहद दयनीय है। हालत यह होती है कि किसी बस की सीटों पर धूल की मोटी परत जमा होती है तो किसी की सीटों से लेकर उनके कवर तक फटे होते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत नौकरी पेशा वालों से लेकर रिश्तेदारी आदि में जाने वालों को होती है। इनपर बैठने से कपड़े तक गंदे हो जाते हैं।

### जिम्मेदारों की मिलीभगत से नियमों की होती अनदेखी

परिवहन निगम से जारी निर्देशों के क्रम में हर बस की 13 बिंदुओं पर जांच करनी आवश्यक है। इनमें बस के अंदर और बाहर की सफाई से लेकर सीटों की स्थित प्राथिमकता में होती है। मगर, जिम्मेदारों की सांठगांठ के चलते फजी सीटों से लेकर गंदी बसें रूट पर फर्राटा भर रही हैं। इनकी जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

# सब्जी खरीदने आयी युवती से छेड़छाड़

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** नगर की सब्जी मंडी में अपनी मां के साथ सब्जी खरीदने गई एक युवती के साथ मनचले ने छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर उसे और उसकी मां को मारा पीटा। वहां से निकाल रहे विधायक अमन गिरि के सुरक्षा कर्मियों ने युवक को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया।

रविवार की देर शाम मिल कॉलोनी की एक युवती अपने मां के साथ सब्जी मंडी सब्जी लेने आयी थी। बताया जाता है कि शराब के नशे में धुत एक युवक ने उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर युवती और उसकी मां को मारा पीटा। इस बीच उधर से निकल रहे विधायक अमन गिरि ने मामला देखा तो उनके सुरक्षाकर्मियों ने युवक को दबोच कर पुलिस को सूचना दी। कस्बा इंचार्ज सुनील सिंह मौके पर पहुंचे और युवक को कोतवाली ले गए हैं। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी अमित मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा बताया है, जिसका चालान भेज दिया गया है।

# एनएमसी टीम पहुंची मेडिकल कॉलेज चिकित्सा सुविधाओं को लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- देवकली पहुंचकर कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी के साथ देखा भवन, परखे मानक


शहर से दस किलोमीटर दूर देवकली में बना मेडिकल कॉलेज का शैक्षिक भवन। अमृत विचार

**मान्यता मिलने पर इस सत्र से शुरू होगी पढ़ाई**

एनएमसी टीम निरीक्षण करने के बाद अपनी रिपोर्ट जारी करेगी। जिम्मेदारों को उम्मीद है कि मेडिकल कॉलेज को मान्यता मिल जाएगी। इसके बाद इसी शैक्षिक सत्र 2024-2025 से जिले में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

**अमृत विचारः** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की मान्यता को लेकर निरीक्षण करने के लिए एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) की टीम सोमवार को जिले में पहुंची। तीन सदस्यीय टीम ने मोतीपुर स्थित जिला अस्पताल और देवकली में बने मेडिकल कॉलेज के शैक्षिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, चिकित्सा सुविधा के साथ भवनों का जायजा लिया। दो दिन पहले चिकित्सा एवं शिक्षा महानिदेशक ने मेडिकल कॉलेज के शैक्षिक भवन का निरीक्षण किया था। इस बीच सोमवार को निरीक्षण के लिए टीम मेडिकल कॉलेज के शैक्षिक भवन पहुंच गई।

सोमवार को जिले में आई तीन सदस्यीय टीम ने ओयल के मोतीपुर स्थित जिला अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सकीय सुविधाओं को जायजा लेकर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली से तमाम जानकारियां ली। इसके बाद टीम देवकली के सैदापुर भाऊ में बने मेडिकल कॉलेज के शैक्षिक भवन का निरीक्षण किया। टीम ने गर्ल्स एवं ब्वॉयज हॉस्टल भवन, इनके इंर्टन हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज के शैक्षिक भवन के लेक्चर रूम, फैकल्टी आदि का विधिवत जायजा लिया। इसके बाद टीम ने भवन व अधिष्ठाता कार्यालय में दस्तावेजों की जांच की। विभागीय लोग बताते हैं कि टीम ने चिकित्सा से जुड़े सभी विभागों की अलग-अलग जांच की। इसके अलावा नियुक्त किए गए सीनियर एवं जूनियर रेजीडेंट सहित अन्य लोगों के नियुक्ति पत्र आदि की पड़ताल की।

# डिप्टी सीएम ने अस्पताल का किया उद्घाटन


कस्ता विधायक के अस्पताल का उद्घाटन करते डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मरीजों को भगवान मानकर सेवा करने की नसीहत, कस्ता विधायक का है 100 बेड का अस्पताल

**अमृत विचारः** लखीमपुर ओयल मार्ग पर सरैंया गांव स्थित 100 बेड के बीआरडी अस्पताल का डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को उद्घाटन किया। अस्पताल कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू और पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर का है। डिप्टी सीएम ने नसीहत दी कि मरीजों को भगवान मानकर उनकी सेवा करें। इलाज का खर्च कम से कम रखें। यदि किसी मरीज के पास पैसे नहीं हैं तो भी उनको बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराएं। जिले में संचालित अवैध अस्पतालों के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि अवैध रूप से एक भी अस्पताल नहीं चलना चाहिए। अस्पताल का पंजीकरण होना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि इसके लिए सीएमओ को निर्देशित किया जाएगा कि मानक के विपरीत चल रहे अस्पतालों को बंद कराएं। इस दौरान तमाम भाजपा नेता ओर स्वास्थ्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

# सिद्दीकी इलेवन को हराकर साईं बाबा हॉस्पिटल ने जीती ट्रॉफी

संवाददाता मितौली


विजेता टीम को ट्रॉफ़ी देते पूर्व ब्लाक प्रमुख रामखेलावन। अमृत विचार

- उपविजेता रही सिद्दीकी इलेवन की टीम

**अमृत विचारः** कस्बे में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। साईं बाबा हॉस्पिटल मितौली की टीम ने फाइनल मुकाबला 12 रन से जीत लिया है। सिद्दीकी इलेवन मितौली टूर्नामेंट की उपविजेता टीम रही। सिद्दीकी इलेवन के जोबन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख रामखेलावन उर्फ छोटे भैय्या ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कस्बे के खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सिद्दीकी इलेवन मितौली व साईं बाबा हॉस्पिटल टीम मितौली के मध्य 16-16 ओवर का फाइनल मैच खेला गया। सिद्दीकी इलेवन के कप्तान अफजाल सिद्दीकी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साईं बाबा हॉस्पिटल की टीम ने 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 144 रन बनाए। वहीँ साईं बाबा हॉस्पिटल की टीम से तौफीक ने 39 रन, रोहित ने 26 रन, विशाल ने 20 रन, अभिजीत ने 25 रन बनाए। वही सिद्दीकी इलेवन की और से शानदार बोलिंग करते हुए पुनीत ने 4 विकेट, जमशेद ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्दीकी इलेवन ने 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी। सिद्दीकी इलेवन की और से शोएब ने 34 रन, शीबू ने 24 रन, सरफराज ने 13 रन, अरशद ने 12 रन, जोबन ने 7 रन बनाया। वही साईं बाबा हॉस्पिटल टीम के तौफीक ने 4 विकेट, अभिजीत, सत्यम व सौरभ ने एक-एक विकेट लिया। साईं बाबा हॉस्पिटल टीम ने सिद्दीकी इलेवन को 12 रन से हराकर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की। साईं बाबा हॉस्पिटल टीम के तौफीक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तौफीक ने 39 रन बनाकर 4 विकेट लिया। वही सिद्दीकी इलेवन मितौली के जोबन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। जोबन ने टूर्नामेंट में 72 रन बनाए और 9 विकेट भी लिए। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख मितौली रामखेलावन उर्फ छोटे भैया ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी दी। डॉ आशीष गुप्ता ने मैन ऑफ का मैच का पुरस्कार दिया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मेडोलॉक्स हॉस्पिटल के संचालक डॉ अनिल राज ने दिया। इस दौरान रामखेलावन भार्गव पूर्व ब्लॉक प्रमुख मितौली, डॉ अनिल राज, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ आदेश भार्गव, डॉ शिवशरण राज, जमाल अहमद मास्टर, मुजाविर गाजी, आरिफ गाजी, निसार बंजारा, रोशन सिद्दीकी, आलोक राज आदि लोग मौजूद रहे।

## लखीमपुर वॉरियर्स ने महेवागंज इलेवन को दी शिकस्त

**संवाददाता, खीरी टाउन। अमृत विचार :** शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 का मुकाबला का चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला महेवागंज इलेवन और लखीमपुर वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें महेवागंज इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने फैसला लिया। लखीमपुर वॉरियर्स की तरफ से पारी का आगाज करने आए विराट और पीयूष शुरुआती 2 विकेट विराट और कार्तिक के गिरने के बाद लखीमपुर वॉरियर्स कुछ फंसती हुई नजर आई। अंकित और पीयूष ने अच्छी साझेदारी करके अपनी टीम को संकट से निकाला पियूष ने 37 अंकित ने 43 रन बनाए हिमांशु ने 23 अर्पित ने 33 रन बनाए जिसके चलते लखीमपुर वॉरियर्स ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 148 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी महेवागंज इलेवन की 9.4 ओवर में 50 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब अंकित को मिला।

## सार-संक्षेप

### लक्ष्मी विभाग तो अजय जिला संयोजक बने


लक्ष्मी पांडेय।


अजय पांडेय।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग के आखिरी सत्र समापन पर लखीमपुर विभाग से लक्ष्मी पांडेय को विभाग संयोजक, जबकि अजय पांडे को जिला संयोजक बनाया गया। लक्ष्मी पांडे इससे पहले जिला संयोजक, जिला छात्रा प्रमुख, प्रांत छात्रा सह प्रमुख, इनका विद्यार्थी परिषद से संपर्क 2019 से हैं। इसी क्रम में अजय पांडे को अभाविप का जिला संयोजक बनाया गया, जिनका विद्यार्थी परिषद से संपर्क 2015 से है। पूर्व में इन्होंने जिला कार्यालय मंत्री, तहसील सहसंयोजक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है।

### इंटरनेशनल ओलंपिक डे पर वरिष्ठ खिलाड़ी सम्मानित



इंटरनेशनल ओलंपिक डे पर वरिष्ठ खिलाड़ी सम्मानित। अमृत विचार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिला ओलंपिक एसोसिएशन ने सोमवार को इंटरनेशनल ओलंपिक-डे मना कर जिले में खेल को बढ़ावा देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन सचिव शारिफ तारा ने बताया कि बैठक कर भविष्य के खेल कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श हुआ। इसके तहत माह अगस्त में राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता सहित जनपद स्तरीय एथलीट मीट कराने पर विचार विमर्श हुआ। इसके बाद जिले में खेल का विकास करने के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित और प्रेरित करने में अपना जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ खिलाड़ी आलोक तिवारी एवं श्याम मूर्ति शुक्ला को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन जिलाउपाध्यक्ष राजीव राय, प्रिया दीक्षित, जसपाल सिंह पाली, पवन सिंह, संयुक्त सचिव विवेक कुमार, रमेश वर्मा, हिमांशु तिवारी, नागेंद्र के अलावा विभिन्न खेलों के सचिव एसएम आसिफ, प्रवीण सलूजा, मनजीत सिंह, जितेंद्र बरनवाल, हितेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, सुनीता यादव, किरण दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### पति को बचाने आई गर्भवती महिला की पिटाई, की छेड़छाड़

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के एक गांव निवासी गर्भवती महिला ने गांव के ही दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि आरोपी उसके पति की पिटाई कर रहे थे। वह जब बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की। उसके पेट पर लात मार दी। महिला ने बताया कि रविवार को वह अपने मकान पर टिन डालने एवं बोरिंग करवाने जा रही थी। तभी दिनेश, प्रेम प्रकाश और जय प्रकाश उसके घर के अंदर घुस आए और पति की लाठी डंडों से पिटाई करने लगे। वह पति को बचाने गई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मार पीट की। कपडे फाडने की कोशिश करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाने पर पेट पर लात मार दी, जबकि वह गर्भ से है। आस पडोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंच गई। तब जाकर उसकी जान बच सकी। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार सवारों ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर चालक को पीटा

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** चुनावी रंजिश के चलती कार सवारों ने कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में ओवरटेक कर एक ट्रैक्टर रोक लिया और उसके चालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने चालक की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल चालक को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव खैरटिया निवासी कुलविन्दर सिंह उर्फ लाडी ने बताया घटना रविवार की है। वह शाम करीब छह बजे खैरटिया में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से रुपए निकलवाने अपना ट्रैक्टर लेकर गया था। ग्राहक सेवा केंद्र के पास पहुंचा। तभी सतनाम सिंह, गुरजन्द सिंह, जसकरन सिंह, प्रभुजोत सिहं निवासी मंझरा पूरब थाना पढ़ुवा व अंग्रेज सिंह सिंह निवासी कश्यपनगर तिकुनिया ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर के सामने कार लगा दी और ट्रैक्टर रोककर गाली गलौज करने लगे। गालिया देने का विरोध किया तो लात-घूसों व लाठी-डण्डों से बेरहमी से मारा-पीटा जान से मारने की धमकी दी। धारदार हथियार से भी प्रहार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल ने सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ, बलवा मारपीट आदि धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### आम के पेड़ से लटकती मिली युवक की लाश

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** थाना मझगईं क्षेत्र के गांव कंधईपुरवा निवासी 40 वर्षीय ईदी का शव संदिग्ध हालात में आम के पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार वालों के अनुसार, ईदी का रविवार की देर शाम को पत्नी केसरजहां से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के थोड़ी देर बाद ईदी घर से निकल गया। गांव के पश्चिम गड्डी तालाब के किनारे घनश्याम के खेत में लगे आम के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह होने पर लोगों को ईडी का शव पेड़ से लटका मिला। घर पर पहुंची ईदी के शव के पेड़ से लटके होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

### तहसीलदार ने किया बाढ़ कटान क्षेत्र का निरीक्षण


बिजुआ क्षेत्र में बाढ़ कटान का निरीक्षण करते तहसीलदार सुखवीर सिंह।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** तहसील अंतर्गत बिजुआ ब्लॉक में शारदा नदी के बाढ़ क्षेत्र में कटान प्रभावित गांवों का तहसीलदार ने निरीक्षण कर ग्रामीणों की दिक्कतों को जाना है। तहसीलदार सुखवीर सिंह ने शारदा नदी की बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्राम करसौर, छैरासी सहित नदी के पड़ोस के अन्य ग्रामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी दिक्कतें सुनी। उन्हें समय से राहत देने और 24 घंटे सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उसके बाद पूजागांव स्थित बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर कटान रोकने के लिये की जा रही व्यवस्थाएं देखी।

### पलिया ताइक्वांडो एकेडमी में बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम आयोजित


बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ी। अमृत विचार

**संवाददाता पलिया कलां। अमृत विचार :** पलिया ताइक्वांडो एकेडमी ने श्रीरामलीला मैदान में कलर बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी सहित कई मेहमान व अभिभावक मौजूद रहे। उन्होंने अधिरा मौर्या, अस्तुति मौर्या, आरुष मौर्या, सोयम गुप्ता, रवनीत कौर, मनिंदर सिंह, वीर सक्सेना, मयंक भास्कर, अग्रिमा मौर्या, पूर्वीत खन्ना को येलो बेल्ट, तथा अविका भास्कर, विश्वनाथ अरोड़ा, अग्रिमा जायसवाल को ग्रीन बेल्ट व यशस्विनी नाग, शाम्भवी नाग, श्रन्या गुप्ता, अविरल मौर्या, भाव्या गुप्ता, वरदान गुप्ता, देवांशी वर्मा, सचिन पांडेय, अयति पांडेय, शिवानी पाल, शौर्या गुप्ता, अव्यांश गुप्ता, स्तव्य बंसल, चंदर प्रकाश मिश्रा को ग्रीन वन बेल्ट, आन्या प्रजापति को ब्लू बेल्ट, अर्जित सिंह, अभिनव मौर्या को रेड बेल्ट, गुनीत वालिया को रेड वन बेल्ट पहनाकर व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। पलिया कोच अरुण तिवारी ने खिलाड़ियों को और अधिक परिश्रम व अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम को लखीमपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, कल्पना झा, चंदन निषाद, करण कुमार आदि ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# दरोगा ने भाजपा नगर महामंत्री को जड़े थप्पड़, सिपाहियों ने भी पीटा

## नाराज कार्यकर्ताओं ने घेरी सदर कोतवाली, धरने पर बैठे, देर रात तक चला हंगामा


कोतवाली सदर के बाहर एकत्र भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार


कोतवाली सदर में धरना देते भाजपा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के मेला मैदान चौराहे पर रविवार की देर रात कार्यकर्ता से विवाद की सूचना पर पहुंचे भाजपा नगर महामंत्री और पुलिस के बीच तीखी नोंकझोक हो गई। इस दौरान दरोगा ने नगर महामंत्री को थप्पड़ जड़ दिए। इसकी जानकारी होते ही भाजपाइयों में रोष पनप गया। बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता सदर कोतवाली पहुंच गए। घेराव कर हंगामा करते हुए कोतवाली परिसर में ही धरने पर बैठ गए। सीओ सदर के कारवाई का आश्वासन देने पर लोग शांत हुए। एसपी ने आरोपी दरोगा को लाइनहाजिर कर दिया है।

शहर की गढ़ी रोड निवासी सूर्य प्रकाश मिश्र भाजपा नगर महामंत्री हैं। उन्होंने बताया कि रविवार की रात करीब 10:30 बजे की है। भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप गुप्ता ने उन्हें बताया कि ओवरटेक करने को लेकर मेला मैदान में उनका किसी से विवाद हो गया है। आरोपियों के पास असलहे हैं। उन्होंने इसकी सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी और अपने भाई विनय मिश्र और कपूर यादव के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच दरोगा अब्दुल आलम खान सिपाहियों के साथ मौके पर आ गए। पुलिस उल्टे ही कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता करने लगी, जिसका उन्होंने अपना परिचय देते हुए विरोध किया। इस पर भड़के दरोगा ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिए। सिपाही सलमान, तरन्नुम, असलम व दो अज्ञात सिपाहियों ने भी उनके साथ मारपीट की। उनका चश्मा तोड़ दिया और जीप में डाल लिया। इसकी जानकारी जब कार्यकर्ताओं को हुई तो बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सदर कोतवाली पहुंच गए। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव कर लिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। तमाम कार्यकर्ता कोतवाली परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इस पर पुलिस ने नगर महामंत्री को छोड़ दिया। आक्रोशित कार्यकर्ता आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और निलंबन की मांग करने लगे। भारी बवाल की सूचना पर एएसपी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भाजपा नगर महामंत्री से वार्ता की। उन्हें आरोपियों के खिलाफ कारवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर आधी रात के बाद मामला शांत हो सका। पीड़ित भाजपा नगर महामंत्री ने आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

> मेला मैदान में मारपीट की सूचना पर पुलिस गई थी। जहां पर भाजपा नगर महामंत्री और दरोगा के बीच वार्तालाप के दौरान विवाद हो गया था। दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।
> –रमेश कुमार तिवारी, सीओ सदर

## सरेराह महिला के कुंडल नोचे

**बेहजम, अमृत विचार:** थाना नीमगांव की पुलिस चौकी बेहजम क्षेत्र के भूलनपुर के पास सरेराह महिला से उचक्के ने कुंडल नोच लिए। घटना की जानकारी कुंडल नोचने का वीडियो वायरल होने के बाद लगी। बता जा रहा है कि घटना शनिवार रात आठ बजे की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर मिलने से इनकार किया है।

थाना फरधान क्षेत्र के गांव रामपुर गोकुल निवासी ऊषा देवी के पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और कुंडल नोचकर फरार हो गए। महिला सड़क पर गिरकर जख्मी भी हो गई। इससे बेहजम पुलिस चौकी की गस्त की भी पोल खुल गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि पीड़िता थाने नहीं आई, जिससे घटना की जानकारी नहीं है।

# बकायेदारों ने राजस्व टीम को पीटा

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र में बकाया वसूली करने गई राजस्व टीम पर बकायेदार ने अपने साथियों के साथ हमला कर दिया। हमलावरों ने नायब तहसीलदार, संग्रह अमीन और होमगार्ड की जमकर पिटाई कर दी। हंसिए से वार किए। इससे तीनों घायल हो गए। पुलिस ने संग्रह अमीन की तहरीर पर एक युवक को नामजद कर 8-10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सोमवार को धौरहरा तहसील के नायब तहसीलदार शशांत शेखर संग्रह अमीन पंकज कुमार वर्मा और होमगार्ड रूप कुमार शुक्ला के साथ बकाया वसूलने थाना खमरिया के गांव बेलवा मोती गए थे, जहां अमीन से बकायेदार ब्रजकिशोर से बकाया 50,193 जमा करने को लेकर विवाद हो गया। बताते हैं कि दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी, जिसका नायब तहसीलदार और होमगार्ड ने विरोध किया। आरोप है कि इस पर भड़के ब्रजकिशोर ने अपने 8-10 साथियों के साथ टीम पर हमला बोल दिया और जमकर पिटाई करने लगे। आरोप है कि इस दौरान हंसिए से भी वार किए। हमलावरों की पिटाई से होमगार्ड रुप कुमार शुक्ला को बेहोश हो गया। नायब तहसीलदार समेत तीनों कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने धमकी दी कि दुबारा दिखाई दिये तो हत्या कर लाश नदी में फेक देंगे। संग्रह अमीन की जेब में रखे 250 रुपए भी लूट लिए। किसी तरह से टीम ने भागकर जान बचाई और डीएम, एसपी के साथ ही खमरिया पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सीओ समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। संग्रह अमीन की तहरीर पर बृजकिशोर को नामजद कर 8-10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


पंकज कुमार वर्मा, संग्रह अमीन।


रूप कुमार शुक्ल, होमगार्ड।

> संग्रह अमीन की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। जल्द ही नामजद समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> –पीपी सिंह, सीओ– धौरहरा

## सोशल ऑडिट में फर्जी हस्ताक्षर कराने पर जताई आपत्ति

**संवाददाता, मूड़ा सवारान। अमृत विचार :** ब्लाक बांकेगंज के गांव भैठिया में सोमवार को हुई सोशल ऑडिट की बैठक में फर्जी हस्ताक्षर कराने पर आपत्ति जताई गई। ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और ऑडिट कर ऑडीटर निकल गए। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की पारदर्शिता को लेकर प्रदेश सरकार सोशल ऑडिट करा रही है। प्रत्येक वर्ष में कराए गए विकास कार्यों का सोशल ऑडिट ग्राम पंचायत में गांव के संभ्रात लोगों के बीच में बैठकर विकास कार्यों की समीक्षा करनी होती है। इसी के तहत यहां 21 जून से सोशल ऑडिट सर्वे किया जा रहा है। सोमवार को विकास कार्यों को जनता के सामने रखकर उसे सार्वजनिक करना था। ग्रामीणों के अनुसार, कार्यवाही रजिस्टर पर पहले से ही कुछ लोगों के हस्ताक्षर करा लिए गए थे। गांव वालों ने विरोध किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और ऑडिट की खानापूर्ति कर दी गई।

## मारपीट में दो पर नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के वनभल्लिया गांव के एक युवक ने पड़ोसियों पर रंजिशन मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए दो के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम वनभल्लिया निवासी रामनरेश पुत्र सुंदरलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 22 जून को पड़ोसी अनूप, प्रदीप पुत्रगण सुंदरलाल ने रंजिशन एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे और उसके भाई कृष्णकुमार को लात घूसों और लाठी डंडों से मारा पीटा। पुलिस ने दोनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की।

# बाढ़ पीड़ितों से मिलीं परियोजना निदेशक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करती पीडी।

**▸▸ कलेक्ट्रेट में बैठक कर बाढ़ राहत बचाव कार्य की ली जानकारी**

**अमृत विचार:** राहत आयुक्त लखनऊ कार्यालय की परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने सोमवार को जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले परिवारों से मुलाकात कर उनके पुनर्वास के लिए अन्यत्र स्थायी, अस्थायी स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ विचार विमर्श किया। बैठक में एडीएम ने गत वर्षों में बाढ़ और कटान की स्थिति बताई।

पीडी के सवाल पर ईई शारदा नगर खंड शोभित कुशवाहा ने बताया कि दोनों बधों के बीच की दूरी आठ किमी है। आईआईटी रुड़की ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट शासन को दी है। इसके अलावा एसडीएम सदर, गोला एवं निघासन से उनकी तहसील के सर्वाधिक एवं पहले प्रभावित होने वाले गांव के बारे में विस्तार से वार्ता कर बाढ़ प्रभावितों के पुनर्वास के लिए किए गए प्रयास और जिला प्रशासन की रणनीति जानी। बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम, जिला अग्निशमन अधिकारी, ईई (पीडब्ल्यूडी) अनिल यादव, ईई (बाढ़ खंड) अजय कुमार, एसडीएम सदर अश्विनी सिंह, एसडीएम गोला विनोद गुप्ता, एसडीएम निघासन राजीव निगम, एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार, बीएसए प्रवीण तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नेकी की दीवार ने विद्यालय प्रांगण में कराया पौधारोपण

**संवाददाता, कुकरा। अमृत विचार :** नेकी की दीवार संस्था ने पूरनपुर के पब्लिक इंटर कॉलेज में एसडीएम से पौधारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया हैं। कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी के नेतृत्व में पब्लिक इंटर कॉलेज में पूरनपुर के एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, गुरुद्वारा सिंह सभा, एक्सिस बैंक के मैनेजर रचित रस्तोगी, सुखदेव सिंह के साथ विद्यालय के प्रांगण में जामुन, पीपल, आम, नीम, बेल, यूकेलिप्टस आदि का पौधरोपण कराया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह, पूर्व प्रधान सरदार बलजीत सिंह खैरा ने संस्था के पौधारोपण अभियान में भरपूर योगदान देने की बात कही। पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गौतम, नेकी की दीवार के संस्थापक अध्यक्ष गुरमेल सिंह, कपिल कक्कड़, संतराम विश्वकर्मा, अमनदीप सिंह, रामनरेश शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


पूरनपुर के पब्लिक इंटर कॉलेज में पौधारोपण करते एसडीएम। अमृत विचार

### इंडिया गठबंधन को अल्पसंख्यक वर्ग का एकतरफा वोट

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव रजमुद्दीन शाह ने प्रेसवार्ता आयोजित की। उन्होंने कहा कि सीएसडीएम और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को अल्पसंख्यक वर्ग का एकतरफा वोट मिला है, वहीं पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला चेयरमैन यूसुफ खान ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार जताया। कैप्टन मोनिस अली नक़वी ने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का अधिकांश हिस्सा भाजपा के साथ गया और  मात्रा में वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीपक बाजपेयी ने कहा कि सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने एवं राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी के एजेंडे पर गरीब सवर्णों के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं आगामी दिनों में चलाएगी। इस दौरान अनुसूचित जाति/ जनजाति के जिलाध्यक्ष रामजीवन राज, इम्तियाज अली खान, अब्दुल क़वी, आमिर नकवी आदि रहे।


प्रेस वार्ता को संबोधित करते अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव रजमुद्दीन शाह।

### भोलेनाथ के मंदिर को टीन शेड से बनाया जा रहा छायादार

**संवाददाता, केशवापुर। अमृत विचार :** हैदराबाद थाना की पुलिस चौकी ढकवा में आरक्षी अरविंद कुमार फौजी के नेतृत्व में छह माह पूर्व लोगों के सहयोग से निर्माण किया गया था, जिसमें छाया के लिये पुन : आरक्षी अरविंद कुमार फौजी ने टीन शेड डलवाने व सौंदर्यीकरण का वीणा उठाया है। मंदिर निर्माण में लोगों के साथ ढकवा चौकी के पूरे स्टाफ का विशेष सहयोग है। पिछले सावन के सभी सोमवारों को केशवापुर में कावड़ियों को ठंडा पानी, घायलों को मरहम पट्टी बांध कर मानवता की मिसाल बने थे, जिसके लिए लोगों ने ढकवा पुलिस को सम्मानित भी किया था।


भोलेनाथ के मंदिर पर डाली जा रही टीन शेड। अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**NOTICE**

I, Harshit Pathak, have lost my original marksheet of third and fourth semester of B.Tech year 2022.(Roll number-A7104120014) issued from Amity university, Lucknow. If found please contact: 6201189030.

**सूचना**

मैं **मजहर बेग** (MAJHAR BEG), **निवासी :– मुतक्कीपुर, अल्लूनगर, डिगुरिया, लखनऊ – उत्तर प्रदेश** –226020 का नाम पासपोर्ट पर (MAJAHAR BEG) व जन्मतिथि 10–12–1988 लिखी हुई हैं, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में नाम (MAJHAR BEG ) व जन्मतिथि 12–12–1991 हैं, भविष्य में मेरा नाम (MAJHAR BEG) व जन्मतिथि 12–12–1991 ही रहेगी ।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रियासत पुत्रवधु मुस्कान के कुकृत्यों गलत आचरण से परेशान होकर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किए गए लेन–देन व कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **नफीसा बानो पत्नी सौकत अली निवासी फेमश मैदान मो0 नौरंगाबाद लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

सूचित करना है कि एसबीआई में मेरा जयदेवी पत्नी बलराम के नाम से खाता संख्या 31863150919 है। जबकि मेरे आधार नंबर 678922676130 में मेरा नाम बिट्टू पत्नी बलराम अंकित है। बिट्टू व जयदेवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **बिट्टू उर्फ जय देवी पत्नी बलराम निवासिनी ग्राम–192 ए स्कूल ब्लाक पांडव नगर लक्ष्मीनगर पूर्वी दिल्ली।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राहुल अवस्थी पुत्र  विनोद अवस्थी दर्ज  है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में पिता का नाम विनोद कुमार अवस्थी दर्ज है जो सही है। अत: अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। **राहुल अवस्थी पुत्र विनोद कुमार अवस्थी निवासी–बेलामऊ कलां तहसील व जिला–सीतापुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम हमजा हसन HMZA HASAN था। अब मैंने  अपना नाम हमजा अंसार HAMZA ANSAR रख लिया है। मुझे भविष्य में हमजा अंसार HAMZA ANSAR के नाम से ही जाना जाए। **हमजा अंसार पुत्र हाजी अंसार अहमद, निवासी– 279/D भीमसेन मंदिर के सामने वाली गली, आगरा रोड, मैंनपुरी।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम Balvender Singh से बदलकर Balvinder Singh s/o Gurcharan Singh कर लिया है मुझे अब इसी नाम से जाना जाए। **निवासी भूपनगर जिला लखीमपुर खीरी यू० पी०**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मैं रामकुमार पुत्र बैजनाथ निवासी मधुपुरी थाना भदोखर का रहने वाला हूं। मेरा बड़ा बेटा सुधीर कुमार अक्सर शराब पीकर अभद्रता करते हुए मारता पीटता और सामाजिक रूप से अपमानित करता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में बड़े बेटे सुधीर कुमार के किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा स्नातकोत्तर (PG) की प्रथम, द्वितीय, तृतीय चतुर्थ सेमेस्टर का अंकपत्र, स्नातकोत्तर डिग्री तथा स्वर्ण पदक प्रमाण पत्र, जिन सभी का अनुक्रमांक 192303 वर्ष 2021 है। जिसकी मूल प्रति घर बदलते समय साउथ सिटी लखनऊ में कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **पूजा पुत्री हंसराज, निवासी पूरे रिखपाल सिंह, डेहरियावाँ, अमेठी, तहसील– सदर, उत्तर प्रदेश– 227806**

**सूचना**

दिनांक 22.6.2024 को मैं अपने उपरोक्त आवास दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या एस.एस.–306 क्षेत्रफल 448.6 वर्ग मीटर स्थित मोती झील योजना, वार्ड मालवीय नगर, लखनऊ के दस्तावेज को लेकर फोटोकॉपी कराने हैदरगंज चौराहे के पास जा रहा था कि रास्ते में कहीं मेरे उपरोक्त भवन का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, कहीं खो गया है जो काफी ढूंढने के बावजूद भी प्राप्त नहीं हो सका है। जिसकी सूचना उ0प्र0 पुलिस के पोर्टल पर क्र0 20240000533499 दिनांक 23.06.2024 को दर्ज कराई जा चुकी है।
ओंकार नाथ उपाध्याय पुत्र स्व0 पुत्तुलाल निवासी–एस.एस.–306, स्थित मोती झील योजना, वार्ड मालवीय नगर, लखनऊ



## नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ–खीरी

पत्रांक :– मेमो/2024–25 दिनांक : 24.06.2024

**ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन रूल्स–2016 के अनुपालन एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखे जाने हेतु शहरवासियों से अपील**




**बल्क बेस्ट जेनरेटर इकाईयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु।**

- ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबन्धन नियम–2016 दिनांक 08.04.2016 से अधिसूचना जारी है, जिसके अन्तर्गत एक दिन में 100 कि0ग्रा0 व अधिक ठोस अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित/ उत्पन्न करने वाली संस्थायें व इकाईयां जैसे–होटल,/रेस्टोरेंट/विवाहघर/हास्पिटल/कालेज/विश्वविद्यालय/रेजिडेंस/कैन्टीन/वेल्फेयर एसोसिएशन/सब्जी मण्डी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण/प्रोसेस हेतु आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/आर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना आवश्यक है।
- समस्त प्रतिष्ठानों के प्रबन्धकों से अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिष्ठानों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स–2016 के अन्तर्गत आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/ऑर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना सुनिश्चित करें। नगर पालिका द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि उक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स–2016 का अनुपालन नही पाया जाता है तो नगर पालिका द्वारा प्रख्यापित उपनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**कूड़े को खुले में डम्पिंग न किये जाने/कूड़े को न जलाये जाने, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हेतु।**

- नगर पालिका गोला गोकर्णनाथ नगर क्षेत्र से जनित कूड़े के निस्तारण हेतु  बने कूडा निस्तारण केन्द्र कोटवारा में टामल द्वारा कूडा अलग–अलग किया जाता है, एवं एम0आर0एफ0 प्लांट सुव्यवस्थित एवं संचालित है।
- मा0 न्यायालय में योजित रिट पीटिशन (सिविल) संख्या–13029/1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य एवं प्रमुख सचिव नगर विकास के आदेश के क्रम में नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा कूड़े में आग लगाकर उसे जलाया न जाए।
- किसी के द्वारा ऐसा करना पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध रू0 5000/– का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत मलवा निस्तारण का कार्य।**

- नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ नगर क्षेत्र के समस्त भवन एवं भू–स्वामियों से अपील की जाती है कि वे अपने भवनों की मरम्मत अथवा नये भवन के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलवा (C&D Waste) को सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके।
- निर्माण एवं विध्वंसक सामग्री के निस्तारण हेतु नगर पालिका के टोल फ्री न0 1533 या मो0 नम्बर 9264962515 पर सम्पर्क करें। उक्त कार्य हेतु पालिका द्वारा 500 रूपये प्रति टन दर से यूजर चार्ज लिया जायेगा।
- नगर क्षेत्र के किसी भी भू–स्वामी/ठेकेदार/दुकानदार द्वारा सार्वजनिक स्थल एवं सड़क पर निर्माण एवं विध्वंसक सामग्री एकत्र किया जाता है तो यह कृत्य (C&D Waste Management Rules-2016,Environmental Protection Act& National Green Tribunal) नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश/आदेश का उल्लघंन है, जिस हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका समस्त उत्तर दायित्व निर्माण एवं विध्वंसक सामग्री उत्सर्जक का होगा।

**खुले में शौच/यूरिनल न किये जाने हेतु।**

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र को ओ0डी0एफ प्लस घोषित किया जा चुका है।
- नगर पालिका क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे शौच/यूरिनल के लिये घरों में स्थित शौचालय/यूरिनल अथवा नगर पालिका द्वारा निर्मित सामुदायिक या सार्वजनिक शौचालय/यूरिनल का  उपयोग करें। खुले में शौच/यूरिनल न करे।
- नगर पालिका के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच/यूरिनल किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्व स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 200 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

**फीकल स्लज के निस्तारण हेतु**

- समस्त नगरवासियों से अपील की जाती है कि फीकल स्लज (सेप्टिक टैंक से निकलने वाला मल) को खुले में या किसी भी स्थान पर डालना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
- **फीकल स्लज के निस्तारण हेतु** पालिका मे निर्धारित शुल्क जमा कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है तथा नगर क्षेत्र में 4 निजी फर्मों को भी सम्बन्धित कार्य हेतु पंजीकृत किया जा चुका है जो कि अपने अनुसार निर्धारित शुल्क प्राप्त कर कार्य किया जाता है।
- यदि पलिका द्वारा संचालित सीवर सेक्शन मशीन चालक अथवा निजी फर्मों/व्यक्तियों के द्वारा नदी, तालाब, नाले या सार्वजनिक खुले स्थानों पर सीवर सेक्शन मशीन/अन्य संसाधनों से खुले में मल आदि बहाया/ फेंका जाता है तो उसके विरूद्व ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन नियम–2016 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये 5000/– का जुर्माना वसूला जायेगा।
- समस्त सीवर सेक्शन मशीन चालक सेप्टिक टैंक की सफाई से निकले मल/कीचड़ को पालिका द्वारा निर्धारित स्थान (faecal sludge Treatment Plant) मझरा फार्म, लखीमपुर में ही डालना सुनिश्चित करे।
- अधिक जानकारी हेतु नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के टोल फ्री न0 1533 अथवा मो0 न0 9264962515 पर सम्पर्क कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गोला गोकर्णनाथ

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गोला गोकर्णनाथ–खीरी

# हरी सब्जियों में महंगाई की मार गरीब की थाली से हुईं गायब

## मौसम की मार का असर, किसानों की फसलें झुलसने से पैदावार में आई कमी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी के दिनों में हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस साल पारा हाई रहा। जिस कारण किसानों की फसल समय से पहले झुलस गई और सब्जी की पैदावार कम हो गई। वहीं बाहर से आने वाली सब्जी ढुलाई के कारण महंगी बेची जा रही है। इस समय हरी धनिया, अदरक, मिर्चा के अलावा हरी सब्यिों के दाम बढ़ने के कारण दाम सुनकर लोगों को करंट सा लग रहा है।

भीषण गर्मी पड़ने के कारण कारण सब्जियों की पैदावार कम हुई है। वहीं कुछ किसान ने कोल्ड स्टोरेज में सब्जियों को रख दिया है। जिस कारण सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं आलू भी महंगे दामों में बिक रहा है। जिससे आम आदमी की थाली का बजट बिगड़ता जा रहा है। वहीं हरी सब्जियों को देखा जाये तो धनिया एक ऐसी सब्जी है। जो हर सब्जी में डाली जाती है लेकिन धनिया का भाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सौ रूपये किलो बिकने वाली धनिया वर्तमान समय में तीन सौ रूपये किलो बाजारों में बिक रहा है। जिससे अधिकांश लोग धनिया की ओर देख तक नहीं रहे हैं। इस समय बाजार में हरी सब्जियों में लौकी, तरोई, कद्दू, भिंडी, घुइंया, कटहल, धनिया, हरी मिर्च, टिंडा, शिमला मिर्च आदि बाजार में उपलब्ध हैं लेकिन सभी के भाव बढ़े हुये हैं। वहीं सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अधिक गर्मी पड़ने के कारण सब्जी की पैदावार कम हुई। बाहर से आने वाली सब्जी डीजल महंगा होने के कारण उसके भाव आसमान छू रहे हैं। वहीं कुछ किसानों की सब्जी की फसल समय से पहले झुलस गई। जिस कारण सब्जी के दाम बढ़े हुये हैं।


सब्जी मंडी में लगी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

### दाल के भी भाव बढ़े

- हरी सब्जी, टमाटर के बाद अब अरहर की दाल के भी भाव बढ़ रहे हैं। इस समय अरहर की दाल डेढ़ सौ रूपये किलो के ऊपर बिक रही है। जिससे लोगों की थाली से दालें भी गायब हो रही है।

### सब्जियों के भाव

| सब्जी | रेट प्रति किलो |
|---|---|
| टमाटर | 40 |
| हरी मिर्च | 100 |
| अदरक | 200 |
| परवल | 120 |
| शिमला मिर्च | 120 |
| धनिया | 300 |
| लौकी | 40 |
| कद्दू | 40 |
| कटहल | 40 |
| टिंडा | 140 |

## हत्यारोपी किशोर को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की हत्या कर दी गई थी। जहां पुलिस ने हत्या में शामिल पिता पुत्र को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं सोमवार को पुलिस ने हत्या में शामिल किशोर को गिरफ्तार किया है। बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की 14 जून की दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। वहीं पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राहुल, कमलेश, कमला व एक अन्य के अलावा एक किशोर समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। 16 जून को पुलिस ने हत्या में शामिल हत्यारोपी उद्दा खेड़ा निवासी राहुल और कमलेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिये दबिशे दे रही थी। सोमवार को एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने हत्या में शामिल किशोर को गिरफ्तार किया। जहां इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया गया है।

## केबल बदली, फीडर की बहाल हुई बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज सबस्टेशन से शक्तिनगर फीडर व पश्चिमी क्षेत्र मिश्रा कालोनी को विद्युत आपूर्ति की जाती है। भूमिगत फाल्ट होने के कारण वैकल्पिक तौर पर विभाग इन क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति कर रहा था, अब विभाग ने भूमिगत पड़ी केबल को बदलकर नई केबिल डालकर शक्ति नगर फीडर की विद्युत आपूर्ति शुरू करा दी है। जिससे अब कम फाल्ट होंगे।

भूमिगत पड़ी एचटी लाइन में फाल्ट होने के कारण शक्तिनगर फीडर की बिजली आपूर्ति प्रभावित चल रही थी। विभाग ने वैकल्पिक तौर पर शुक्लागंज सबस्टेशन से दूसरी लाइन के सहारे फीडर की विद्युत आपूर्ति करवा रहा था, जिस कारण ओवरलोड होने के कारण ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई थी। जिससे लोगों को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही थी। जिसे देखते हुये सोमवार को एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई विष्णु तिवारी, अक्षय तिवारी की मौजूदगी में पॉवर हाउस से स्टैंडबाई केबिल हटाकर नई केबिल एचटी पोल तक डाली गई, साथ ही मरहला चौराहा पर लगे पोल से कनेक्शन जोड़ा गया। जिससे अब इस फीडर में फाल्ट की समस्या कम होगी। वहीं उन्होंने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था होने के कारण कई जगह तार खुले पड़े थे। जिससे खतरा बना हुआ था। उसे हटाकर नई केबल डाली गई है।


नई केबल डालने का काम करते बिजली कर्मी। अमृत विचार


ब्रहम नगर में केबल डालने का काम करते कर्मचारी।

### केबल डालने के चलते 6 घंटे गुल रही ब्रह्म नगर की बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के ब्रहम नगर मोहल्ले में सोमवार को नई एबीसी लाइन डालने का काम किया गया। जिस कारण क्षेत्र की सुबह से शाम तक बिजली गुल रही। वहीं फीडर दो में अधिक लोड पड़ने के कारण ट्राली दगने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। नगर के ब्रहम नगर मोहल्ले में सोमवार को कार्यदायी संस्था द्वारा नई एबीसी केबिल डालने काम किया गया। जिस कारण कर्मचारियों ने दोपहर 12 बजे शटडाउन लिया और जर्जर केबिलें उतरवाईं। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डालने का काम शुरू कराया गया। कार्य के चलते शाम छह बजे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। वहीं बिजली न आने से लोग परेशान हो गए।


बैठक में मौजूद विधायक व अन्य। अमृत विचार

## बैठक में 2.90 करोड़ के प्रस्तावों पर लगी मुहर

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत की बैठक सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। बैठक में विकास कार्य के एक सैकड़ा से अधिक प्रस्ताव रखे गए। सभी प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। बता दें कि विकासखंड फतेहपुर चौरासी कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को लम्बे समया के बाद क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में मार्ग व्यवस्था, नाली खड़ंजा के साथ स्वास्थ्य व पेयजल के मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों द्वारा विकास कार्यों के कुल 120 प्रस्ताव रखे गए। जिनकी अनुमानित लागत 2.90 करोड़ आंकी गई है। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने सदस्यों का आभार व्यक्त किया। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार, सहायक विकास अधिकारी अनिल राणा, सभी ग्राम सचिव शामिल हुए।

## चोरी की योजना बनाने में जेल भेजने का आरोप

**पुरवा।** कस्बे के मोहल्ला जोतपुर निवासी मजदूर सहदेव के घर में बीती 21 जून की रात कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखा लाउड स्पीकर, पंखा व गृहस्थी का सामान चोरों ने पार कर दिया था। सहदेव ने मोहल्ले के इस्माईल व सहबान पर शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों को थाने लाई थी। लेकिन, पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाए चोरी की योजना बनाना दिखाकर उन्हें सोमवार को जेल भेज दिया। जबकि, पीड़ित सहदेव ने बताया कि पुलिस ने दोनों को पकड़ने व लाउड स्पीकर व पंखा बरामद होने की जानकारी दी थी। वहीं पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट न दर्ज कर चोरी की नीयत दिखाकर जेल भेजने से लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी चोरी की योजना बना रहे थे। जिन्हें जेल भेजा गया है।

## प्रधान के घर पर दबंगों ने बोला धावा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के मझरा पीपर खेड़ा गैर एहतमाली के प्रधान के घर के बाहर सोमवार सुबह गांव के कुछ दबंग युवक पहुंचे और मारपीट करने लगे। इस दौरान प्रधान पुत्र ने फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कुछ युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मझरा पीपर खेड़ा गैर एहतमाली के प्रधान उदयराज रावत के बेटे रंजीत यादव ने चौकी पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि सोमवार सुबह वह घर पर था, तभी गांव के करीब आधा दर्जन दबंग उनके घर पर चढ़ आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा। इतना ही नहीं हवाई फायरिंग भी दी। फायरिंग होने से गांव में दहशत फैल गई। वहीं मारपीट होता देख ग्रामीण दौड़े। जहां लोगों को आता देख युवक अपनी बाइकें छोड़कर भागने लगे। जिस पर ग्रामीणों ने कुछ युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों को हिरासत में लिया है। इस बावत चौकी प्रभारी विमलकांत गोयल ने बताया कि तहरीर मिली है। फायरिंग जैसी घटना नहीं हुई है। वहीं प्रधान ने बताया कि कुछ दिन पहले इन्हीं युवकों ने उनके बेटे पर जान लेवा हमला किया था। जिस पर दलित उत्पीड़न, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिये दबंगों ने घर पर चढ़ाई की है।


घटना के बाद प्रधान के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- प्रधान पुत्र ने फायरिंग करने का भी लगाया आरोप

## वेल्डिंग की दुकान में हुआ धमाका, एक की मौत

संवाददाता,बिछिया उन्नाव

- पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिछिया बाजार में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिछिया बाजार में दुकान के पीछे जोरदार धमाके के साथ आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर दो युवक गंभीर रूप से झुलस गये। बाद में एक की मौत हो गई। चर्चा है कि दुकान के पीछे आतिशबाजी भी बनाई जाती है। यहीं रखी बारूद में चिंगारी पहुंचने से हादसा हुआ।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव में बाजार के किनारे गुड्डू पुत्र बच्चूलाल की मार्केट है। जहां पुरवा के एक गांव का युवक किराये पर दुकान लिये है। चर्चा है कि दुकान के पीछे के हिस्से में आतिशबाजी बनाने का अवैध कारोबार करता था। सोमवार देर शाम बिछिया विद्युत सब स्टेशन में संविदा पर तैनात बिछिया निवासी सुनील (40) पुत्र गंगा प्रसाद व राज मिस्त्री संजय लघुशंका करने दुकान के पीछे पहुंचे। इसी दौरान किसी ने बीड़ी या सिगरेट पीकर पीछे की ओर बने जीने के नीचे फेंक दी। चिंगारी बारूद तक पहुंच गयी और तेज धमाका हो गया। धमाके की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से झुलस गये। घटना के बाद आस पास के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सुनील की मौत हो गयी। एसएचओ कुंवर बहादुर ने बताया कि कुछ अनार व बारूद मिला है। जांच की जा रही है। इधर दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पा है।

## ईओ बोले- पर्दा डाल कर बेचें मछली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन ने खुले में मीट और मछली की दुकाने लगाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद पुराने यातायात पुल के नीचे खुले में मछली मंडी लग रही है। सोमवार शाम ईओ वहां से गुजरे। जहां खुले में मंडी देख उन्होंने मीट मछली विक्रेताओं को फटकार लगाई। इसके साथ ही दुकान के आस पास पर्दा लगाने के निर्देश दिये हैं।

रेलवे पुल और पुराने यातायात पुल के बीच मछली मंडी लगती चली आ रही है। पूर्व में पालिका ने मछली मंडी को हटवाया था। जिसके बाद धीरे-धीरे फिर से दुकानें लगने लगी। जहां दुकानदार खुले में मछलियां बेच रहे हैं। इसके साथ ही गंदगी फेंक कर चले जाते हैं। जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। सोमवार को अधिकशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा भ्रमण पर थे, तभी खुले में मछली की दुकानें देखी तो वह रूक गये और खुले में मछली बेच रहे दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई। जिसके बाद उन्होंने निर्देश दिये कि यदि दुकानें लगानी है तो चारों ओर पर्दा लगाओ, नहीं तो चालान करने के साथ ही जुर्माना वसूला जायेगा। वहीं ईओ के निर्देश के बाद कुछ लोगों ने अपनी दुकानों पर पर्दा लगाना शुरू कर दिया है।


मछली विक्रेताओं को निर्देश देते ईओ मुकेश मिश्रा। अमृत विचार

## पीएम मुद्रा लोन के नाम पर युवक से हुई ठगी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी एक युवक को पीएम मुद्रा लोन लेने के नाम पर साइबर ठगो ने 6 हजार 8 सौ रुपये पार कर दिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली और साइबर सेल से शिकायत की है।

मिश्रा कालोनी निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके मोबाइल पर पीएम मुद्रा लोन योजना देने के नाम पर चरनदास नाम के एक युवक का फोन आया। जिसस पर उसने लोन लेने की बात कही तो उसने पैनकार्ड, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो व्हाटसएप पर मांगी। जिस पर धीरेन्द्र ने भेज दी। जिसके बाद उससे लोन स्वीकृत के लिए ढाई हजार फाइल चार्ज मागंने पर उसके बताये पीएनवी बैंक एकाउंट में पैसा डाल दिया। पैसा डालने के बाद ही मोबाइल पर 54 हजार लोन पास होने का मैसेज आ गया। उसके बाद फिर फोन कर जीएसटी के नाम पर 4300 सौ रुपये और खाते में डलवाया लिया और कहा कि दस मिनट बाद अपनी बैंक जाकर लोन का पैसा निकाल लो, लेकिन कुछ देर में फिर 13 हजार की रकम और बीमा के नाम पर डालने की बात कही। बार-बार पैसा मांगने पर उसे शक हुआ।

## बारिश से राहत, उमस ने किया हलकान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** काफी इंतजार के बाद इंद्रदेव ने कृपा तो की, लेकिन कुछ देर की बूंदाबांदी ने वातावरण में उमस काफी बढ़ा दी है। इससे बारिश थमने पर लोगों को उमस वाली गर्मी लगातार पसीना-पसीना करती रही।

सुबह से ही वातावरण में उमस बनी रही, जिससे बारिश की संभावना जताई जाती रही। दिन में करीब 12 बजे तेज हवा चलनी शुरू हुई। साथ ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। हवा के साथ बारिश होने से कुछ समय के लिए लोगों को काफी शकून रहा। वह प्रार्थना सुन लेने के लिए ईश्वर के प्रति आभार ही जताते रहे। करीब 15-20 मिनट बाद ही बारिश का शुरू हुआ सिलसिला थम गया। बरसात बंद होते ही जमीन की गर्मी बाहर निकलकर लोगों को बेहाल करने लगी। पूरे दिन पसीना-पसीना रहने से नौकरीपेशा सहित सभी लोग बेचैन रहे। लोगों का कहना था कि लू वाली गर्मी में पसीना सूखता रहता है। अब उमस की वजह से पूरे दिन चिपचिपाहट परेशान किए है। वह मौसम की मार से परेशान होकर बार-बार भगवान से जोरदार बारिश कराने की फरियाद करते रहे। समाचार लिखे जाने तक दोबारा बारिश तो दूर रिमझिम फुहारें भी नहीं गिर सकीं, जिससे लोगों की खुशी काफूर रही।


बारिश से भीगी सड़क। अमृत विचार

- तेज हवा के साथ करीब 15 मिनट हुई बारिश

**अव्यवस्था** — किसानों की बढ़ी परेशानी, रातोंरात खेतों को खोद रहे खनन माफिया

# खनन माफिया से खेत बचाने को रतजगा कर रहे किसान

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र में इन दिनों किसान अपने खेत आवारा जानवरों के साथ खनन माफियाओं से बचाने को रतजगा कर रहे हैं। हालात यह हैं कि खनन माफिया रातोंरात किसी भी खेत में पोकलैंड जैसी प्रतिबंधित मशीनों से सैकड़ों डंपर मिट्टी चोरी कर लेते हैं। सुबह जब किसान खेत पहुंचता है तो उसे वहां पर तालाब मिलता है। इससे क्षेत्र के किसानों में भय व्याप्त है। जिम्मेदार अधिकारी रिपोर्ट भेजने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

बता दें कि इन दिनों नवाबगंज क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे व कानपुर-लखनऊ ऐलिवेटेड मार्ग के साथ कई फैक्ट्री व वेयर हाऊस का निर्माण हो रहा है। इनके निर्माण में बड़ी मात्रा में मिट्टी की आवश्यकता है। इसके चलते क्षेत्र में करीब आधा दर्जन खनन माफिया हावी हो गये हैं। वे वैध मिट्टी खोदने का पट्टा करा रहे हैं लेकिन, उसकी आड़ लेकर क्षेत्र के किसानों की जमीन बिना सूचना के ही खोदे डाल रहे हैं। इस काम में मिलीभगत के चलते लेखपाल, पुलिस व खनन अधिकारी मौन बने हुए हैं। जब कोई शिकायत होती है तो सिर्फ कोरम पूरा करने के लिये रिपोर्ट भेजने की बात कह दी जाती है। जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र के पाली गांव में हो रहे अवैध खनन की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।


खनन करती पोकलैंड।


सीमांकन करती तहसील की टीम। अमृत विचार

### शिकायत के बाद भी पोकलैंड से हो रहा खनन

- वैसे तो पोकलैंड से खनन सख्त मना है। फिर भी तहसील व खनन विभाग की मिलीभगत से खनन कर्ताओं द्वारा पोकलैंड से लगातार खनन का काम किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष बना हुआ है। भविष्य में ग्रामीणों को भूस्खलन जैसी समस्याओं से निपटना पड़ सकता है। यह पर्यावरण की बड़ी छति है। लेकिन प्रशासन अभी भी नींद में है।

### पहुंची तहसील की टीम

**सोहरामऊ उन्नाव।** तहसील हसनगंज का एक गांव इन दिनों अवैध खनन को लेकर चर्चा में है कुछ दिन पूर्व वैध अनुमति की आंड में अवैध खनन पर उन्नाव प्रशासन द्वारा जुर्माना लगाकर कार्रवाई की जा चुकी है। बड़ी बात यह है एक माह पूर्व हुई परमिशन का लेखपाल द्वारा अभी तक सीमांकन नहीं किया गया था। अमृत विचार में खबर छपने के बाद आज तहसील प्रशासन द्वारा खनन स्थल का सीमांकन किया गया। जानकारी अनुसार सोहरामऊ थाना अंतर्गत ग्राम भटपुरा में शिवन्या इंटर प्राइजेज को गांव के ही दो गाटो में 15173 घन मीटर खनन करने की परमीशन दी गई थी। लेकिन एक माह बीतने के बाद तहसील प्रशासन ने इसका सीमांकन तक नहीं किया था। जिससे क्षेत्र में अधिकारियो के प्रति जनता में रोष है। रविवार को अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को तहसील की टीम द्वारा खनन स्थल का सीमांकन किया गया।

### सीमांकन करने पर लगाया जुर्माना

- सोहरामऊ थानांतर्गत गांव भटपुरा में शिवन्या इंटरप्राइजेज द्वारा वैध परमिशन की आड़ में गांव के दो अलग गाटो में 915 घन मीटर का अवैध खनन किया गया था। खबर छपने के बाद जब टीम मौके पर पहुंची और सीमांकन किया तो अवैध खनन पाया गया। इस उन्नाव प्रशासन ने शिवन्या इंटरप्राइजेज पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीमांकन होने के बाद किसानों ने भी राहत की सांस ली है।

## कन्या सुमंगला योजना में मिलेगी बढ़ी हुई धनराशि

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के चयनितों को अब पहले से अधिक धनराशि प्राप्त होगी। यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया है कि विभिन्न छह श्रेणियों के आवेदकों को अब 15 के बजाए 25 हजार रुपए धनराशि प्राप्त होगी। आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख भी कम कर दिए गए हैं, सुविधाजनक ढंग से आवेदन कर सके। क्षेत्रीय कार्मिकों को सभी के आवेदन पत्र भरने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। बताया कि अधिकतम संतानों के लिए लिए योजना का लाभ लिया जा सकता है। वहीं पहले प्रसव के बाद दूसरे में जुड़वा संताने होने पर भी आवेदक का चयन किया जाएगा, बशर्ते जुड़वा प्रसव में बेटी का जन्म हुआ हो। आवेदक परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए लोकवाणी, निजी स्मार्ट फोन या कंप्यूटर के माध्यम से आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कहा कि आवेदन करने के साथ आवेदक को आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्राति और बालिका की पासपोर्ट आकार की फोटो उपलब्ध करानी होगी। साथ ही छह श्रेणियों संबंधी प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। लाभार्थी परिवार को बेटी के जन्म के समय पांच, एक वर्ष तक लगने वाले सभी टीके पूर्ण होने पर दो, कक्षा एक में प्रवेश के समय तीन और कक्षा छह में प्रवेश के समय तीन-तीन, कक्षा नौ में पांच, 10वीं-12वीं, स्नातक व डिप्लोमा सात हजार रुपए मिलेंगे।

# 1 फीट जमीन के लिए बड़े भाई को मार डाला

## डंडे और फावड़े के बेंत से सिर पर किए ताबड़तोड़ वार, उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के प्रताप खेड़ा का मामला

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत प्रताप खेड़ा गांव में 1 फीट जमीन के टुकड़े को लेकर छोटे भाई ने अपने बेटे के साथ बड़े भाई पर डंडे व फावड़ा से हमला बोल दिया। फावड़े के बेंत से सिर में आई चोट से बड़े भाई की मौत हो गई। वहीं बचाने आई उसकी पत्नी व सबसे छोटे भाई की पत्नी को चोटें आ गईं। पुलिस ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।


गुरुचरण।

औरास थानांतर्गत टिकरा बाव गांव के मजरा प्रतापखेड़ा गांव निवासी गुरुचरण (57) पुत्र स्व. बाबू का अपने छोटे भाई रामकिशोर से कई महीनों से घर के अंदर सहन की एक फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसकी शिकायत पुलिस के पास भी पहुंची थी। जिस पर दोनों को पाबंद भी किया गया था। सोमवार को इसी विवादित जगह में मिट्टी डालने की बात पर दोनों में कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। इस पर भाई रामकिशोर के बेटे अखिलेश ने पास में पड़ा डंडा उठाकर ताऊ के मार दिया। इसके बाद रामकिशोर ने फावड़े की बट से बड़े भाई के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या से गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इससे हत्यारोपी मौके से भाग नहीं सका।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

सूचना मिलने पर एसओ रेखा सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लेने के साथ शव मोर्चरी भेजा। सीओ ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक चार भाइयों में बड़ा था। पति की मौत से पत्नी रामकली रो-रोकर बेहाल है। उसके छह बेटियों में अभी सिर्फ दो को शादी हुई है। आरोप है कि हत्यारोपी उसके इकलौते बेटे शिवम की भी हत्या करना चाहते थे लेकिन वह ग्रामीणों के आने से वह बच गया। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पहुंची और हत्यारोपी को फावड़े सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच चल रही है।


हत्यारोपी भाई को ले जाती पुलिस।

### सिर में आई चोट से हुई मौत

**उन्नाव।** पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें उसकी मौत सिर में आई चोट की वजह से होने की बात सामने आई। सूत्र बताते हैं कि गुरुचरण के सिर के बाई ओर कान के ऊपर फावड़े की बट का प्रहार इतना तेज था कि उसके प्राण निकल गए। पोस्टमार्टम हाउस में छोटे भाई रामचंद्र ने बताया कि दिवंगत बड़े भाई गांव के पुराने मकान में रहते थे। वह लोग दूसरे मकान में रहते हैं। झगड़े की सूचना पर वह पहुंचा और बीचबचाव का भी प्रयास किया। इसमें गुरुचरण की पत्नी रामकली व उसकी पत्नी गीता को भी चोटें आई हैं।

### हत्यारोपी भेजे गए जेल

**उन्नाव।** औरास में बड़े भाई की हत्या के आरोपी छोटे भाई राम किशोर व उसके बेटे अखिलेश को पुलिस ने घटना के बाद हिरासत में लिया था। दिवंगत गुरुचरण के बेटे शिवम की तहरीर पर पिता की हत्या करने और उसकी मां पर हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर पिता-पुत्र को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# निर्वाचन ड्यूटी के भुगतान का सीडीओ ने दिलाया भरोसा

**उन्नाव।** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय को निर्वाचन ड्यूटी के भुगतान से वंचित शिक्षकों के साथ हकमारी न होने देने का भरोसा दिलाया है। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि सैकड़ों परिषदीय शिक्षकों को अब तक निर्वाचन ड्यूटी का भुगतान नहीं प्राप्त हुआ है। सीडीओ के आश्वासन की जानकारी पर शिक्षकों ने खुशी जताई है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्मिक की ड्यूटी करने वाले शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों को चुनाव होते ही आन लाइन भुगतान करते हुए बैंक खातों में रकम उपलब्ध करा दी गई थी। हालांकि अधिकांश मतदान कार्मिकों को निर्वाचन कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान प्राप्त भी हो गया है, लेकिन बड़ी संख्या में शिक्षक अब तक पारिश्रमिक न मिलने का रोना रो रहे हैं। सोमवार को जिलाध्यक्ष ने सीडीओ से इस संबंध में वार्ता करते हुए शिक्षकों की समस्या बताई। इस पर सीडीओ ने कहा कि शिक्षकों के पत्रों का संज्ञान लेते हुए पारिश्रमिक के भुगतान के लिए कार्रवाई आगे बढ़ाएंगे।

# तार न कसवाकर हाईटगेज लगाया, ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पुराने लखनऊ-कानपुर मार्ग से हाजीपुर सहित आसपास गांवों को जोड़ने वाली सड़क के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार गर्मी के चलते ढीले होकर काफी नीचे लटक आए हैं। विद्युत कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने तार न कसवा कर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए हाईटगूज लगाकर इतिश्री कर ली। इससे ग्रामीण नाराजगी जताते हुए तार कसवाने की मांग कर रहे हैं।

शासन ने पिछड़ापन दूर करने के लिए गंगा कटरी के गांवों तक काफी बेहतर सड़कों का निर्माण करवाया है, लेकिन शंकरपुर होकर बिठूर-लखनऊ मार्ग को जोड़ने वाली हाल में बनी सड़क के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार गर्मी से काफी ढीले होकर नीचे लटक आए हैं। विभागीय अधिकारियों ने दुर्घटनाएं टालने को तार कसवाने के बजाए विद्युत लाइन के दोनों ओर हाईटगेज लगवा दिए हैं। साथ ही भारी वाहनों को सड़क से न गुजरने की चेतावनी देने का बोर्ड लगवाकर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क निर्माण के बाद से बहुत नहीं लेकिन कई भारी वाहन इधर से गुजरते रहते थे। इसके अलावा ग्रामीणों को भी गल्ला आदि बाहर भेजना सुविधाजनक था, लेकिन हाईटगेज लगने से ट्रक व डीसीएम आदि नहीं आ पाने से ग्रामीण परेशान हैं।



बोर्ड और सड़क पर लगे हाईटगेज।

- लखनऊ-कानपुर रोड को बिठूर-लखनऊ मार्ग से जोड़ती है सड़क

# मजदूरों को टक्कर मार झाड़ियों में घुसी बस 15 लोग घायल

**नवाबगंज, उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर कुशहरी गांव के पास काम कर रहे कर्मियों को एक रोडवेज बस टक्कर मारते हुए डिवाइडर पार कर झाड़ियों में घुस गई। इसमें बस चालक व परिचालक के साथ 10 सवारियों को चोटें आई हैं।

सुबह 11 बजे उन्नाव डिपो की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर काम करने वाले तीन कर्मचारियों पूती व सुधीर निवासी बोधीखेड़ा सोहरामऊ व संगम निवासी चमरौली को टक्कर मारते हुए डिवाइडर पार कर दूसरी ओर झाड़ियों में घुस गई। जिसमें बस चालक प्रयाग नरायन सिंह व परिचालक नरेंद्र सिंह को चोटे आ गईं। वहीं, सविरियों में राधिका निवासी स्वरूप नगर कानपुर, राकेश, सुमित व नरेंद्र आदि को भी चोटें आ गईं। परिचालक ने बताया कि अचानक रोड पर काम होता देख चालक अपना संतुलन खो बैठा और घटना हो गई। घायलों को सीएचसी लाया गया।

# बच गया कुआं का अस्तित्व, हो रहा सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के मुबारिज नगर मोहल्ले में शिवपाल सिंह यादव वाली गली वाले कुएं का स्थानीय बाशिंदों की जागरूता से अस्तित्व बरकार रह गया। मोहल्ले के लोग अब आपसी सहयोग से कुएं की जगत का निर्माण भी करा रहे हैं। खास बात यह है कि अपनी पुस्तैनी जमीन पर बने कुएं का अस्तित्व समाप्त कराने वाले डॉ. प्रदीप निगम भी आगे बढ़कर आर्थिक सहयोग कर रहे हैं।

गौरतलब हो कि मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध जताने पर कुआं बंद कराने को लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिससे उत्साहित स्थानीय बाशिंदों ने अगले दिन पहले डीएम, एडीएम (न्यायिक) व एसडीएम से मिलकर शिकायत करने का प्रयास किया, लेकिन रविवारीय अवकाश के दिन बंगले पहुंचने वालों से अधिकारियों ने मिलना गंवारा नहीं समझा था। इसलिए फरियादियों ने सदर विधायक पंकज गुप्ता से मिलकर पीड़ा सुनाते हुए सौ साल से अधिक प्राचीन कुएं का अस्तित्व बचाने की गुहार लगाई थी। विधायक ने फोन कर नगर पालिका परिषद के ईओ संजय कुमार गौतम को मौका मुआयन कर न्यायोचित कार्रवाई करने के लिए कहा।


क्षतिग्रस्त कुआं की मरम्मत करता राजमिस्त्री। अमृत विचार

- कुआं बंद करा रहे चिकित्सक बोले, नहीं थी परंपराओं की जानकारी

इस पर ईओ ने कुआं देखकर निर्माण कराने वालों को रोकते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। कुआं बंद करा रहे लोगों ने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ने वालों के साथ सुलह करते हुए स्वीकार किया कि परंपराओं की जानकारी न होने से वह कुआं बंद करा रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को कुएं में गंदगी फेकते देखकर ही वह कुआं बंद करा रहे थे। इस पर लोगों ने आपस में चंदा कर कुएं की क्षतिग्रस्त हुई जगत का दोबारा निर्माण कराया। बताया कि अब तक निर्माण में 35 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं। जिसमें कुआं बंद कराने वाले चिकित्सक सहित अन्य सभी ने सहयोग दिया है।

# बीच रोड तक सुखाया जा रहा मक्का बना मुसीबत

संवाददाता फतेहपुर,चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर एक गांव के पास सड़क पर मक्का सुखाने से हर वक्त वाहन चालकों को हादसे की आशंका लगी रहती है। मक्का का सीजन आते ही मुख्य मार्गों पर कुछ किसानों द्वारा सड़क के आधे से अधिक भाग में मक्का फैला कर सुखाया जा रहा है।

थानाक्षेत्र के काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर दबौली गांव के निकट ग्रामीणों द्वारा सड़क पर मक्का सुखाया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी पक्की सड़कों पर बेरोकटोक किसान मक्का सुखा रहे हैं। सड़क पर फैले मक्के से आने-जाने वाले वाहन चालक व राहगीर परेशान हो रहे हैं। जबकि इस मार्ग पर अक्सर हादसे भी होते रहते हैं। इस समस्या को लेकर प्रशासन ठोस कदम नहीं उठा रहा है। मक्का फैली होने से यह सड़क काफी संकरी हो जाती है। जिससे वाहन चालकों को हादसों की आशंका बढ़ जाती है। कई बार बाइक चालक फिसलकर हादसों का शिकार हो जाते हैं। इसे लेकर किसान मौसम व संसाधन का अभाव बता कर बात को टाल देते हैं। पीडब्लूडी के एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मक्का को सड़क से हटवाया जायेगा और किसानों को ऐसा न करने की हिदायत भी दी जाएगी।


मुख्य मार्ग पर सूखने को फैलाया गया मक्का। अमृत विचार

- वाहन चालकों को रहता हादसे का खतरा

# 24 घंटे में 52 बार गुल हुई बिजली, लोग हुए बेहाल

**नवाबगंज, उन्नाव।** अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्र में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई गांवों में 48 घंटे से सप्लाई नहीं आई। इससे भीषण गर्मी में लोगों का जीना बेहाल हो गया है। नवाबगंज व अजगैन में बीते 24 घंटे में 52 बार बिजली काटी गयी और रात 12 बजे के बाद सुबह 6 बजे सप्लाई मिली।

बता दें कि इन दिनों भीषण गर्मी से क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ी है। इससे लोड भी बढ़ा है। ऐसे में क्षेत्र के गांव मुड़ेरा, गौरा कठेरुआ व कुशहरी में सप्लाई बाधित हो गई है। बीते तीन दिनों से वहां सप्लाई नहीं मिल रही है। इससे गांव में लोग बेहाल हैं। लोगों ने इसकी शिकायत भी की लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। वहीं, कस्बा नवाबगंज व अजगैन में बीते 24 घंटे में 52 बार ट्रिपिंग हुई। जिससे लोग परेशान हैं। इसे लेकर एसडीओ रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रिपिंग ओवरलोड से होती है। समस्या का समाधान किया जा रहा है। गौरा गांव में कुछ काम चल रहा था और कुशहरी का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिससे दिक्कत आई थी।

# परिणय सूत्र में बंधे पुरुष व महिला सिपाही

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली में तैनात एक आरक्षी का सहकर्मी महिला आरक्षी से काफी अर्से से प्रेम-संबंध था। आरोप है कि बीते कुछ समय से पुरुष आरक्षी ने युवती से दूरी बना ली तो उसने कोतवाली में बीती 19 जून को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। जेल जाने की संभावना और बढ़ती मुसीबत देख आरक्षी शादी के लिए तैयार हो गया। चर्चा रही कि युवती ने एफआर के लिए हलफनामा दे दिया था।

बदले घटनाक्रम के बाद सोमवार को मगरवारा चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर दोनों गोकुल बाबा मंदिर पहुंचे। वहां आचार्य की मौजूदगी में मंत्रों के साथ अग्नि को साक्षी मान दोनों ने सात फेरे लिये और एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। साथ ही सात जन्मों तक साथ रहने की कसम भी खाई। इस दौरान पुरुष सिपाही के परिवार से तो उसके भाई और अन्य परिजन थे लेकिन, महिला सिपाही के परिवार से दो तीन महिलाएं ही रहीं जो रिश्तेदार बताई जा रही थीं। परिवार का कोई खास सदस्य न होने से सिपाही रश्म पूरी करने के दौरान फफक-फफक कर रो पड़ी। इस दौरान कोतवाली स्टाफ भी मौजूद रहा। शादी होने के बाद मौजूद लोगों का मुंह मीठा कराया गया। साथ ही दुकानदारों में भी मिठाई बंटवाई गई।

- मंदिर में अग्नि के 7 फेरे लिए पहनाई वरमाला, विवाद का हुआ पटाक्षेप

ग्रहों की चाल

लगन कम होने से लोग अपने बेटे व बेटियों की शादी की तारीख को लेकर परेशान

# जुलाई में बजेंगी शहनाई, फिर 4 माह रहेगा सूखा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जून माह तक वैवाहिक लगन विराम के बाद शादी के लिए इंतजार कर रहें, वैवाहिक जोड़ों के लिए आने वाले जुलाई माह में 15 दिन में सिर्फ सात दिन ही विवाह का शुभ मुहूर्त है। इसके बाद लगभग 4 माह विवाह करने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। लगन कम होने से लोग अपने बेटे व बेटियों की शादी की तारीख को लेकर परेशान हैं। दिक्कत सिर्फ बैंडबाजा, मैरिज हॉल की ही नहीं है, बल्कि पुरोहितों का भी संकट है। ऐसे में एक पुरोहित कई मंडपों में मंत्र पढ़ते नजर आएंगे।

वैवाहिक जीवन के लिए जरूरी सौभाग्य सुख और सौंदर्य प्रदान करने वाले गुरु और शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण जून माह के अंतिम तक विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं था। 5 जुलाई को शुक्र उदय होगा। दोनों ग्रहों का विवाह के लिए विशेष महत्व हैं। ज्योतिष व आचार्यों की मानें तो शुक्र ग्रह व्यक्ति को सुदंरता व अन्य भौतिक सुख प्रदान करता हैं। इसके अलावा गुरु ग्रह जीवन में नैतिकता धन, मूल्य और धर्म का कारक हैं। आचार्य देवी प्रकाश द्विवेदी के मुताबिक 9 जुलाई से लेकर 15 तारीख के बीच विवाह की लगन है। जिसमें शादी हो सकती हैं। जिसके बाद 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी और चतुर्मास का संजोग होने के कारण शुभ विवाह मुहूर्त न होने से शादियां होना बंद हो जायेगी। एक सप्ताह के इस लगन में अभिभावकों की चिंता भी स्वाभाविक है। एक तरफ जहां एक ही तिथि पर कई रिश्तेदारों के यहां भी शादी तय हो गई है, वहीं पुरोहित भी शादी के लिए नहीं मिल रहे। मंडप और गाड़ी से अधिक किल्लत पंडित की है। पुरोहित चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि 9 जुलाई को दिन और रात दोनों समय विवाह के मुहूर्त है। 10 को सिर्फ दिन में मुहूर्त व 11 को दिन और रात दोनों समय मुहूर्त है। 12 जुलाई को भी दिन और रात दोनों समय लगन है। 13 को सिर्फ दिन में व 14 जुलाई को सिर्फ रात में तथा 15 जुलाई को दिन और रात दोनों समय लगन है। पुरोहित ने यह भी बताया कि जुलाई में सात दिन ही लगन होने से ज्यादा शादियां इन दिनों में होंगी। जिससे पुरोहितों की कमी होना स्वाभाविक है।



- 9 जुलाई से लेकर 15 तारीख के बीच विवाह के मुहूर्त

### विवाह में प्रभु का आशीर्वाद नहीं मिलता

मान्यता है कि चतुर्मास में विवाह करने से प्रभु का आशीर्वाद नहीं मिल पाता हैं। इस समय प्रभु नारायण योग निद्रा में रहते हैं। और इस लिए शुभ कार्यों में भाग नहीं ले पाते हैं। साधु- संत भी एक ही स्थान पर रहकर पूजा पाठ करते हैं। क्योंकि यह समय सबसे अच्छा माना जाता हैं।

## सार-संक्षेप


चौपाल में मौजूद उपखंड अधिकारी रनवीर सिंह व अन्य। अमृत विचार

### उपखंड अधिकारी ने चौपाल लगा कर सुनीं समस्याएं

**पुरवा।** एसडीएम रनवीर सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के गांव अमरापुर में जन चौपाल लगा लोगों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम के समक्ष दो शिकायतें आईं। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। लल्लन ने गांव में नालियों की साफ-सफाई न होने की शिकायत की। जिस पर एसडीएम ने सफाई कर्मचारियों को तत्काल नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शासन के निर्देश के बाद जन चौपालें लगाई जा रही हैं। जो लगातार चलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पीड़ित उनसे तहसील आकर मिल सकता है। इस दौरान ग्राम प्रधान सज्जन लोधी व लेखपाल प्रशांत पांडेय आदि मौजूद रहे।


नहर में उतराती वैन। अमृत विचार

### अनियंत्रित वैन नहर में गिरी, बाल-बाल बचे सवार

**सफीपुर, उन्नाव।** शारदा नहर में उस समय बड़ा हादसा होते बच गया जब एक वैन सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से बचने के प्रयास में नहर में चली गई। हालांकि वैन में सवार सभी छह लोग बाल-बाल बच गए। बता दें कि सोमवार सुबह हरदोई के कासिमपुर गांव निवासी बृजेंद्र त्रिपाठी परिवार के साथ शारदा नहर मार्ग से सफीपुर होते हुए वैन से कानपुर जा रहे थे। शारदा नहर किनारे बने मार्ग से पीखी रोड संपर्क मार्ग के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली उसके सामने आ गई। जिससे वैन चालक सुजीत कुमार ने टक्कर से बचने को वैन दाहिनी ओर घुमा दी। वैन शारदा नहर में चली गई। लोगों ने वैन को नहर में गिरते देख उसमें फंसे 6 लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया। वैन में तीन बच्चे, बृजेंद्र त्रिपाठी, उनकी पत्नी व चालक सुजीत मौजूद थे। हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### डंपर ने बाइक में बैठे बच्चे को रौंदा, मौत

**पुरवा उन्नाव।** दही-मोहनलाल गंज मार्ग पर असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा बाजार में खड़ी बाइक पर बैठे तीन वर्षीय बच्चे को डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बच्चा उछलकर डंपर के पहिए के नीचे आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा और डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। मौरावां थानाक्षेत्र के गांव बलुवाखेड़ा निवासी बुद्धिलाल अपनी पत्नी देवकी व तीन वर्षीय बेटे धनवीर के साथ बाइक से मोहनलाल गंज रिश्तेदारी में गया था। जहां से सोमवार दोपहर वह वापस आ रहा था। असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा बाजार के पास बाइक खड़ी कर वह सब्जी लेने लगा। जबकि, बेटा बाइक पर ही बैठा रहा और देवकी पास में खड़ी हो गई। तभी कबरई से गिट्टी लादकर बहराइच जा रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक में बैठा धनवीर उछलकर डंपर के पहिए के नीचे आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर व चालक को पकड़ लिया और शव मोर्चरी भेजा। बच्चे के पिता बुद्धिलाल ने बताया कि धनवीर एक भाई व एक बहन में छोटा था। उसकी मौत से पिता, मां, भाई आनंद व बहन अंशिका रो-रोकर बेहाल थे। एसओ रामऔतार ने बताया कि डंपर व चालक संजय सिंह निवासी रूरा कानपुर देहात को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।


जला पड़ा परचून का सामान। अमृत विचार

### शार्टसर्किट होने से परचून गोदाम में लगी आग

**औरास, उन्नाव।** थोक विक्रेता के गोदाम में शार्टसर्किट होने से आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जल गया। औरास थानांतर्गत तियर माइनर किनारे चकलवंशी-औरास मार्ग स्थित राधिका इंटरप्राइजेज के नाम से परचून का गोदाम है। गादाम में शार्टसर्किट होने से आग लग गई। व्यापारी शिशुपाल यादव ने फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक गोदाम का सारा सामान जलकर राख हो गया था। व्यापारी ने बताया कि इसमें उसका लाखों का नुकसान हुआ है।

### बच्चे को जहरीले कीड़े ने काटा

**औरास।** थानाक्षेत्र के मिर्जापुर अजगांव निवासी अनिल का 11 वर्षीय बेटा ईशांत घर की बाउंड्री पर खेल रहा था। तभी अचानक उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। बेटे की चीख सुन मां पहुंची और परिजनों को बताया। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया।

### छत से गिरकर बच्चा घायल

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव गौरिया कलां के मजरा फत्तेपुर निवासी करन का पांच वर्षीय बेटा अनमोल बीती रविवार शाम घर की छत पर खेल रहा था। तभी अचानक छत पर बंदर आ गया। बंदर को देख बच्चा भाग खड़ा हुआ। इसी दौरान वह लड़खड़ाकर नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां हालत नाज़ुक देख चिकित्सकों ने बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने चार को हिरासत में लिया

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी युवक को दबंगों ने जमकर मारा पीटा था। जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। कंचन नगर निवासी अशवनी गौतम शनिवार देर रात घर जा रहे थे, तभी कंचन नगर मोड़ के पास दबंगों ने जमकर मारा पीटा था। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वॉयरल हुआ था। तहरीर पर पुलिस ने आजाद नगर निवासी सूरज निषाद, सूरज उर्फ चीनू, नरेश उर्फ कल्लू, ऋषि नगर निवासी मुन्ना माइकल समेत नौ के खिलाफ जानलेवा हमला, दलित उत्पीड़न समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया।

आवश्यकता है

चौधरी मनीराम शिव बालक पटेल महाविद्यालय बाजीखेड़ा, पुरवा- उन्नाव में स्नातक स्तर में विज्ञान संकाय के पाठ्यक्रम बी.एस.सी. के अंतर्गत विषय गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं स्नातक स्तर में कला संकाय के बी.ए. पाठ्यक्रम के अंतर्गत विषय अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य व गृह विज्ञान के सहायक आचार्य व प्राचार्य की योग्यता, अनुभव एवं वेतन यू.जी.सी एवं राज्य सरकार के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा
Email- cmspdgclg@gmail.com
पर भेजें।

सम्पर्क नम्बर-9936342034
प्रबंधक- गोवर्धन लाल।

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर–सम्मान होने पर ख़ुशी से फूल नहीं उठता, और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुण्ड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।।

## संपादकीय

# विपक्ष की एकजुटता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक की शुरुआत में कामकाज को लेकर स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार सहमति के साथ चलने का प्रयास करेगी। देश जिम्मेदार विपक्ष चाहता है और देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि विपक्ष इस बार लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे। गौरतलब है कि आठ कार्य दिवसों के छोटे सत्र में पहले दो दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, उसके बाद लोकसभाध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शामिल है। इस छोटे सत्र में प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। विपक्ष कितना आक्रामक हो सकता है, इसका इशारा राहुल गांधी ने यह कहकर दे दिया है कि कांग्रेस देश की जनता के समर्थन से किसी भी कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी। साथ ही विपक्ष ने आपातकाल वाले बयान को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। भाजपा की संख्या अभी भी कांग्रेस से दोगुनी से अधिक है, लेकिन सत्तारूढ़ दल पूर्ण बहुमत से दूर है। इस बार दो दलों के समर्थन पर टिकी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा।

नए सदन में कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी इतनी है कि सरकार विपक्ष की उपेक्षा नहीं कर पाएगी। खासतौर पर संवेदनशील मसलों पर। 2014 के बाद पहली बार कांग्रेस आधिकारिक तौर पर नेता पद का दावा करने के लिए पात्र होगी। नई लोकसभा में सरकार का एजेंडा 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक में स्पष्ट करेंगी। उसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की जाएगी और 2 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर अपना जवाब देंगे। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा। जाहिर है अगर विपक्ष चुनाव पूर्व हुए गठबंधन को बरकरार रखने में कामयाब रहता है तो वह महत्वपूर्ण सवाल खड़े करने की स्थिति में होगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

# अतीत से बोझा नहीं जीवन की ऊर्जा लेनी है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

लोकजीवन में घटनाएं घटती हैं और अपने चिह्न सामूहिक-स्मृतियों में छोड़ जाती हैं, समष्टिस्मृति की वाचिक-परंपरा बहती रहती है। समय की गति के साथ स्मृतियों में अभिप्राय (मोटिफ) ढलते रहते हैं। समसामयिक इतिहास भी है, क्योंकि बीते हुए कल में से आज निकला है, आज में से आने वाला कल निकलेगा। यही जीवन की निरंतरता है। जीवन में स्मृतियों की भूमिका निर्णायक होती है। स्मृतियां जीवन के साथ चलती हैं, व्यक्ति से व्यक्ति मे, व्यक्ति से समूह में, एक समूह से दूसरे समूह में, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में चलती रहती हैं। देश-काल में संक्रमण करती रहती हैं। श्रुति-स्मृति की परंपरा।

यह बात दूसरी है कि इस चला-चली में संदर्भ बदलते हैं, परिस्थितियां बदलती हैं और इस अदल बदल में अनेक विसंगतियां, विस्मृतियां, विकृतियां, प्रक्षेप और अन्य दोष भी आते रहते हैं जैसे एक व्यक्तित्व पर दूसरे व्यक्तित्व का अध्यारोप और चमत्कार। लोकमेधा यथावसर उनका परिहार और परिष्कार भी करती है। जगत सेठ रामजी दास गुड़वाले स्वतंत्रता-संग्राम के पहले शहीद थे। उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ा, उन पर शिकारी कुत्ते छुड़वाये और फिर चांदनी चौक की कोतवाली के सामने फांसी पर लटका दिया था यह कहानी दिल्ली की लोककथा ही तो है। यदि आपके इतिहास में यह कहानी नहीं है तो आपके इतिहास को अधूरा क्यों न कहा जाय? बुन्देले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। लोकमन अपनी मान्यता और विश्वास के लिए कहानी गढ़ लेता है।

बादशाह अकबर ने तानसेन से पूछा-क्या तुमसे भी अच्छा गाने वाला कोई है? तानसेन बोला-जहांपनाह, मैं क्या हूं, जो मेरे गुरु स्वामी हरिदासजी हैं? उनको बुलवाओ, बादशाह ने कहा। जहांपनाह, वे तो अकिंचन हैं, उन्हें दरबार से क्या लेना? बादशाह तडप उठा, ठीक है, तो हम ही निधिवन चलेंगे। तानसेन बोला-बादशाह बन कर चलेंगे तो संगीत सुनने को नहीं मिलेगा। वे तो अपने आराध्य के रस में डूबे हैं। बादशाह आम आदमी बन कर तानसेन के पीछे-पीछे निधिवन पंहुचा। जब गायन सुन कर लौटा तो बोला-तानसेन, तुम ऐसा क्यों नहीं गा सकते? तानसेन ने कहा, मालिक। मैं आपको खुश करने को गाता हूं, मेरे मन में लालच है, वे क्षुद्र वासनाओं से ऊपर जा चुके हैं, वे बादशाहों के बादशाह के गायक हैं।

> एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दु:खों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है।

इतिहासकार घटनाओं की पूर्वापरता को महत्त्वपूर्ण बतलाते हैं और इसके लिए वे पुरातात्त्विक और लिखित -साक्ष्य को प्रामाणिक मानते हैं, यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और इसमें किसी का मतभेद नहीं हो सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक तथ्य के बावजूद क्या कारण है कि किसी भी युग और सत्ता की प्रवृत्तियों को लेकर उन इतिहासकारों के परस्पर मतभेद हैं? शायद ही कुछ ऐतिहासिक तथ्य हों, जिनमें वे एकमत हों। क्या इसका कारण यह है कि इतिहास-लेखन व्यक्ति स्तर पर किया जाता है और यदि इतिहासकार सामूहिकता से ओतप्रोत नहीं है तो व्यक्तिहित का भाव अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

क्या यह सच नहीं है कि इतिहासकार पर परिवेश और सत्ता का दबाव होता है, उस दबाव से उसकी दृष्टि बनती है। हिटलर के जमाने में शारीरिक-मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानव जीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। आग्रह-शून्य होना बहुत कठिन होता है। ममता का विसर्जन हो सके, दबावों को नकार सके, यह बहुत ही बलवान-चरित्र का लक्षण है। सवाल तो यह है कि वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है? आर्य शब्द इतना पुराना है किन्तु प्रजाति के अर्थ में उसका प्रयोग कहीं नहीं है। उन्होंने मजहब के ऐसे पेच डाल दिए कि लड़ते रहो। जाति के आधार पर राजनीति करने वाले सत्ता में आए तब उनका जयजयकार करने- वाले इतिहासकारों ने कहा कि यहां तो जाति और वर्ण आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहे है, सो प्रत्येक जाति और वर्ण एक दूसरे से घृणा करते रहो, लड़ों और बदला लो। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़ कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं जनता की एकता को तोड़ना, जनता को लड़वाना, घृणा और वैमनस्य का विस्तार करना, मिथ्या-सिद्धांतों के स्टैचू खड़े करने में यह इतिहास सत्ता के बहुत काम आता है।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दुःखों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है। सत्ता की छत्रछाया में लिखा गया इतिहास जाल ही नहीं, जंजाल है,जैसे आतंकवादी अपने घर में अवैध अस्त्र और विस्फोटक बनाने का काम करते हैं, वैसे ही ये इतिहास भी अवैध अस्त्र और विस्फोटक का काम करता है। वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए वे लोग इतिहास के खेत में जाति और धर्म-वैमनस्य के जहर की खेती कर रहे हैं, किन्तु क्या यहां सामंजस्य-समन्वय का अमृत था ही नहीं? देखें तो सही भारत के लोकजीवन में अन्तर्भुक्तियों का इतिहास कितना व्यापक है?

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया?

जनता का इतिहास केवल द्वन्द्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है, समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर,पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, व ह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोकजीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है, जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके,सामंजस्य-भाव को खोज सके,समष्टि-चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम -आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती?क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन,समष्टिजन,सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते? जिन्होंने बृहत्तर-भारत के विशाल भूभाग से लोकगाथाएं एकत्र कीं, सामूहिक-राष्ट्रीय-स्मृतियां संजोयी, जीवन और प्रकृति के प्रति विकसित होने वाले दृष्टिकोण की व्याख्या की, सामाजिक-आंदोलनों का इतिहास लिखा। भारत के लोगों ने वे पुराण- गाथाएं धरती और अपने समूचे परिवेश में लिख दीं। देश के नाम (भारत) की बात हो या हमारे-आपके नाम हों, पर्व-त्योहार हों, वे गाथा और मिथक जीवित हैं, जीवित रहेंगे।

## प्रसंगवश

# ऑनलाइन गेम के चंगुल से क्या मुक्त होगा बचपन

आज के तकनीकी युग में नित्य नए मोबाइल धारकों की बढ़ती संख्या पर हमारी व्यवस्था भले ही इठला लें, कि 21 वीं सदी में हम अंगुलियों पर सब कुछ संभव बना रहे हैं, मगर शायद तकनीक में मशगूल होकर यह भूलते जा रहे हैं कि इससे हम अपनी अमिट पुरातन विरासत को तो क्षीण कर ही रहे हैं। साथ ही बालमन और युवावस्था को पथभ्रष्ट तथा उनकी ज़िंदगी को काल के गाल में भी धकेल रहे हैं।

आज के भौतिकवादी युग में अभिभावकों के पास समय का अभाव है, जिसके चलते वे जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौना एवं सिर पर माता-पिता का प्रेम होना चाहिए, उसमें वे उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। यह वास्तव में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

वस्तुतः ऑनलाइन गेम के प्रति युवाओं और बच्चों का बढ़ता झुकाव सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। बीते कुछ वर्षों में दुनिया भर के बच्चों में इसे लेकर एक अलग प्रकार की दीवानगी पनपी है। जो कहीं न कहीं अब लत का रूप लेती जा रही है। लत किसी भी चीज़ की हो अगर उसकी अति हो जाए तो फिर उसका नुकसान भी भयानक होता है। अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इस लत का काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत में इसकी स्थिति क्या है, यह हम सबसे छिपा हुआ नही है। हमारे देश में तो एक दो साल के बच्चे के हाथ में भी मोबाइल थमा दिया जाता है। और वह बड़े चाव से मोबाइल देखते-देखते बड़ा हो जाता है।

भारत इस मामले में कहां खड़ा है इसका आकलन हम इन आंकड़ों से कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में भारत में आनलाइन गेमिंग का बाजार 1.5 बिलियन से अधिक का था। तो वहीं 2025 तक इसके 5 बिलियन तक हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में जहां इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 फीसदी (80 मिलियन) थी तो वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 50 फीसदी (95 मिलियन) हो गई। 'एफआईसीसीआई' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'ट्रांजेक्शन बेस्ड गेम्स' के राजस्व में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। और यह संख्या आगे और भी ज्यादा बढ़ने की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में ऑनलाइन गेमों की वजह से रूस में 130 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। तो वहीं भारत में करीब 100 बच्चों ने मौत को गले लगाया था। ऑनलाइन गेम्स को लेकर बच्चे इसके इतने आदि हो जाते हैं कि खाना-पीना तक छोड़ कर दिन-रात उसी में लगे रहते हैं। जिससे उनकी नींद भी प्रभावित होती है एवं उनमें चिड़चिड़ापन की समस्या भी बढ़ती है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में भारत में करीब तीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। और 2028 तक यह संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जाने की संभावना है।

वहीं एक अन्य आंकड़े की बात करें तो वर्तमान में देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार करीब सात से दस हजार करोड़ रुपए के बीच है। जिसके अगले एक साल में 29 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इन आंकड़ों से ही स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। लेकिन इसको लेकर न हमारी व्यवस्था सचेत नजर आती है और न ही परिजनों के पास इतना समय होता है कि वे हर पल बच्चों पर नजर रख सकें कि आखिर मोबाइल में उनका बच्चा क्या कर रहा है?

गौरतलब है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत (जिसे गेमिंग डिसऑर्डर नाम दिया गया है) को मानसिक अस्वस्थता की स्थिति माना है। जब कोई बच्चा लगातार घंटों तक मोबाइल और कंप्यूटर गेम खेलता है तो उसकी आंखों और शरीर के अन्य अंगों पर उसके गंभीर दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। वैसे संयुक्त परिवार की जड़ों से हमारे समाज का कटना भी कई समस्याओं का कारण है। और इसके लिए हम सरकार को दोष नहीं दे सकते। फिर भी ऑनलाइन गेमों पर अंकुश आज की जरूरत है और इसे गंभीरता से लिया भी जाना चाहिए। देखा जाए तो मोबाइल जीवन में अब शायद सांस लेने जितना जरुरी हो गया है। जिसके बिना हम जी नहीं सकते। मगर इसने हमें काफी हद तक नुकसान भी पहुंचाया है।

# कड़वाहटों को कब तक ढोते रहेंगे

हर धर्म के मुख्य त्योहारों पर बधाई देना मेरी आदत में शुमार है। इस बकरीद में भी मैने बधाई दी, जिस पर कुछ भाइयों ने नाराजगी जाहिर की। प्रत्येक व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है लेकिन किसी अन्य के त्योहार की बधाई देना घृणित कार्य कैसे हो गया,यह मेरे समझ से परे है। प्रतीत होता है कि यह विभिन्न राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा फैलाए जा रहे धार्मिक विद्वेष एवं घृणा का ही यह परिणाम है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

> प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें?

काम, क्रोध, लोभ, मोह की तरह घृणा भी मानव स्वभाव का ही अंग है। हम अपने परिवार के किसी सदस्य से या किसी पड़ोसी से किसी कारण वश घृणा करते हैं लेकिन यहां तो धर्म के आधार पर करोड़ों व्यक्तियों से घृणा की बात है। यह सत्य है कि मुसलमानों ने अतीत में हमारे देश पर आक्रमण कर हमें पराजित किया, कुछ लूटपाट कर वापस लौटे तथा कुछ ने यहां राज किया और हमारे धार्मिक स्थल तोड़े, हमें प्रताड़ित किया, गुलाम बनाया,धर्म परिवर्तित कराया। क्या इसलिए मुस्लिमों से घृणा की जाय? तो ऐसा ही कुछ कार्य पोर्तुगीज, डच, फ्रेंच और ब्रिटिश ने भी यहां आधिपत्य जमा कर किया। जलियांवाला बाग का सामूहिक नरसंहार तो 100 वर्ष ही पुराना है जबकि मुस्लिम राज्य तो कई शताब्दी पुराने है। इसाई तो अभी भी बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनसे ऐसी घृणा क्यों नहीं? ऐसा ही कार्य तो अतीत में सवर्ण हिंदुओं ने दलितों के साथ किया है। उन्हें अछूत माना, सामान्य नागरिक अधिकार तक नहीं दिया। तपस्या कर रहे शंबूक की हत्या की गई। मंदिरों में पूजा करने की कौन कहे, कितनी जातियों को मंदिर प्रवेश से वंचित किया गया। तो क्या ऐसी जातियां तथाकथित उच्च जातियों से अब घृणा करें,उनका बहिष्कार करे, उन्हें मतदान न करें? प्राचीन काल में हमारे देश के ही राजाओं में राज्य विस्तार, स्त्री, अहंकार या पुरानी शत्रुता के लिए युद्ध होते रहे हैं और विजयी राजा पराजित राज्य की प्रजा का उत्पीड़न भी किया करते थे, लेकिन सारी प्रजा हिंदू ही थी, इसलिए धर्म परिवर्तन की बात नहीं आई। मुस्लिमों ने भी विजयी होकर हमारा उत्पीड़न किया क्योंकि हम शत्रु प्रजा थे। उनकी दृष्टि में हम काफिर थे इसलिए धर्म के आधार पर भी उत्पीड़न हुआ। मुसलमानों की संख्या हमारी तुलना में कम थी, अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए साम, दाम, दंड भेद का सहारा लेकर उन्होंने हमारा धर्म परिवर्तन भी कराया। अंग्रेज जाते जाते धर्म के आधार पर देश का विभाजन भी कर गए, इससे धार्मिक विद्वेष पुनः चरम पर पहुंच गया।

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें? आज हम रोहिंग्या मुसलमान तथा अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशी मुसलमानों को तो निकाल नहीं पा रहे हैं, 20 करोड़ वैध मुसलमान नागरिकों को कैसे निकालेंगे,कौन सा देश उन्हें स्वीकार करेगा? मुसलमानों को भी विचार करना होगा कि उनके पूर्वजों द्वारा किए गए अत्याचारों से हिंदू उनसे नाराज़ है,वे कोई ऐसा काम न करें जिससे यह कटूता बढ़े। दुष्टों की कमी दोनों संप्रदाय में नहीं है जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भरसक प्रयास करें, ऐसे तत्वों का हम सामाजिक बहिष्कार करें तथा इनसे शासन, प्रशासन सख्ती से निपटे। राजनीतिक दल वोट के लिए तुष्टिकरण एवं घृणा का खेल बंद कर सामाजिक समरसता का प्रयास करते रहें। विभेद कारी शिक्षा दृढ़ता से बंद की जाय। पुरानी तल्खियों को कब तक हम ढोते रहेंगे?

यह देश हम सभी का है यदि साथ साथ हम न चले तो हम सब मिट जाएंगे। खालिस्तान की आग बहुत कुर्बानी के बाद बुझी लेकिन विदेशों में अभी भी धधक रही है। नागालैंड तो कुछ शांत हुआ लेकिन मणिपुर की हिंसा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मैंने उत्तर प्रदेश पुलिस में 1977 से 2013 तक सेवा की है और इस अवधि में छ दंगे झेले हैं। इन दंगों में सबसे बड़ा नुकसान होता है आपसी संबंधों का जिन्हें सामान्य होने में दशकों लग जाते हैं। इन दंगों से देश में जो हानि होती है,उससे कहीं अधिक हानि विदेशों में होती है। हमारी विरोधी लाबी इसका दुष्प्रचार करके हमें बदनाम करती है। अधिकांश मुस्लिम देश हमारे मित्र हैं। दंगों से उनसे हमारे संबंध खराब होते हैं और व्यापारिक क्षति पहुंचती है। विदेशों में रहकर पैसा कमाने वालों पर संकट आता है, उन्हें जीवन भय भी बना रहता है।

## सोशल फोरम

# पर्यावरण समस्या का दोषी मनुष्य

पर्यावरण की समस्या पृथ्वी में मौजूद जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ी है। यह सृष्टि अनंत संयोगों से बनी है। इस पर जीवन भी अरबों साल में अनंत संयोगों से धीरे-धीरे विकसित हुआ है। अगर इन संयोगों में एक संयोग वैसा न होता, जैसा वह हुआ, तो संभव है हम मनुष्य इस धरा पर न विकसित होते! हम मनुष्य तो इस पृथ्वी पर अन्य जीवों की तुलना में बहुत बाद में विकसित हुए हैं।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह दुनिया अनंत काल में स्वतः बनी है। यह आत्मसंचालित और आत्मनियंत्रित है। अगर यह स्वतः विकसित न होती, तो इसके विकास में अनंत समय न लगता। इसी तरह मनुष्य भी कंदराओं, गुफाओं में रहते, आखेट करते, पत्थरकाल, आदि कालों से गुजरता हुआ न आगे बढ़ता, बल्कि पूर्ण विकसित सभ्यता-संस्कृति के साथ पैदा होता और दुनिया के सभी मनुष्यों की एक ही सभ्यता-संस्कृति होती। वास्तव में दुनिया के विभिन्न समाजों में ईश्वर संबंधी विचारों की भिन्नता इसलिए है, क्योंकि यह विचार मानव के मन की उपज है।

इस पृथ्वी को बचाने, संरक्षित करने और सुंदर बनाने का दायित्व मनुष्य का है, क्योंकि संयोगों द्वारा प्राप्त तथाकथित योग्यता के कारण हम मनुष्य इस पृथ्वी के उपभोक्ता बन बैठे हैं। इसकी हमने अपने हिसाब से मनुष्य को केंद्र में रखकर मनमानी व्याख्या की है। इसका हमने अंधाधुंध दोहन किया है। आज पर्यावरण को लेकर जो समस्या खड़ी है, उसका एकमात्र दोषी मनुष्य है। आज की परिस्थितियों में पेड़ काटना मानव वध से गंभीर अपराध है। इसलिए यह हम सभी मनुष्यों का दायित्व है कि हम प्रकृति को बचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। आवश्यकता से अधिक इसके संसाधनों का उपभोग करने से बचें। उपभोक्तावादी दृष्टिकोण को बदलें। अब बहानेबाज़ी, विलंब और हीलाहवाली करने का समय नहीं रहा। पहले ही इस मामले में बहुत देर हो चुकी है।

–फेसबुक वॉल से

# जरुरी स्वास्थ्य या पैसा

नशीली चीजों और पदार्थों के निराकरण के लिए प्रत्येक 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसंबर 1987 से इसे मनाने का निर्णय किया था। आंकड़ों के अनुसार शराब पीने वालों की संख्या पूरी दुनिया में 230 करोड़ के लगभग है। इसमें सबसे सबसे ज्यादा अमेरिका, यूरोप,और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय देशों के लोग है जबकि भारत में शराब पीने वाले करीब 16 करोड़ है। यह आश्चर्य की बात है कि देश में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। भारत में शराब की खपत के मामले में सबसे ऊपर छत्तीसगढ़ है। यहां कुल आबादी का 35.67 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा का नाम है और जहां शराब पीने वालों की तादाद कुल जनसंख्या का 34.7 प्रतिशत है जबकि आंध्र प्रदेश 34.5 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर और 28.5 प्रतिशत के साथ पंजाब चौथे नंबर पर है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वैश्विक बीमारी के बोझ का लगभग 5.1 प्रतित शराब के सेवन के कारण है और हर साल लगभग 3.3 मिलियन मौत का कारण यह बनता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार हर 20 में से एक व्यक्ति को मौत का कारण शराब ही है। केवल भारत में हर साल शराब की वजह से 2.5 लाख मौतें हो जाती हैं जो काफी दुर्भाग्य पूर्ण है हर साल हजारों लोग जहरीली शराब से भी मरते है। इन सबके बाबजूद भारत में सरकारों के लिए शराब 'खराब' नहीं है। क्योंकि उनके राजस्व वसूली में से 10 से 15 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से होती है।

हमारे समाज में दिन प्रतिदिन मादक पदार्थों व द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की लत और नशीली चीजों के समाज को अवगत कराना होता है ताकि मादक द्रव्यों और पदार्थों के सेवन से रोकथाम के लिए उचित वातावरण और चेतना का निर्माण हो सके।

शराब बंदी सही और ठोस उपाय नहीं है। जिन्हें पीनी होती है वो नकली पी कर भी जान गंवाते हैं। जिन प्रदेशों में बंदी है वहां स्मगलिंग के द्वारा पहुंचती है। इलेक्शन के दौरान जिन्हें पिलानी होती है वो पहले से ही इंतज़ाम करके रख लेते हैं। सामाजिक चेतना और लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है।

ऐसी भी सरकारें हैं जो बढ़ावा देने के लिएएक पर एक फ्री की स्कीम चलाती हैं। ऐसे लोगों के लिए दंड व्यवस्था आवश्यक है, पंजाब में हर तरह के नशे को जीवन में घोल दिया गया है।

उन शहरों में जहां स्कूल कालेज के हब हैंटार्गेट बना कर पूरी पीढ़ियों को नशे की लत विदेशी एजेंसियों के द्वारा लगाई जा रही हैइन साजिशों को बेनकाब करना भी बहुत ज़रूरी है।

आमदनी बढ़ने के साथ ही मोबाइल, मोटरसाइकिल, कार खरीदने के साथ नशे की लत भी बढ़ रही है। इसलिए सामाजिक चेतना और स्वयं पर नियंत्रण ही सबसे प्रभावी कदम हो सकते हैं। इसके विपरित हाल में मुंबई के अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के अनुसार एमएलसी पोल के दौरान 24, 25, और 26 जून को मुंबई में होने वाली शराब बंदी का विरोध किया जा रहा है। मुंबई के करीब 15000होटल और बार इस शराब बंदी का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे 100 करोड़ का नुकसान होगा इसके लिए वो न्यायालय की शरण में भी गए हैं। अब माननीय न्यायालय को ही तय करना है की स्वास्थ्य और पैसे में क्या जरूरी है?

# संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है। लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। लेकिन स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर- इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं। मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभिक विकासकाल से ही मनुष्य जहां औज़ार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामुहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है; ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है; ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं।

पहली चीज़ समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज़ पीछे ले जाती है। लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

## एक नजर

### मुख्य मार्ग पर काफी समय से खराब पड़ी है स्ट्रीट लाइट

**सुरसा, हरदोई।** कस्बा के निकट दयानंद इंटर कॉलेज में पूर्व सांसद द्वारा लगवाई गई थी स्ट्रीट लाइट काफी समय से खराब पड़ी है। जिसकी वजह से रात में यहां पर अंधेरा रहता है स्ट्रीट लाइट खराब होने से शाम होते ही मुख्य मार्ग पर अंधेरा छा जाता है। तीन वर्ष पहले लगी यह लाइट कुछ माह पहले खराब हो गई थी, तब इसे सही करने के लिए उतार लिया गया था। महीनों बीत जाने के बाद भी दोबारा नहीं लगवाया जा सका, जिससे ग्रामीणों को दिक्कतें आ रही हैं।

### पत्नी के साथ लौट रहे युवक को रोककर की गई मारपीट

**अमेठी, अमृत विचार।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ निमंत्रण से लौट रहे पशु मित्र को रास्ते में रोककर मारपीट की गई। धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। पत्नी के शोर मचाने पर आस-पास मौजूद लोगों ने युवक को बचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित कमलेश ने बताया कि रविवार की शाम अम्मरपुर गांव में भंडारे का आयोजन था। जिसमें काफी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। भण्डारे में दो पक्षों में मारपीट हो रही थी, जिसमें कमलेश ने बीच बचाव किया था। भंडारे के बाद कमलेश अपनी पत्नी के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। तभी बीच-बचाव से नाराज एक युवक ने अपने साथियों के साथ रास्ते में घेर लिया और मारपीट करने के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया। पत्नी के शोर मचाने पर उसकी जान बच सकी। सोमवार को घायल कमलेश ने संग्रामपुर थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ईश नारायण मिश्र ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई हैं, मामले की जांच की जा रही हैं।

### दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौरीगंज, अमेठी।** थाना जामो पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार वांछित अभियुक्त आलोक सिंह (33) व आशुतोष सिंह (23) निवासीगण अमर ओझा मजरे बरौलिया को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत व दो लोग घायल

## तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी से जान गंवा रहे लोग, सड़क पर खड़े ट्रक बने काल

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** पिछले 24 घंटों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बघौली थाना क्षेत्र में लखनऊ-पलिया हाई-वे पर साइकिल सवार को बचाने में ट्रैक्टर और पिकअप में टक्कर हो गई, जिससे पिकअप सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। बघौली थाना क्षेत्र में ही एक अन्य घटना में तेज रफ्तार युवक की बाइक पेड़ से टकराई गई। जिससे युवक की मौत हो गई। इसके अलावा सण्डीला के कोथावां क्षेत्र में हुए हादसे में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा कर फाइनेंस कंपनी के बाइक सवार एजेंट की मौत हो गई। वहीं बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में दवा लेकर लौट रहे अधेड़ बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे अधेड़ की मौत हो गई।

पहली घटना में सोमवार की सुबह बघौली थाने के गोपीपुरवा के पास लखनऊ-पलिया हाईवे ट्रैक्टर और पिकअप जा रहे थे, उसी बीच बघौली



ट्रैक्टर की टक्कर से क्षतिग्रस्त पिकअप।

थाने के गोपीपुरवा के पास अचानक से साइकिल सवार सामने से आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर और पिकअप में टक्कर हो गई। हादसे में कछौना कोतवाली के गोसहा मजरा कुकुही निवासी रवि प्रकाश (40), बघौली थाने के मढ़िया पिपोना निवासी करन लाल (35) पुत्र छेदा व सुशील राठौर (30) निवासी रावबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही रवि प्रकाश की मौत हो गई। एसएचओ बघौली विवेक वर्मा का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है।

### मंडी से सब्जी खरीदकर लौट रहा था वापस, हो गई मौत

लखनऊ-पलिया हाई-वे पर हुए हादसे में जान गंवाने वाला रवि प्रकाश के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और दो बेटे है। रवि सब्ज़ी बेंच कर अपने परिवार के साथ बड़ी आराम से गुज़र-बसर कर रहा था। सोमवार की अलल सुबह नवीन सब्ज़ी मण्डी से सब्ज़ी खरीद कर पिकअप से वापस लौट रहा था, उसी बीच रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। सुशील राठौर खजुरमई तिराहे पर समोसे की दुकान चलाता है, वह भी साथ में सब्ज़ी खरीद कर लौट रहा था।

दूसरी घटना में बघौली थाने के बिराजी खेड़ा निवासी 28 वर्षीय पप्पू पुत्र राम प्रसाद की ससुराल इसी थाने के गौरपुर में सियाराम के यहां है। पप्पू के चाचा सुंदर लाल गौरपुर में थे। रविवार को पप्पू बाइक से उन्हे लेने गया हुआ था, लेकिन सुंदर लाल ने जाने से मना कर दिया। उसके बाद पप्पू शाम को अकेले लौट रहा था। रास्तें में बघौली थाने के ही वैशपुर के पास उसकी बाइक एका-एक बहकी और सड़क के किनारे पेड़ में जा टकराई,



फाइनेंस कंपनी के मृतक एजेंट की फाइल फोटो।

टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि पप्पू की वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। खेती-बाड़ी करने वाले पप्पू के परिवार में पत्नी सावित्री के अलावा दो बेटे आयुष, पीयूष और एक बेटी आवंशी है।

तीसरी घटना सण्डीला क्षेत्र की है। टड़ियावां थाने के रावल निवासी इलियास गाज़ी (35) फाइनेंस कंपनी का एजेंट था। रविवार को वह कंपनी के काम से सण्डीला गया हुआ था और रात में वहीं से वापस लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में उसकी बाइक कोथावां के पास सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे इलियास बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज भिजवाया। जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। वहीं उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। तीन भाइयों में एक बड़ा और एक उससे छोटा भाई है। इलियास के दादा मुसाहब अली रावल के प्रधान रह चुके है। हादसे की खबर सुनते ही समूचे रावल गांव में कोहराम मच गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

चौथी घटना में बेहटा गोकुल थाने के सिकंदरपुर बैजू निवासी 48 वर्षीय दीपक सिंह पुत्र राणा प्रताप सिंह सोमवार को दवाई लेने शहर आया हुआ था। जैसा कि बताते है कि दोपहर बाद दीपक सिंह घर वापस लौट रहा था, उसी बीच हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर कोतवाली देहात के चरौली के पास उसे एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचवाया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले दीपक सिंह का एक बेटा अजय प्रताप सिंह है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर खाई में पलटी, युवक घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** दनियापुर फाटक के पास एक तेज रफ्तार बाइक नियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। जख्मी हालत में 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। शाहाबाद कोतवाली के नगला गणेश निवासी अंकित 30 वर्ष पुत्र कृष्ण पाल रात्रि तकरीबन 10 बजे बाइक से अपने बहनोई के गांव धर्मापुर जा रहा था। वह जैसे ही दनियापुर फाटक के पास पहुंचा। बाइक तेज रफ्तार होने की वजह से अनियंत्रित हो गई और खाई में पलट गई जिससे उसके पैर और सिर में गंभीर चोटें आईं। जख्मी हालत में उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी लाया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया। घायल शराब के नशे में धुत था जिसकी वजह से दुर्घटना घटित हुई।

### उर्वरक केन्द्रों पर की गई छापेमारी

**अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को कृषि विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी की। इस दौरान 34 दुकानों की जांच की गई और 16 नमूने लिए गए हैं। जांच में गड़बड़ी मिलने पर जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने तिलोई तहसील के तीन उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की है। जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि सभी बिक्री केंद्रों को निर्धारित रेट पर पीओएस मशीन से उर्वरकों की बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। किसान भाई कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए मंत्री को लिखा पत्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड कछौना की ग्राम सभा गौसगंज में स्थित पौराणिक मंदिर मां शीतला मंदिर का सौंदर्यकरण व कायाकल्प कराने के लिए सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन विभाग को पत्र लिखा है। मन्दिर के कायाकल्प हेतु ट्रस्ट टीम अंजू सिंह पत्नी रवीश कुमार सिंह सतत प्रयासरत हैं।

बताते चले यह मंदिर सईं नदी के किनारे रमणीक वातावरण में स्थापित है। यह मंदिर लगभग 200 वर्षों पुराना है। आसपास के लोग को आकर आध्यात्मिक वातावरण में शांति मिलती है। लगभग दो एकड़ भूमि का क्षेत्रफल है। जिस पर एक समुदाय के लोग अवैध कब्जा कर कब्रिस्तान बनाए थे। ग्राम सभा गौसगंज के प्रबुद्धजनों द्वारा इसके कायकल हेतु पहल की गई। प्रशासन के सहयोग से अवैध कब्जा हटवाया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारी गण अंजू सिंह पत्नी रवीश कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक सचिव बाबूराम कनौजिया, कोषाध्यक्ष अनुरोध कुमार सहित पदाधिकारी गणों व प्रबुद्धजनों के सहयोग से मंदिर की बाउंड्रीवाल व अन्य कार्य कराए गए। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल का मंदिर के कायाकल्प में विशेष योगदान रहा। मंदिर का जीर्णोद्धार, इंटरलॉकिंग, सामुदायिक शौचालय, मुख्य प्रवेश द्वार, पेयजल हेतु आदि सुविधा उपलब्ध कराई गई। सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह के सहयोग से सोलर लाईटें, मंदिर के लिए अलग से विद्युतीकरण की व्यवस्था हेतु प्रयास किया जा रहा है।

क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा की तरफ से आरसीसी सड़क निर्माण के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। जिला पंचायत सदस्य पूजा पटेल पत्नी डॉ० प्रत्यूष पटेल की तरफ से डिजिटल पुस्तकालय की आधारशिला रखी गई है। मंदिर प्रांगण में धार्मिक मंच सभागार वाटर कूलर आदि सुविधाओं के लिए सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने शासन के मंत्री सांस्कृतिक एवं पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर पर्यटन विभाग के तहत सौंदर्यीकरण की मांग की। इससे आम जनमानस को आध्यात्मिक स्थल की प्रदेश पटल पर पहचान मिलेगी। वहीं छात्रों को सुकून वातावरण में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा मिलने से बेहतर शिक्षा का माहौल मिलेगा। पुरातन संस्कृति की जानकारी के साथ शिक्षा का वातावरण मिलेगा। वहीं क्षेत्र के लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम व आयोजन की सुविधा मिलेगी। जनप्रतिनिधि गण के अथक प्रयास की आम जनमानस सराहना कर रहे हैं। क्षेत्र सहित प्रदेश पटल पर मंदिर को नई पहचान मिलेगी, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।



### मुख्य सेविकाओं व परियोजना अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में कई वर्षों से बाल विकास विभाग में तैनात मुख्य सेविकाओं व परियोजना अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग को लेकर कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कहा कि वर्षों से जमे अधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल पा रहा है। आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि जिले में बाल विकास विभाग में कई मुख्य सेविकाएं व अन्य अधिकारी 10 वर्ष से अधिक से यहां पर तैनात हैं। जिसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। कई बार स्थानांतरण नीति आने के बावजूद वह यहां डटे हुए हैं। जिस कारण भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

# भीड़ देख पोस्टमार्टम हाउस पर डटी रही पुलिस

संवाददाता, हरदोई

**फॉलोअप**

**सड़क हादसे में मारे गए व्यापारी के बेटे के शव का हुआ पोस्टमार्टम**

**अमृत विचार।** माधौगंज के व्यापारी पुत्र की हादसे में मौत होने के बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ उसकी डेड बाडी के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। भीड़ को देखकर ला एंड आर्डर को बनाए रखने के लिए कोतवाली शहर और देहात की पुलिस को वहां तैनात किया गया, साथ ही पुलिस अफसर भी मानिटरिंग करते रहे। डीएम की परमीशन पर आधी रात को पोस्टमार्टम हुआ और डेड बाडी के जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

रविवार की शाम को माधौगंज के व्यापारी आनंद कुमार गुप्ता के पुत्र नैमिष गुप्ता की बिलग्राम कोतवाली के सदरपुर के पास हुए हादसे में मौत हो गई थी। बिलग्राम पुलिस ने डेड बाडी को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम हाउस भेजा। डेड बाडी के साथ वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ भी पहुंच गई। भीड़ को देख कर डेड बाडी के साथ आई पुलिस ने एसएचओ बिलग्राम को रिपोर्ट की, उसके बाद वहां कोतवाली शहर और देहात की पुलिस तैनात की गई। लगभग सारी रात वहां पुलिस की निगरानी रही। साथ ही अफसर भी पल-पल की मानिटरिंग करते रहे। जिलाधिकारी की परमीशन पर पोस्टमार्टम के बाद वहां से डेड बाडी जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। इसके बाद परिजनों ने शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

### बाहर से बुलाना पड़ा सफाईकर्मी

पोस्टमार्टम हाउस पर तैनात कर्मियों की मनमानी का आलम यह है कि व्यापारी पुत्र के शव के पोस्टमार्टम के लिए डीएम की परमीशन थी, उसके बाद भी वहां तैनात स्वीपर गायब था। जिसके बाद बाहर से सफाईकर्मी को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया गया।



### सीएचसी में खराब पड़ा है हैंडपंप

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के साथ पानी बिजली व शौचालय की बेहतर व्यवस्था होने का दावा किया जाता है, वहीं स्थानीय सीएचसी पर लगा हैंडपंप खराब होना विभागीय दावे को पूरी तरह से खोखला साबित कर रहा है। भीषण गर्मी में अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को शुद्ध पानी के लिए कैंटीन की तरफ रुख करना पड़ रहा है।

## सार-संक्षेप

### दबंगों ने परिवार के साथ की गाली-गलौज, केस दर्ज

**पाली, हरदोई।** पाली कस्बे के खुजकीपुर बिरहाना में दबंगों ने दरवाजे पर जाकर एक परिवार को गाली गलौज कर घर में घुसने की कोशिश की थी। आरोपियों की यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पाली कस्बे के खुजकीपुर बिरहाना निवासी शीला पत्नी नरवीर ने शनिवार को थाने में दी तहरीर में बताया था कि दोपहर को उसके दरवाजे पर आकर जीतू व दीपू पुत्रगण मुकेश, रूवाली पुत्र मचले, मचले व मुकेश पुत्रगण हरिशंकर निवासी मोहल्ला रामनगर ने उसे व उसके पुत्र अक्षय एवं पति नरवीर को गालियां दी और घर में घुसने की कोशिश की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी पूर्णतया झगड़े पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की यह करतूत पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, सीसीटीवी का फुटेज वायरल हो गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने सोमवार को बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।



जयकारों के साथ रवाना होते यात्री। अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रा के लिए गया श्रद्धालुओं का जत्था

**हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार को बाबा बर्फानी के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। भोले के जयकारे के साथ तमाम लोग इन यात्रियों को विदाई देने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। बताते चलें कि जिला मुख्यालय से प्रतिवर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए लोग जाते हैं। इस बार भी सोमवार को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। बाबा बर्फानी जाने वाले श्रद्धालु 2004 से जाने शुरू हुए। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती चली गई। सोमवार से दो दर्जन से अधिक लोग बाबा के दर्शन के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु संदीप ने बताया कि सभी लोग ट्रेन से हरिद्वार पहुंचेंगे। गंगा स्नान के बाद जम्मू जाकर माता वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे। उसके बाद अमरनाथ की यात्रा के लिए रवाना हो जाएंगे। यात्रा करने के बाद भंडारा करेंगे। यात्रा कर पांच जुलाई को यह लोग वापस आएंगे। श्रद्धालुओं को विदा करने के लिए तमाम लोग सोमवार को रेलवे स्टेशन पहुंचे किसी ने यात्रियों को जलपान कराया, वहीं इन यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यात्रियों के स्टेशन पर पहुंचते ही माहौल भक्तिमय हो गया। हर-हर भोले के जयकारों से स्टेशन परिसर गुंजायमान हो गया।

# ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाला, लगाई गुहार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला बजरिया में ब्याही विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है।

सदर कोतवाली हरदोई के मोहल्ला सदर बाजार निवासी शिखा देवल ने बताया कि उसका विवाह 8 वर्ष पूर्व कोतवाली के मोहल्ला बजरिया निवासी पवन देवल पुत्र राजेश देवल के साथ हुआ था। मायके वालों ने हैसियत मुताबिक दान दहेज भी दिया था, लेकिन ससुर राजेश देवल, सास शारदा और पति दहेज को लेकर संतुष्ट नहीं थे। विपक्षी दहेज में एक लाख रुपए अलग से लाने का दवाब बनाते हैं और मारपीट करते हैं। उसके माता पिता की इतनी हैसियत नहीं कि वह एक लाख रुपए दे सकें। 11 अप्रैल को विपक्षियों ने एक राय होकर उसे मारपीट कर घर से पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। वह किसी तरह अपने मायके पहुंची उसके माता पिता ने विपक्षियों की बहुत मान मनौव्वल की, लेकिन वह लोग उसे बिना एक लाख रुपए के रखने को तैयार नहीं हुए।

# पति व उसके दोस्त पर हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** अतरौली थानाक्षेत्र के गौरीकला गांव में गर्भवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। भाई ने दहेज के लिए जहर पिलाकर पति व उसके दोस्त पर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी हुई है।

थाना क्षेत्र अतरौली के ग्राम हयातगंज निवासी इंद्रेश पुत्र कैलाश ने बताया कि बहन मालवती 26 की शादी गौरी कला निवासी विपिन के साथ 14 फरवरी को की हुई थी, जिसके बाद से ही विपिन व उसका दोस्त अबरार



रोते बिलखते मृतका के परिजन व मृतका मालवती की फाइल फोटो (इनसेट में)।

दहेज में एक लाख रुपए व बाइक की मांग करते हुए रोज परेशान करते थे। आरोप है रविवार रात विपिन ने मालवती की पिटाई करते हुए जहर पिलाकर हत्या कर दी। मालवती तीन माह की गर्भवती थी। पति विपिन ने बताया रविवार रात बेमतलब मलवती कहासुनी कर रही थी जिस पर डांट दिया था, जिसके बाद मालवती ने शायद कुछ खा लिया था जिसको लेकर लखनऊ जा रहे थे रास्ते में मौत हो गई। एसएचओ डीके सिंह ने बताया शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### महिला की मौत में पति के दोस्त की भूमिका

मालवती की मौत के मामले में पति व इसके अबरार पर मुकदमा दर्ज होने के बाद यह कहां किसी के गले नहीं उतर रही है। आखिर पति के साथ दोस्त को मामले में नामजद क्यों किय गया है।

**प्रतियोगिता** | स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहा एप्टेक अंडर-16 कप

# जयपुरिया इलेवन ने फाइनल में बनाई जगह

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे एप्टेक अंडर-16 कप में सोमवार को जयपुरिया इलेवन के सक्षम ने पहले शानदार बल्लेबाज़ी की फिर गेंदबाजी की बदौलत जयपुरिया इलेवन ने सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल को 95 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को एप्टेक अंडर-16 कप का छठा मैच जयपुरिया इलेवन और सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। मैच में टॉस जयपुरिया इलेवन के कप्तान शास्वत मिश्रा ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया इलेवन ने निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 193 रनों का स्कोर खड़ा किया। जयपुरिया इलेवन की तरफ से सक्षम गुप्ता 65 रन, जय प्रकाश कश्यप 38 रन, लक्ष्मी नारायण मिश्रा ने 36 रनों का योगदान किया। सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की तरफ से कृष्णा 3 विकेट, सचिन 2 विकेट, धीरज, सौरभ, प्रकाश ने 1-1 विकेट लिया व एक खिलाडी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाज़ी करने सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की टीम 20.1 ओवर मे सभी विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी। सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की तरफ से कृष्णा 23 रन, सौरभ 21 रन, हिमांशु ने 21 रनो का योगदान किया। जयपुरिया इलेवन की तरफ से शास्वत मिश्रा ने 4 विकेट, सक्षम गुप्ता 2 विकेट, विवेक 2 विकेट, आर्यन ने 1 विकेट लिया। मैच में जयपुरिया इलेवन ने 95 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सक्षम गुप्ता को मिला।

सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच अप्टेक इलेवन व जयपुरिया इलेवन के बीच मंगलवार की सुबह खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व अनुज वर्मा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। मैच के दौरान अनूप पुरी, अर्जित मित्तल, लकी गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, राधा कृष्ण गुप्ता व राणा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में मारपीट पांच लोग घायल, दी तहरीर

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** भजनपुरवा में दबंगों ने पारिवारिक विवाद में एक परिवार के पांच लोगों को लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। उच्च अधिकारियों ने कार्यवाही का आदेश दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर का मजरा भजनपुरवा निवासी सतीश ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के संतोष से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। 18 जून को संतोष गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर संतोष के पुत्र पिंटू, छोटू उर्फ पुष्पेंद्र, अनुपम लोहे की राड लेकर आए और उसे पीटने लगे। पीड़ित के बेटे राजू, सुजीत, विकास, आकाश बचाने गए तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर मारपीट का हवाला देकर पुलिस शिकायत की। पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर सोमवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। दूसरे पक्ष के संतोष ने पुलिस को तहरीर में बताया कि सतीश, राजू, आकाश, छोटू उर्फ़ सुजीत, आकाश ने गाली गलौज कर घर ईंट पत्थर फेंके और मारपीट की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला-हरदोई**

पत्रांक- 206 / न0पा0परि0/स्वा0वि0/2024-25 दिनांक :- 24-06-2024

**निविदा सूचना**

समस्त प्रकार के प्रतिष्ठानों / दुकानों / संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि जिन प्रतिष्ठानों / दुकानों / संस्थाओं के द्वारा लगभग 100 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन उत्सर्जित किया जाता है, वह ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन अधिनियम 2016 के तहत ठोस बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में आता है। ठोस अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे तथा सूखे कचरे को नगर पालिका परिषद सण्डीला को प्रदान करेंगे।

अतः उपरोक्तानुसार ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों / दुकानों/संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि स्वयं को बल्क वेस्ट जेनरेटर घोषित करते हुए नगर पालिका परिषद सण्डीला को अपने पत्र द्वारा सूचित करने का कष्ट करेंगे अन्यथा नगर पालिका परिषद सण्डीला द्वारा चिन्हित किये जाने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूल किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं प्रतिष्ठान का होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सण्डीला

## एक नजर

### गैरहाजिर रहे 79 क्षेत्र पंचायत सदस्य, स्थगित की गयी बोर्ड की बैठक

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास के मुद्दों पर चर्चा को लेकर बुलाई गई बोर्ड बैठक में 22 क्षेत्र पंचायत सदस्य समय पर पहुंचे, जबकि 79 क्षेत्र पंचायत आए ही नहीं। ऐसे में कोरम पूरा न होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सिधौली ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी। ब्लाक प्रमुख राम बख्श रावत समय से पहुंच गए। बैठक के हंगामेदार होने की आशंका के चलते पुलिस ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की थी। बैठक में 101 के सापेक्ष केवल 22 सदस्य ही मौजूद रहे। जिस कारण बैठक निरस्त कर दी गई। जबकि कोरम के लिए 35 सदस्यों का बैठक में मौजूद होना अनिवार्य है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार, एडीओ कृषि योगेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि के तौर पर विधानसभा अध्यक्ष सपा रमेश यादव, एडीओ समाज कल्याण शुभम वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य बब्लू मिश्रा, सुशील कुमार, रोहित भारती, रामनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रधान समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**महमूदाबाद सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील के ग्राम न्यामतपुर लबरहा में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यामतपुर लबरहा में गाटा संख्या 237 रकबा 0 .228 हे . जो राजस्व अभिलेखों में रास्ता के रूप में दर्ज है। इसी भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के 100 पेड़ों को बीती 18 जून को रामप्रवेश व मुन्ना ने काट लिया था। ग्राम प्रधान सुमैया खातून, रामप्रवेज व मुन्ना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुलिस कस्टडी में मौत मामले में तीन सिपाहियों को 10-10 साल की जेल

## वर्ष 2003 में युवक डालचंद्र ने पुलिस चौकी के कमरे में लगाई थी फांसी

**अदालत से**

- दो सेवानिवृत्त सिपाहियों सहित एक तैनात सिपाही को एससी/एसटी कोर्ट ने भेजा जेल, 21-21 हजार का लगाया जुर्माना

संवाददाता, सीतापुर



**अमृत विचार :** पुलिस अभिरक्षा में युवक द्वारा फांसी लगाये जाने के मामले में आरोपी तीन आरक्षियों को एससी/एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने दोषी करार देते हुए तीनों आरक्षियों को 10-10 साल की सजा के साथ 21-21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वर्ष 2003 जुलाई के मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद दो रिटायर हो चुके सिपाहियों सहित एक तैनात आरक्षी को जेल भेजा है। मामले में सुनवाई के दौरान तीनों आरक्षी जमानत पर थे।

7 जुलाई वर्ष 2003 को रामकोट थाना इलाके के ग्राम मोहद्दीनपुर निवासी डालचंद्र (25) न्यायालय में अपने ऊपर चल रहे एक मुकदमे की पैरवी कर वापस घर जा रहा था। मुकदमे की पैरवी कर रहे भाई मैना ने बताया कि रास्ते में करीब 4 बजे कचनार चौकी पर तैनात आरक्षी केशरीनंदन पटेल और आरक्षी सुरेश ने डालचंद्र हिरासत में लेकर उसे चौकी कचनार ले गये। जहां पर जानकारी हुई कि चौकी पर आरक्षी सियाराम यादव की देखरेख में उसे गुंडा एक्ट के एक वारंट में कमरे में बंद कर दिया गया था। जहां शाम 5 बजे डालचंद्रने कुंडे से लटक कर पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या कर ली थी। आरोपी की पुलिस अभिरक्षा में मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई मैना की तहरीर पर धारा 342,306 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश पोस्टमार्टम रिपोर्ट व बयानों के आधार पर शुरू की। पुलिस ने मामले की विवेचना के उपरान्त केस डायरी को न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय तीनों आरोपियों को जमानत पर रखकर सुनवाई कर रहा था। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अरुण कुमार अग्निहोत्री व अतुलंजय कुमार तिवारी ने सजा पर बहस की।

### 10 साल की सजा व 21 हजार जुर्माना

विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी मो शफीक ने मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को कटघरे में खड़े तीनों आरक्षियों को पुलिस अभिरक्षा में युवक डालचंद्र की मौत का दोषी करार देते हुए धारा 342 व 306 के तहत दोषी करार देते हुए सजा का ऐलान किया। न्यायाधीश ने तीनों आरक्षियों को 10-10 साल की सजा के साथ 21-21 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के फैसले के बाद पुलिस ने तीनों आरक्षियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### दो आरक्षी सेवानिवृत, एक पोस्टेड

वर्ष 2003 में हुयी पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत मामले में बाद तीनों आरक्षियों का अलग-अलग जनपदों में तबादला हो गया था। इन आरक्षियों में आरक्षीसुरेश सिंह और आरक्षीसियाराम यादव पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके है जबकि आरक्षी केसरी नंदन पटेल मौजूदा समय में जनपद बहराइच के कैसरगंज थाने में तैनात थे। तीनों आरक्षियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

## राजकीय पक्षी सारस का बढ़ा कुनबा, 60 से हुए 65

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** वन रेंज क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के राजकीय पक्षी सारस की गणना की गई। इस वर्ष पिछले वर्ष के मुकाबले पांच सारसों का कुनबा गणना में बढ़ा हुआ पाया गया। वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि विगत गुरुवार एवं शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम शाहपुर, पिपरिया, आंबा, चदेंसुआ, रमुवापुर, किशुनपुर, महुआ ताल, अकबरपुर, नेरिया पर्शिया, बसंतीपुर, नौवापुर आदि स्थानों पर पाए गए सारसों की गणना उपवन क्षेत्राधिकारी अधिकारी हरीश कुमार, सुशील कुमार, वन दरोगा अरविंद कुमार, ओम प्रकाश, राजकुमार, वनरक्षक इंद्रबली, राम भगत सिंह ने की। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 60 सारस गणना में पाये गये थे, जबकि इस वर्ष की गणना में विभिन्न स्थानों पर 65 सारस पाए गए हैं।



खेतों में मौजूद सारस। अमृत विचार

# वैन से टकराई बाइक, एक की मौत

संवाददाता, तंबौर, सीतापुर



दुर्घटना स्थल पर खड़ी मारुति वैन।

**अमृत विचार।** रेउसा थानांतर्गत तंबौर-लहरपुर मार्ग पर कल्हनापुर गांव के प्राथमिक विद्यालय के सामने ओवरटेक करने के दौरान एक बाइक मारुति वैन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिला समेत दो लोग घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे सुमेरगांव थाना तंबौर के रहने वाले अमीरका पुत्र बुधराम, माधव पुत्र जुराखन, माधुरी पत्नी माधव बाइक से लहरपुर दवा लेने जा रहे थे। प्राथमिक विद्यालय के सामने ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला को ओवरटेक करते हुए सामने से आ रही वैन से बाइक टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। लोगों के सहयोग से घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीतापुर जिला अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही अमीरका (40) की मौत हो गई। हादसे में वैन सवार लोग घायल हुए हैं। जिनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सूचना पर दो घंटे बाद पहुंची रेउसा पुलिस ने वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर के निकट तंबौर मार्ग पर रविवार देर रात हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लहरपुर-तंबौर मार्ग पर ग्राम लालपुर के निकट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समेलिया निवासी प्रद्युंश (27) पुत्र संतोष कुमार को सड़क पार करते समय एक वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अस्पताल से गायब रहते हैं चिकित्सक, मरीज परेशान

संवाददाता, पहला सीतापुर



खाली पड़ी चिकित्सकों की कुर्सियां।

**अमृत विचार।** बिसवां तहसील के देवकलिया स्थित पीएचसी में डाक्टरों की मनमानी चल रही है। डाक्टर के गायब रहने से मरीज परेशान रहते हैं। अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। अक्सर डॉक्टर अपने केबिनों से नदारद रहते हैं। सोमवार को जब अमृत विचार टीम सवा ग्यारह बजे पहुंची तो डॉक्टर ओपीडी से नदारद मिले। 12 बजे फार्मासिस्ट आए और मरीजों को देखना शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टर समय से नहीं पहुंचते हैं। इसके चलते मरीजों को अस्पताल के चक्कर तो काटने पड़ रहे हैं। अस्पताल में मौजूद उमरहर निवासी युवक ने बताया कि वह अस्पताल में दवाई लेने के लिए आया है। लेकिन यहां काफी देर से डॉक्टर ही नहीं आए हैं। कभी डॉक्टर नहीं मिलते, तो कभी दवाई। इस संबंध में अधीक्षक अमित कपूर समुचित जवाब नहीं दे सके और उन्होंने जानकारी करके बताने की बात कही।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला साधु का शव

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में एक साधु का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सकरन थाना क्षेत्र के रेंधौरा गांव निवासी राजेन्द्र सिंह के गन्ने के खेत में सोमवार की सुबह करीब दस बजे ग्रामीणों ने एक साधु का शव पड़ा देखा। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के गांवों के लोगों को बुलाया मगर पहचान नहीं हो सकी। साधु बेलवा के लल्लापुर कुटी पर चल रहे मेले में पांच दिनों से देखा जा रहा था। जो सफेद लुंगी पहने हुए था। उम्र करीब (60) वर्ष होगी। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि शव की शिनाख्त नही हो पायी है।

# सभी परीक्षाओं की करायी जाए सीबीआई जांच

- नीट यूजी 2024 परीक्षा में भ्रष्टाचार को लेकर सपाइयों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर



एसडीएम को ज्ञापन देते सपा लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर सपा लोहियावाहिनी के जिला कार्यकारिणी सदस्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम महमूदाबाद को दिया।

ज्ञापन में नीट यूजी 2024 के 4 जून 2024 को जारी हुए परिणाम को लेकर कई अनियमितताएं होने का आरोप लगाया गया है। साथ ही परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियों के साथ पेपर लीक होने की बात भी कही गई है। सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है जिससे देश के छात्रों व युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के जरिये राष्ट्रपति से मांग की है कि देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर उसे लागू किया जाय। साथ ही जितनी भी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा करायी गयी सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है।

सपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा देने की भी मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अभिषेक कुमार वर्मा, मुस्लिम अहमद, साकेन्द्र यादव, अनुरुद्ध कुमार, आयुष्मान, विपिन कुमार गौतम, शिवन्द्र, मेराज, अधिकारी सिंह, जिबराइल, आदित्य श्रीवास्तव, उपेंद्र पादव, सोनू वर्मा, एजाज राइन, आजाद राइन कुलदीप कुमार, मो. मतीन, राज यादव व अरमान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिधौली से आज से शुरू होगी अधिकार यात्रा

संवाददाता, सिधौली, सीतापुर

**अमृत विचार।** संवैधानिक अधिकारों की बहाली और जमीन, रोजगार के लिए 25 जून को सिधौली अंबेडकर पार्क से अधिकार यात्रा शुरू होगी। सोमवार को सिधौली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आईपीएफ और दलित, पिछड़ा, शोषित एकता समिति की तरफ से अधिकार यात्रा की बुकलेट डॉ. बृजबिहारी, रंजीत सिंह विद्रोही और सुनीला रावत ने जारी की।

यात्रा की जानकारी देते हुए आईपीएफ के राज्य सचिव डॉ. बृजबिहारी ने बताया कि अधिकार यात्रा सिधौली से 25 जून को शुरू होगी। 15 अगस्त को यात्रा का पहला चरण पूरा होगा। 25 जून से 04 जुलाई तक सिधौली विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रपाल यादव-संत रविदास यात्रा निकाली जायेगी जो विधानसभा क्षेत्र के 10 जिला पंचायत क्षेत्र के 60 गांवों में जायेगी और लोगो को संवैधानिक अधिकारों को लेकर जागरूक करेगी। यात्रा गोंदलामाऊ ब्लाक की 12 ग्राम सभाओं कसमंडा ब्लाक की 12 ग्राम सभाओं, सिधौली ब्लाक की 24 ग्राम सभाओं और पहला ब्लाक की 12 ग्राम सभाओं में 10 दिन दस गांवों में रात्रि विश्राम कर संविधान पाठ का आयोजन करेगी। रंजीत सिंह विद्रोही ने बताया कि यह यात्रा ग्रामसभाओं में संविधान पाठ आयोजित करेगी।

# आचार्य नंदीलाल व श्रीकांत तिवारी किये गये सम्मानित

संवाददाता, सिधौली, सीतापुर

**अमृत विचार।** महाकवि कबीरदास की रचनाधर्मिता पर आयोजित चर्चा एवं काव्य गोष्ठी में हिन्दी साहित्यकार आचार्य नंदीलाल निराश एवं श्रीकांत तिवारी को साहित्यिक सेवाओं पर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित चर्चा एवं काव्य गोष्ठी में प्रेम, ओज एवं व्यंग्य गीतों से कवियों ने खूब तालियां बटोरी।

नवनीत मिश्रा ने अपना काव्य पाठ करते हुए पढ़ा साधुओं के थे जहां सिद्धाश्रम, अब तो चोरों के ठिकाने हो गये हैं। केदारनाथ शुक्ल ने तेरी बंदूकों में वैसी ताकत हो नहीं सकती, पंचमेश ने ओज की पंक्तियां पढ़ीं। सूर्यांश शुक्ल ने पढ़ा है कठिन डगर संघर्षों की सपनों के उन आदर्शों की एवं भले बिखरे स्वयं में हो मगर अधिकार लिखते हैं, सही हो या गलत कोई सभी किरदार लिखते हैं। कुंवर सिद्धांत अवस्थी ने वो मुहब्बत का बड़ा सार समझते होगें, मेल चिट्ठी और वो तार समझते होंगे। डॉ. देवेंद्र कश्यप निडर ने ओज की पंक्तियां डंका सदा बजता रहे दुनिया में सदा आपका, लवकुश शुक्ला ने व्यंग्य और पिंकी ने श्रृंगार के बाणों से लोगों को खूब लुभाया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्यामलाल रावत, अनुराग आग्नेय, अनूप तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तीन दिन होगी अभ्युदय की प्रवेश परीक्षा

**सीतापुर, अमृत विचार।** अभ्युदय योजना की प्रवेश परीक्षा 27 व 28 जून तथा एक जुलाई को आयोजित की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लिए आवेदन कर चुके प्रतियोगियों को सूचित किया है कि यूपीएससी/यूपीपीएससी कोर्स की कोचिंग कक्षाओं हेतु प्रवेश परीक्षा 27 जून सुबह 10 से 12 बजे तक राजकीय बालक इण्टर कॉलेज एवं नीट कोर्स (जनपद सीतापुर मुख्यालय हेतु) 28 जून सबह 10 से 11:30 बजे तक, स्थान राजकीय बालक इण्टर कॉलेज एवं नीट कोर्स (कृषक इण्टर कॉलेज, महोली) हेतु 1 जुलाई सुबह 10 से 11:30 बजे तक स्थान कृषक इण्टर कॉलेज महोली में प्रवेश परीक्षा होगी।

# आधुनिक कृषि यंत्रों से बढ़ रही उपज

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर



फीता काटते उप गन्ना आयुक्त सतेन्द्र सिंह व मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित।

**अमृत विचार।** दि अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड ने सोमवार को किसानों को 25 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित किये। मिल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उप गन्ना आयुक्त सतेन्द्र सिंह व मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित ने कृषकों को तिलक लगाकर माला पहनाया।

उप गन्ना आयुक्त ने आटोमेटिक स्प्रे मशीन से लाभान्वित किसानों से खेती किसानी के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा इन यंत्रों का अपने खेतों के साथ साथ दूसरे के खेतों में भी प्रयोग कर लाभ कमाएं। अधिशासी अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया गत वर्षों से लगातार क्षेत्र के किसानों का अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। आगे भी पैदावार बढ़ाने हेतु मिल द्वारा अनुदान पर यन्त्र उपलब्ध कराये जाएंगे। अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह ने कहा कि जनपद में गन्ने की औसत पैदावार बढ़ाने का लक्ष्य है। कृषि यंत्र मिलने से प्रसन्न कृषक महेन्द्र मिश्रा नीगेर, सचिन मिश्रा सरैंया राह, हरिश्चन्द्र मिश्रा धनपुरिया ने बताया कि जब से उन्होंने आधुनिक यंत्रों को अपनाया है तबसे उपज में बढ़ोत्तरी हुई है तथा खेती की लागत भी कम आ रही है। इस अवसर पर एसीडीआई राजदेव कपिल, सचिव भूपेश राय, वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक मनोज निर्वाल, राजेश कुमार सिंह, प्रबंधक मानव संसाधन देवेन्द्र सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, हरीश सिंह, अरविन्द मिश्रा, शिवशंकर मिश्र, राजेश आदि थे।

**विकट समस्या**

**गांवों तक सहायता पहुंचाने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल है संपर्क मार्गो का दुरुस्तीकरण**

# भीषण बाढ़ व कटान में क्षतिग्रस्त हो जाते हैं संपर्क मार्ग, कैसे पहुंचे मदद

संवाददाता, सीतापुर





बाढ़ के बाद क्षतिग्रस्त हुए गांवों के संपर्क मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रामपुर मथुरा विकासखंड इलाके में क्षेत्र अंतर्गत बहने वाली सरयू नदी की बाढ़ व कटान में हर वर्ष बड़े पैमाने पर जन धन व हजारों बीघे खेत व फसल की हानि होती है। प्रशासन तो हर वर्ष अधिकतम भरपाई व मदद का दावा करता है, किन्तु लाख दावों के बावजूद हकीकत में सब कुछ सही नहीं हो पाता। बाढ़ के समय मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल संबंधित गांवों तक सहायता पहुंचाने के लिए संपर्क मार्गो का दुरुस्तीकरण है।

बाढ़ के रहने तक तो समस्याए उभरकर आती रहती हैं। कुछ का त्वरित समाधान हो जाता है, किन्तु जो संपर्क मार्ग भीषण बाढ़ व कटान में क्षतिग्रस्त हो जाते हैं,उनकी मरम्मत बाढ़ समाप्त होने के बाद करवाई जाती है। किंतु इस बार इसमें काफी निष्क्रियता बरती गई। ग्रामीण देवराज, रामनरेश, वृजमोहन आदि की मानें तो बाढ़ समाप्त होने के बाद कोई भी जिम्मेदार झांककर देखने नहीं आता है। इससे इस बार दर्जनों मार्ग जैसे के तैसे जर्जर पड़े हुए है। यहां तक कि तहसीलदार महमूदाबाद द्वारा एडीएम सीतापुर को बाढ़ की तैयारियों के संबंध में एक पत्र दिया गया है, जिसमे बाढ़ के क्षतिग्रस्त सभी मार्गो को दुरुस्त दिखाया गया है। जबकि हकीकत यह है कि प्यारेपुरवा से तटबंध को जोड़ने वाला, अखरी व शंकरपुरवा के मध्य तटबंध मार्ग, शंकरपुरवा से अखरी को जोड़ने वाला मार्ग तथा गोंदहा के पास संपर्क मार्गो की स्थितिदयनीय है। इन मार्गो की मरम्मत बाढ़ आने के पूर्व नहीं हुई जरूरत पड़ने पर सहायता टीम नहीं पहुंच सकेगी। सुखदेई ने बताया कि कागजों पर सभी को आवासीय भूमि दे दी गई है। एसडीएम शिखा शुक्ला, बीडीओ संदीप कुमार गत 19 जून को बाढ़ क्षेत्र पहुंच थे। जहां पर खराब रास्तों पर मिट्टी डालने का काम किया गया। एसडीएम महमूदाबाद से उनके सीयूजी नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

## सार-संक्षेप

### गांवों में जाकर सांसद के भाइयों ने दी जनता को बधाई



ग्रामीणों से जनसंपर्क करते अनुपम राठौर व रंजीत राठौर।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सीतापुर के सांसद राकेश राठौर के चुनाव जीतने के बाद पहली बार महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र में सांसद के छोटे भाई अनुपम राठौर व रंजीत राठौर ने गांव-गांव जाकर जनसंपर्क किया व जनता को बधाई दी। साथ में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पहला निजामुद्दीन आजाद व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह यादव, मंसूर अली सलमानी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव आरटीआई विभाग, तारा चंद्र भार्गव, डॉ. शफीक खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक समाजवादी पार्टी, जय प्रकाश वर्मा, महेश रावत, शरीफ सलमानी, उजागर लाल भार्गव सहित कई बीडीसी व प्रधानों के साथ मुलाकात की और चुनाव जीतने की बधाई दी।

### किराया न मिलने से किसानों में आक्रोश



सौर ऊर्जा प्लांट पर प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार।** खाजाडाबर गांव में सौर ऊर्जा पावर प्लांट ने किसानों की लगभग 60 एकड़ भूमि किराये पर ली थी। जिसका किसानों से एग्रीमेंट भी कम्पनी ने कराया था। किसान उपेंद्र सिंह, रामदेव, पदमा देवी, मनोज सिंह, रामदयाल, अजमल, सुरेश, राम दुलारे, राम लोटन, सर्वेश, उत्तम कुमार, इंद्रपाल, सुरजी आदि ने बताया कि एग्रीमेंट में हम लोगों को एक वर्ष का अग्रिम भुगतान करने को कहा था और फिर हर वर्ष की शुरुआत के तीन महीने में पूरे वर्ष भर का किराया देने को कहा गया था, लेकिन हम लोगों को किराया नहीं मिल रहा है। किसानों ने मांग की कि हम लोगों को एग्रीमेंट के अनुसार भुगतान किया जाए। कंपनी ने यह भी कहा था कि अगर किसी भी समय किसी को आपात स्थिति में शादी के लिए या बीमारी के लिए अग्रिम धनराशि की जरूरत होगी तो कंपनी देगी, लेकिन कंपनी हमारा किराया भी नहीं दे रही है। प्लांट इंचार्ज विजय कुमार पांडे का कहना है कि हमारी जानकारी के अनुसार कोई भी पैसा बाकी नहीं है। इन लोगों को एडवांस में किराया चाहिए, उसकी प्रक्रिया चल रही है। तीन दिनों के अंदर इसका निराकरण कंपनी द्वारा कर दिया जाएगा। प्लांट इंचार्ज के आश्वासन के बाद किसान शांत हुए।

### समस्याओं को लेकर डिप्टी कमिश्नर से मिले व्यापारी



डिप्टी कमिश्नर जिला उद्योग केंद्र को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सीतापुर के पदाधिकारियों ने इंडस्ट्रियल एरिया सराय मलूही में व्याप्त समस्याओं को लेकर डिप्टी कमिश्नर जिला उद्योग केंद्र आशीष गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि परिसर में स्थापित उद्योगों द्वारा काफी रेवेन्यू सरकार को मिलता है। व्याप्त समस्याओं के समाधान से रेवेन्यू काफी अधिक बढ़ेगा। जिला उद्योग केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया की पैरेंटल संस्था होने के कारण इंडस्ट्रियल एरिया में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिम्मेदार है। अत : उसके द्वारा शीघ्र उचित कार्रवाई की जाए। इंडस्ट्रियल एरिया सराय मलूही काफी सालों से जल भराव की समस्या से ग्रसित है ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण फैक्ट्री का निकला हुआ पानी एवं बारिश से जमा पानी फैक्ट्री के संचालन में बाधा उत्पन्न करता है। जिला उद्योग केंद्र के डिप्टी कमिश्नर ने इस संबंध में अवगत कराया कि उपरोक्त समस्याओं के संबंध में निराकरण हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ही संबंधित विभाग से वार्ता कर निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### विवाद में दंपति को पीटा

उचौलिया अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम रतनापुर में राम बहादुर और राम खिलावन का घर के सामने कूड़ा उठाने को लेकर विवाद हो गया। राम बहादुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि राम खिलावन ने अपनी पत्नी विनीता के साथ उसे और उसकी पत्नी पूनम को मारपीट कर घायल किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी पसगवां में कराया है। दूसरे पक्ष की रिपोर्ट अभी नहीं दर्ज हुई है।

### करंट लगने से युवक झुलसा

गोला गोकर्णनाथ। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी सर्वजीत वर्मा (34) पुत्र तुलाराम वर्मा घर में बिजली ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसे अचानक करंट लग गया, जिसे उसके भाई शिवकुमार उसे सीएचसी लाए, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी

गोला गोकर्णनाथ। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम केसरीपुर निवासी बलजीत (24) पुत्र जगदीश प्रसाद खेत में काम कर रहे थे। अचानक जहरीले सर्प ने काट लिया। हालत बिगडने पर उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइकों की टक्कर में तीन घायल

पलिया कलां, अमृत विचार: संपूर्णानगर रोड पर स्थित पलिया मोंटेसरी स्कूल के पास दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# हाई रिस्क चिह्नित गांवों पर दिया जाए विशेष ध्यान : जिलाधिकारी

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक में डीएम ने दिया निर्देश

संवाददाता, सीतापुर



सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर्विभागीय जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सैनिटाइजेशन, फॉगिंग, तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव व उनकी बेहतर साफ सफाई, खुली नालियों को ढकने, उथले हैंडपंप को चिह्नित करने, सड़क के दोनों ओर दो फुट तक झाड़ियों की साफ-सफाई तथा जलभराव की समस्या का समाधान कराने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोग के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाये साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हाई रिस्क वाले गांव को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। उनकी एक सूची बना लें उनमें साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि वहां पर बीमारियों से रोकथाम हो सके और वहां के लोगों को जागरूक भी किया जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिस विभाग की जो भी कार्ययोजना है, उसी के अनुसार कार्य संपादित कराया जाए। सभी विभाग अपना माइक्रो प्लान तैयार कर लें और हर एक विभाग का नोडल अधिकार बना दिया जाए जो गांव में होने वाली गतिविधियों और साफ-सफाई की जानकारी ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते हुए लेता रहे। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी हरपाल सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उमड़ते बादलों ने किया निराश, हल्की बूंदाबांदी से बढ़ी उमस

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : सुबह से आसमान में बादल उमड़ने लगते हैं, जिससे लोगों में बारिश होने की आशा जागती है लेकिन थोड़ी हवा चलने पर बादल गायब हो जाते हैं जिससे लोग निराश हो जाते हैं। वहीं सोमवार शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी से उमस और बढ़ गई। जून का महीना समाप्त होने को है पर मानसून अभी तक सक्रिय नहीं हुआ है। सुबह होते ही आसमान में बादल छाने से मौसम सुहावना लगता है। बारिश होने की संभावना बढ़ जाती है, थोड़ी ही देर के बाद बादल छट जाते हैं, चिलचिलाती धूप में लोग परेशान होने लगते हैं। लोग ईश्वर से शीघ्र ही जल बरसाने के लिए प्रार्थना करने लगे है। गांवों में बच्चे भूमि पर लेटकर काले मेघा पानी दे की मांग ईश्वर से करते हैं। महिलाएं पुरुष बच्चों की पीठ पर इस आशा से पानी डालते है कि शायद वर्षा हो जाए। सोमवार को भी सुबह बादल छाए, लोगों में बारिश की आस जगी, थोड़ी ही देर में बादल गायब होने से लोगों में निराशा छा गई। शाम को हुई हल्की बूंदाबादी से लोगों को कोई राहत नहीं मिली बल्कि इसके बाद उमस और बढ़ गई, जिससे लोंगों का जीना दुश्वार हो गया है।

# नाबालिग को बरामद नहीं कर सकी पुलिस

संवाददाता, महोली, सीतापुर

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं !

करीब 25 दिन पूर्व विपिन नाम के लड़के ने एक गांव की एक नाबालिग के साथ असलहे के बल पर दुष्कर्म किया था। मौके पर लड़की के चाचा के पहुंचने पर आरोपी मोबाइल और साइकिल छोड़कर भाग गया था। इस मामले में पुलिस अधिकारियों की फटकार के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस तो दर्ज किया था, लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

अमृत विचार। यौन हिंसा से जुड़े अपराधों में आरोपितों की गिरफ्तारी अथवा नाबालिग की बरामदगी को लेकर महोली पुलिस गंभीर नहीं है।

बीती 29 अप्रैल को बड़ागांव पुलिस चौकी क्षेत्र की एक नाबालिग को गांव का ही दिनेश अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। नाबालिग पड़ोस गांव में हाईस्कूल की छात्रा थी। इस संज्ञेय अपराध में उसके चार अन्य रिश्तेदार भी शामिल थे। लड़की के परिजन जब उसे बहुत तलाशने के बावजूद बरामद नहीं कर सके तो बड़ागांव पुलिस चौकी पहुंचे और तहरीर दी। आरोपियों के सियासी रसूख के चलते पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर हताश लड़की के परिजनों ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली में मुख्य आरोपी दिनेश सहित उसके चार अन्य रिश्तेदारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस की कार्रवाई मुकदमा दर्ज करने तक सीमित रही। मामले को करीब दो माह का समय बीत चुका है लेकिन पुलिस अभी तक नाबालिग को बरामद नहीं कर सकी है।

> नाबालिग की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। लोकेशन ट्रेस होते ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जायेगा।
>
> -उमाकांत शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक महोली

### युवती को साथ ले गया युवक, केस

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के गांव से युवती को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में युवती के पिता ने कहा है कि रविवार की रात उसकी पुत्री घर में सो रही थी। जब वह तडके जागे तो उसके पुत्री बिस्तर पर गायब थी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि गांव निवासी विकास उर्फ भोला पुत्र रामसिंह के सहयोग से सन्नी देओल पुत्र लालबिहारी उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। सन्नीदेओल के पिता दबंग हैं। उलाहना देने और कानूनी कार्रवाई करने पर उन्होंने देख लेने की धमकी दी है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### विवाहिता ने दी जान, परिजनों ने की पीएम कराने की मांग



मौके पर लोगों से जानकारी लेते सीओ। अमृत विचार

तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार। औरंगाबाद निवासी नरेंद्र ने थाना तंबौर में तहरीर देते हुए बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी संगीता की शादी देवपालपुर थाना तंबौर के रहने वाले सर्वेश पुत्र भल्लू से की थी। रविवार को रात्रि में संगीता ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने संदेह जताते हुए के शव के पोस्टमार्टम की मांग की है। सीओ लहरपुर व थाना प्रभारी तंबौर विजयेंद्र सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख कसमंडा के प्रतिनिधि का निधन

कमलापुर सीतापुर, अमृत विचार। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कसमण्डा अरुण अवस्थी का करीब बीमारी के चलते करीब 63 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अरुण अवस्थी विकास खण्ड कसमण्डा की ग्रामपंचायत न्योराजपुर के मूल निवासी थे और वर्तमान समय में लखनऊ के विकास नगर में रहते थे। उनकी पत्नी रंजना अवस्थी पूर्व में कसमण्डा की प्रमुख रह चुकी हैं। शुरुआती दौर में अरुण अवस्थी का इलाज करीब 45 दिन लखनऊ में हुआ। बाद में उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया। 6 दिन इलाज के बाद सुधार न होने पर उन्हें पुनः मेदांता हास्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने भर्ती होने के दूसरे दिन अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को भैंसाकुण्ड लखनऊ में उनके बड़े बेटे बलराम अवस्थी ने मुखाग्नि देकर किया। इस मौके पर सीतापुर के सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### साइकिल चोरी करते समय दबोचा युवक

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर की खुटार रोड पर एक उच्चके को साइकिल चोरी करते समय लोगों ने दबोचकर पुलिस को सौंप दिया है। खुटार रोड पर शंकर होटल के निकट कम्पटीशन क्लासेज पर तमाम बच्चे कोचिंग पढ़ने आते हैं। कई बच्चों की साइकिलें चोरी हो चुकी हैं। जिससे कोचिंग क्लासेज के शिक्षक परेशान थे। फिर उन्होंने निगरानी करना शुरू किया तो सोमवार को दोपहर बाद जब क्लासेज शुरू हुए तो एक युवक वहां पहुंचा और एक बच्चे की साइकिल लेकर चला। तभी शिक्षकों ने उसे मय साइकिल दबोच लिया। 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को हिरासत में ले लिया। युवक ने पुलिस के सामने अपना नाम साजिद निवासी भुड़वारा बताया है। अन्य साइकिलों की चोरी के बारे में युवक से पूंछतांछ की जा रही है। नवागत कोतवाल रमेशचंद्र पांडे का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से लोगों का बुरा हाल

बिझौली, अमृत विचार : भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों में पीने के पानी का संकट बना हुआ है। जिससे गांव बिझौली, चिन्तापुरवा में भी ग्रामीणों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। एक सप्ताह से पानी की किल्लत ने ग्रामीणों का जीना मुहाल किया हुआ है। ग्रामीण बोतलों में पानी भर कर काम चला रहे हैं। घरों में बंधे हुए पशु पानी के लिए तरस रहे हैं। कई बार विभाग के चक्कर लगाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, भूमिगत जल स्तर काफी नीचे होने के कारण पूरा गांव वाटर सप्लाई पर निर्भर रहता है। गर्मी के बीच पानी की समस्या ने ग्रामीणों को परेशानी में डाल दिया है। पानी की किल्लत से पूरा गांव परेशान है।

### शैलेश्वरी धाम पहुंचने पर श्रीकुल उपासक का हुआ स्वागत

पलिया कलां, अमृत विचार : आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान के संस्थापक एवं श्रीकुल उपासक आचार्य गोविंद माधव मिश्र के सुदूर पश्चिम नेपाल के पहाड़ी जिला डोटी में स्थित विख्यात शक्ति केंद्र मां शैलेश्वरी धाम में पहुंचने पर वहां के मुख्य पुजारी एवं शैलेश्वरी क्षेत्र विकास समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर भट्ट आदि द्वारा रोचना- तिलक लगा, माला पहना व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। श्रीकुल उपासक ने कहा कि ईश्वर संपूर्ण ब्रह्मांड के कण -कण में व्याप्त है। उसे देश और काल की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। सर्वत्र व्याप्त आध्यात्मिक शक्तियां तेंतीस कोटि देवी- देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हुये मनुष्यों को उनके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करती रहती हैं। बतादें कि देवी शैलेश्वरी का मंदिर नेपाल के डोटी जिले के सिलगढ़ी में सुदूर-पश्चिमी पहाड़ियों में सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है, स्कंद पुराण में इस स्थान का विशेष उल्लेख है। मंदिर परिसर में शिवलिंग, चतुर्भुज नारायण, गणेश, भैरव और मस्ता देवता विराजमान हैं। दशईं त्योहार के दौरान यहां विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। श्रीकुल उपासक के साथ विजय बाजपेयी व दिनेश वर्मा आदि थे। इस दौरान मुख्य पुजारी प्रेम शंकर भट्ट ,नीरा भट्ट,पुजारी गंगाराम जोशी, दम्मर बहादुर खड़का, लक्ष्मी बम, श्याम श्रेष्ठ, राजेश भट्ट, राजीव श्रेष्ठ, नारद मलासी, झापट धामी, धर्मा आदि मौजूद रहे।

### गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

पलिया कलां, अमृत विचार : नगर की पटिहन रोड पर स्थित गायत्री मंदिर परिसर में राष्ट्रीय जागरण अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। टोली नायक देशराज ने अपने सहयोगी रविंद्र राठौर, रामकुमार गुप्ता आदि के साथ श्री गणेश, गुरु एवं गायत्री पूजन आदि कराकर विविध वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर उपस्थित गायत्री जनों से स्वाहा के साथ आहुतियां डलवाईं। यज्ञोपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। इसके पश्चात लोगों ने आयोजित भंडारे में बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रज्ञा पुराण कथा में कथा वाचक ने उपस्थित सभी लोगों से घर के बड़े बुजुर्गों, महिलाओं को सम्मान दे उनके साथ अच्छा मृदुल व्यवहार करने की जहां बात कही, वहीं उन्होंने किसी भी प्रकार की हिंसा न करने, शाकाहारी भोजन करने तथा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने का भी सुझाव दिया। इस दौरान सलिल अग्रवाल, श्री राम राठौर, अशोक मौर्य, सुभाष दास, विवेकानंद ,नीरज मौर्य प्रेम प्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### गर्मी का बच्चों-बुजुर्गों पर वार, डॉक्टर बोले-बरतें एहतियात

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : उमस भरी गर्मी से हर कोई परेशान हैं। मगर, बच्चे और बुजुर्ग कहीं ज्यादा परेशान है। भीषण गर्मी की वजह से तरह तरह की बीमारियों का शिकार होकर बुजुर्ग जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल में 1540 मरीजों ने पर्चा बनवाकर डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टर बताते हैं कि गर्मी से बचने के लिए इससे बचाव बहुत जरूरी है। शरीर में पानी की कमी बिल्कुल न होने दें। इसके अलावा संतुलित और पौष्टिक भोजन करें। ओआरएस का भी सेवन करें। उमस भरी गर्मी और लू के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्ग बुखार, उल्टी, दस्त से लेकर गले में दर्द आदि बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बुखार आने पर 15 दिन तक नहीं जा रहा है। इन बीमारियों से पीड़ित मरीज लगातार अस्पताल पहुंच रहे हैं। बच्चों में पेशाब कम आना, प्यास ज्यादा लगना और चिड़चिड़ेपन की समस्या हो रही है।

# कॉलेज जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त

संवाददाता, पैंतेपुर, सीतापुर

अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत पैतेपुर के मुख्य चैराहे से राम जानकी मंदिर मढ़ी से बेनीराम इंटर कॉलेज को जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण हो चुका है जिस पर अब पैदल चलना भी दुभर हो गया है। कई वर्ष पहले बना यह मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से मौन है। सड़क की कंक्रीट जगह-जगह पर इधर-उधर बिखरी पड़ी है तथा रोड पर गड्ढे हो गए हैं।

तहसील महमूदाबाद के आदर्श नगर पंचायत पैतेपुर के मुख्य चौराहे से बेनीराम इंटर कॉलेज जाने वाला मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद भी जिम्मेदार पूरी तरह से मौन हैं। विद्यालय खुलने वाले हैं। बरसात का मौसम आने वाला है। टूटी सड़क पर पानी भर जाता है जिससे मन्दिर आने वाले भक्त तथा विद्यालय जाने वाले अभ्यर्थी और अध्यापक तथा सैदनपुर,बंसीपुर, केसरवारा,तकिया,देवरिया, मितौरा,गुड़ियापुर,सहित आसपास के गांव के नागरिकों को काफी समस्या होती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क काफी समय से खराब है। चलने योग्य भी नहीं बची है। कई बार इसका मुद्दा सोशल मीडिया पर भी उठाया जा चुका है लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से मौन है इस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

कस्बा वासी राम ,केशव, रजी, आलोक राजाराम, पिंटू सहित सैकड़ों लोगों ने इस रोड को बनवाए जाने की मांग की है।

**मंदिर के पास का टूटा नाला** : कस्बा पैतेपुर में श्री राम जानकी मंदिर मढ़ी के पास से निकला नाला पिछली बरसात में टूट कर गिर गया था लेकिन इसके बाद भी नगर पंचायत पैंतेपुर नींद में है। इस नाले की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। बरसात का मौसम आ गया है इस नाले से कई वार्डो का पानी निकलता है, लेकिन इस नाले के टूटे होने के कारण इन वार्डो में जलभराव की समस्या भी बन सकती है। इस संबंध में जब अधिशाषी अधिकारी रेणुका यादव से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि इन दोनो समस्याओं का समाधान जल्द कराया जाएगा।

### खाई में वाहन पलटने से तीन लोग घायल

उचौलिया अमृत विचारः लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर पशु को बचाने के कारण एक गाड़ी खाई में पलट गई। इसमें तीन लोगों को मामूली चोटें आईं। पंजाब के मोगा शहर से पप्पू सिंह पुत्र सुखदेव सिंह अपनी गाड़ी में कबाड़ लादकर लखनऊ से पंजाब जा रहा था। हाईवे पर ग्राम जलालपुर के पास एक पशु को बचाने के चक्कर में उसकी गाड़ी बाई तरफ खाई में पलट गई। उचौलिया प्रभारी मनीष सिंह चौहान ने बताया कि इसमें बैठे मोगा शहर पंजाब के अर्शदीप सिंह पुत्र इकबाल सिंह, मोहम्मद मुमताज पुत्र मोहम्मद मोईन व लाडी पुत्र जितेंद्र सिंह को मामूली चोटें आईं। चालक सुरक्षित है। घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा गया।

# मैलानी थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही कच्ची शराब

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद भी मैलानी थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर चार में कच्ची शराब के माफियाओं का साम्राज्य कायम है। पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी भी इस व्यवसाय पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं।

मैलानी थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर चार के गांवों में कच्ची शराब का साम्राज्य आज भी बदस्तूर कायम है। सफेदपोश व खाकी की निगहबानी में शराब माफियाओं के हौसलें बुलंद हैं। कच्ची शराब माफियाओं के सामने जिम्मेदार भी नतमस्तक हैं। इस जहरीली कच्ची शराब के पीने से कई लोगों की जानें भी जा चुकी हैं। हल्का नम्बर चार के गांव कंधईपुर, राजापुर मन्डी, सांसिया कालोनी, सुरजनपुर, पूरनपुर, छेदीपुर, देवीपुर, गंगापुर, मक्कागंज, पोखरपुर, कोरियानी, भोलापुर, लोचनपुर, मथुरापुर सहित अन्य कई गांवों के बाशिंदे कच्ची शराब का उत्पादन करने के भट्ठियां जलाकर जहरीली शराब का उत्पादन करके शाम को सूर्य अस्त होते ही क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर बेचते नजर आते हैं। मैलानी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कच्ची शराब का प्रकरण संज्ञान में आया है। शराब माफिया के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन अधिग्रहीत हुई तो करेंगे आत्मदाह

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



कलेक्ट्रेट में जमीन अधिग्रहण के विरोध में प्रदर्शन करते राजापुर गांव निवासी।

अमृत विचारः शहर से सटी ग्राम पंचायत राजापुर के ग्रामीणों ने आवास विकास परिषद द्वारा 317 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने का विरोध किया है। ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम को ज्ञापन भेजा और सामूहिक आत्मदाह करने का ऐलान किया।

अधिग्रहण की जद में आ रहे ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा की जमीन का पांच बार अधिग्रहण किया जा चुका है। अधिग्रहित जमीन पर मंडी समिति, औद्योगिक क्षेत्र, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से लेकर राजकीय आईटीआई के अलावा आवास विकास कॉलोनी बनाई गई है। अब राजापुर गांव में भूमि बची है उसपर आवास विकास परिषद फिर से अधिग्रहण करने पर उतारू पर है। इससे राजापुर गांव के किसान भूमिहीन हो जाएंगे। इनके पास आजीविका का कोई साधन भी नहीं है। ग्रामीणों ने तीन मांगों संबंधी ज्ञापन सीएम योगी को भेजकर मांग न माने माने पर सामूहिक रूप से आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। इस दौरान गांव के राजकिशोर, संतोष वर्मा, गजराज वर्मा, अनिल वर्मा, अंकुश वर्मा, कमला, वीरेंद्र कुमार, कौशल किशोर, सुजीत कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# खुलेआम घूम रहे दहेज हत्या के आरोपी

संवाददाता, महोली, सीतापुर

अमृत विचार। दहेज हत्या के मामले में नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। मृतका की मां ने गिरफ्तारी न होने पर अपने व परिवार पर खतरे की आशंका जताई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के टिकरा कला गांव से जुड़ा है।

मास्टर कॉलोनी पूर्वी निवासी यशोदा पत्नी राजकुमार पासी ने बताया कि करीब 10 माह पूर्व उनकी पुत्री मीना का विवाह महोली के टिकरा कला निवासी राकेश से हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से पति राकेश व अन्य परिजन मीना को प्रताड़ित करते और ठिकाने लगाने की धमकी देते थे। अनहोनी के डर से कई माह पूर्व मीना अपने मायके आ गई थी। बीते 10 जून की दोपहर राकेश उसे अपने साथ ले गया। शाम करीब 5 बजे उसने अपनी ससुराल में मोबाइल पर सूचना दी कि मीना की मौत हो गई है। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मीना के पिता राजकुमार की तहरीर पर पुलिस ने पति राकेश, जेठ मुनीम, लंगड़ा तथा मुनीम की पत्नी व ससुर शिवराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

> मीना का विवाह मंदिर में हुआ था। इसलिए मंदिर के पुजारी के बयान जरूरी थे। कई अन्य बिंदु पर भी जांच जारी थी। प्रकरण में शीघ्र ही आरोपितों कई गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> -अरुण कुमार सिंह, सीओ महोली



मंदिर में विवाह के बाद मीना-राकेश की तस्वीर (फाइल फोटो)

**मानसून का आगमन** — तेज हवा ने बदला मौसम का मिजाज, लोगों को है झमाझम बारिश का इंतजार

# हल्की फुहारों ने लोगों को भीषण गर्मी से दिलायी कुछ राहत

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। बादलों की आवाजाही और धूल भरी आंधी चलने से सोमवार शाम भीषण गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली थी। बावजूद इसके हल्की बूंदाबांदी ने उमस से लोग परेशान हुए। सोमवार सुबह से तेज धूप और उमस से लोगो का जीना मुहाल रहा। मानसून की पहली बरसात का रास्ता देख रहे लोग बादलों की आवाजाही से बरसात की बूंदों को देखने की बाट जोह रहे हैं। मौसम विभाग के जानकारों की माने तो देर रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक मानसून की पहली बरसात हो सकती है। शनिवार और सोमवार दोनों दिनों में बादलों की आवाजाही से लोगों को थोड़ी राहत तो जरूर दी लेकिन बरसात न होने से उमस ने जीना मुहाल किया है। सोमवार देर शाम तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज तो बदला लेकिन हलकी बूंदाबांदी ने बरसात में न बदलकर उमस अधिक बढ़ा दी। घने बादलों के बीच चली तेज और ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तेज हवाओं के साथ सड़कों पर धूल उड़ने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। मौसम के जानकारों की मानें तो बादलों को बरसने के लिए मंगलवार तक इंतजार करना पड़ सकता है।





आसमान में छाये बादल व तेज हवा के साथ सड़क पर उड़ती धूल। अमृत विचार

## एक नजर

### शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का होगा गठन

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होटल इंडस्ट्री के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को सरकारी आवास पर आवास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

# 30 जिलों के एआईजी स्टांप को प्रतिकूल प्रविष्टि

## 01 से 15 जून तक की समीक्षा में महानिरीक्षक निबंधन को खराब मिली प्रगति रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी बरेली मुरादाबाद, शाहजहांपुर समेत अन्य जिलों को मिली चेतावनी

**अमृत विचार :** राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी रहने पर महानिरीक्षक (आईजी) निबंधन डॉ. रुपेश कुमार ने लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज समेत 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और बरेली, मुरादाबाद समेत 29 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी है।

महानिरीक्षक ने शिविर कार्यालय लखनऊ में 1 से 15 जून तक स्टांप और निबंधन शुल्क प्राप्ति की जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट तलब की। इन 15 दिवसीय कार्यों में 300 करोड़ से अधिक वार्षिक लक्ष्य वाले 25 में 10 जिलों लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, फिरोजाबाद, जौनपुर, अलीगढ़ व देवरिया में सबसे कम राजस्व प्राप्ति पाई गई। इसी तरह वार्षिक लक्ष्य 200 से 300 करोड़ वाले 22 में 10 जिले अमरोहा, बहराइच, प्रतापगढ़. सीतापुर, हरदोई, इटावा, लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, बलिया व रायबरेली सबसे पीछे रहे। इसके अलावा वार्षिक लक्ष्य 200 करोड़ वाले 28 में 10 जिलों कानपुर देहात, सोनभद्र कासगंज, अमेठी, फतेहपुर, चंदौली, एटा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी व कन्नौज की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सोमवार को महानिरीक्षक ने फिसड्डी इन 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी।

### 43 फीसदी से कम राजस्व

दूसरी ओर 43 फीसदी से कम राजस्व प्राप्ति होने पर बरेली, मुरादाबाद, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, चित्रकूट, बस्ती, संभल, झांसी, औरैया, बांदा, सुल्तानपुर, बलरामपुर, गौतमबुद्ध नगर, बाराबंकी, आजमगढ़, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, हमीरपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, संत रविदास नगर, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर, हाथरस व मऊ की इन जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी गई है।

# तीन इकाइयां चालू फिर भी बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बंद पड़ी ओबरा की एक इकाई चालू होने के थोड़ी देर बाद फिर हुई ठप

**अमृत विचार:** प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की बंद चल रही छह इकाइयों में से चार इकाइयां चालू हो गईं, पर दो इकाइयां अभी भी ठप हैं। इस बीच ओबरा की एक इकाई ठप हो गई है। तीन इकाइयों के ठप होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। साथ ही, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सिलसिला जारी है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई को चालू करने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। बिजली अभियंता रात में ही इस इकाई को चालू कर लिये जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, पहले से बंद चल रही बारा की 660 मेगावाट व मेजा की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। इन इकाइयों को भी चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने सोमवार की देर रात तक इकाइयों के चालू होने की संभावना जताई।

### अधिकतम मांग 28,548 मेगावाट दर्ज की गई

सोमवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,548 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 21,394 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व आपूर्ति में अंतर होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। मालूम हो कि पिछले दिनों टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गई थीं। इन इकाइयों को अब चालू कर लिया गया है।

# जालसाजी से मुक्त होगी संपत्ति की खरीद-फरोख्त

## ई-स्टाम्प को ज्यादा सुरक्षित बनाएगी राज्य सरकार, नई विशेषताओं के साथ जल्द होंगे उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त अथवा एग्रीमेंट में स्टाम्प-पेपर की जालसाजी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी और कमीशनखोरी पर भी अंकुश लगेगा। राज्य सरकार ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की तैयारियां पूरी हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है।

दरअसल, इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन सत्यापित करने के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के डर से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।




- छोटी रकम के ई-स्टाम्प पेपर के जरिए होगी बड़ी शुरुआत
- जाली स्टाम्प पेपर के भय से मिलेगी पूरी तरह से मुक्ति
- ई-स्टाम्प के नये प्रारूप का डिजाइन भी हुआ फाइनल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, एसडी अमाउंट, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नई विशेषताओं वाले ई-स्टांप से विभाग और उपभोक्ता दोनों की ही आसानी होगी।

### स्टाम्प की कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश

2023-24 के आंकड़ों के अनुसार 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर कमीशन कम होता है, ऐसे में अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के सुरक्षित ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा।

### छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की सर्वाधिक मांग

10 रुपए के स्टाम्प पेपर के मुद्रण में लगभग 16 रुपए का खर्च आता है। इसमें कानपुर डिपो से उसके परिवहन की लागत भी शामिल है। छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है। शपथ पत्र, विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश के वक्त, सेवायोजन में और लोक शिकायतों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पेपर इस्तेमाल में लाए जाते हैं।

### ई-स्टाम्प शुल्क वसूलने का एक आधुनिक संस्करण

ई-स्टाम्प सरकार द्वारा जनता से स्टाम्प शुल्क वसूलने का एक आधुनिक संस्करण है। यह प्रक्रिया, कंप्यूटर-आधारित है जिसे गैर-न्यायिक स्टाम्प शुल्क का भुगतान करने का एक सुविधाजनक और कुशल तरीका माना जाता है। पारंपरिक स्टाम्प पेपर के बजाय इसे अधिक कुशल, सुरक्षित और छेड़छाड़-विहीन तरीका माना जाता है।

## शुरू हुई तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, इण्टर कालेजों में कार्यरत सहायक अध्यापकों (एलटी) एवं प्रवक्ताओं का तबादला सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई है। आवेदन 26 जून की रात्रि 12 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे। इसके बाद शिक्षक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है इधर उधर किसी के झांसे में न आये किसी समस्या के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 8317054632-8332870905 पर सपंर्क किया जा सकता है। तबादले इच्छुक आवेदक मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार वरीयताक्रम में अधिकतम 5 विकल्पों का चयन कर सकते हैं। स्थानांतरण के लिए उच्च गुणांक वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी।

# 3जी से 4जी तकनीक में नहीं बदले गए स्मार्ट मीटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगे हैं 3जी तकनीक के स्मार्ट मीटर
- पावर कॉरपोरेशन ने बदलने का दिया था आदेश

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के आदेश के बाद भी प्रदेश के लगभग 12 लाख उपभोक्ताओं के घरों पर लगाये गये 3जी तकनीक के स्मार्ट मीटर की जगह 4जी मीटर नहीं लगाये गये हैं। उपभोक्ताओं को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बकाये पर बिजली कटने के बाद दोबारा बहाल होने में कई दिन लग जा रहे हैं।

प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। वितरण निगमों के स्तर पर मीटर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इन मीटरों को लगाये जाने का कड़ा विरोध हो रहा है है। इन मीटरों में चायनीज उपकरणों के लगे होने के आरोप लग रहे हैं। इस बीच, पिछले दिनों ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने इन मीटरों को लगाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत कॉरपोरेशन ने तैयारी तेज कर दी है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड को दो साल पहले लिखे गये पत्र का खुलासा करते हुए कहा कि 12 लाख लोगों के यहां लगे 3जी तकनीक के मीटर को अभी 4जी में तब्दील नहीं किया गया है, जबकि इन मीटरों में खामियों की शिकायत लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के पहले इसकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए, साथ ही, 5जी तकनीक के मीटर लगाये जाने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## वैभव कृष्ण आजमगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी बने

**अमृत विचार,लखनऊ:** उत्तर-प्रदेश में स्थानान्तरण का दौर जारी है। सोमवार की देर रात दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानान्तरण हुआ। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने दो पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किये हैं।

गृह विभाग के प्रवक्ता के अनुसार आजमगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को इसी पद पर ईओडब्लू लखनऊ में तैनाती दी गयी है,जबकि सुरक्षा में तैनात पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण को आजमगढ़ परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर में एसएसपी के पद पर तैनात रहने के दौरान वैभव कृष्ण पर गंभीर आरोप लगे थे,जिसमें वह काफी समय तक निलंबित रहे।

इसके अलावा पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा किये गये पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले के क्रम में विकास श्रीवास्तव को सहायक आयुक्त वाराणसी से सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ और एलआईयू गोरखपुर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार राहुल को सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर भेजा गया है।

## धर्म दर्शन

# यज्ञोपवीत के प्रवर



यज्ञोपवीत में गांठ लगाने के पहले धागे के एक छोर से लूप बनाया जाता है और दूसरे छोर को तीन या पांच बार लपेटा जाता है। ये तीन या पांच लपेटन की संख्या प्रवरों की संख्या पर निर्णीत होती है। जिन गोत्रों के पांच प्रवर होते हैं वे पांच लपेटन देते हैं। तीन प्रवर वाले तीन लपेटन देते हैं। इसके बाद धागे को लूप से ले जाकर कसा जाता है और गांठें दी जाती हैं। प्रवर गोत्र के पूर्वज ऋषियों के नाम होते हैं। उदाहरण के लिए वत्स गोत्र वालों के पांच प्रवर हैं। वे ऋषि हैं- भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि। ब्रह्मा के मानस पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ भृगु ऋषि गोत्रोत्पन्न वत्स ऋषि से यह गोत्र स्थापित हुआ। मूल ऋषि भृगु रहे। इस वंश में पांच प्रवर-भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि हुए। मूल ऋषि होने के कारण भृगु ही इनके गण हुए। परशुराम इसी वंश के थे, वह जमदग्नि के कनिष्ठ पुत्र थे।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यज्ञोपवीत के ये पांच प्रवर हमें याद दिलाते हैं इन ऋषियों का। हमें यह भी जानना चाहिए कि उन ऋषियों ने क्या किया था। केवल यज्ञोपवीत धारण करना काफी नहीं है। केवल नाम जानना पर्याप्त नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि नाम पर्याप्त होता है। यह झूठ है। कहते हैं-उल्टा नाम जपत जग जाना/वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना। लेकिन यह बेकार बात है। छांदोग्य उपनिषद (7.1-26) में बतलाया गया है कि नाम काफी नहीं होता। कहानी कुछ यूं है: एक बार नारद ऋषि सनत्कुमार के पास गए और उनसे ज्ञान का मार्ग दिखाने तथा सर्वोच्च सत्य की शिक्षा देने का अनुरोध किया। सनत्कुमार ने नारद जी से कहा, "मुझे बताओ कि तुम क्या जानते हो, और फिर मैं तुम्हें उससे आगे की बातें सिखाऊंगा।" तब नारद ने उनसे विनम्रतापूर्वक कहा, "मैं चारों वेदों और महाकाव्यों को जानता हूं, मैंने व्याकरण, कर्मकांड, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, मनोविज्ञान, ललित कला और विभिन्न अन्य धर्मनिरपेक्ष विषयों का अध्ययन किया है, लेकिन इस सारे ज्ञान ने मुझे आत्म को जानने में मदद नहीं की है। मैंने आप जैसे आध्यात्मिक गुरुओं से सुना है कि जो व्यक्ति आत्म को जान लेता है, वह दुःख से परे चला जाता है। मैं दुःख में खोया हुआ हूं। कृपया मुझे सिखाएं कि मैं कैसे परे जाऊं।" नारद और सनत्कुमार के बीच एक बहुत लंबा संवाद है जिसके माध्यम से सनत्कुमार नारद को बताते हैं कि नारद जो कुछ भी जानते हैं वह केवल नाम है। इससे परे जाने के लिए व्यक्ति को यह जानना होगा कि नाम से बड़ा क्या है। इस उपनिषद से हम सीखते हैं कि नाम काफी नहीं है। यह शुरुआत जरूर है, लेकिन केवल नाम जपते रहने से आपको कुछ नहीं मिलना है। ब्रह्मसमाना होने का भ्रम न पालिए। तो प्रवरों के नाम जानना पर्याप्त नहीं है। अपने प्रवर ऋषियों को जानिये। उनके कामों को जानिए। उनका अनुकरण कीजिए।

# ऋग्वेद और अथर्ववेद

ऋग्वेद और अथर्ववेद में पादबद्ध मंत्र हैं और इनका गान होता है। उपनिषदों का कहना है कि वाणी और प्राण का जैसा संबंध है, वैसा ही संबंध ऋचा और साम का है। ऋचा शब्द का अर्थ है-चरण युक्त मंत्र। इन मंत्रों का षड्ज, मध्यम आदि स्वरों में आलाप होता है। वेदमंत्रों के गान को ही साम कहा गया है। केवल मंत्र पाठ को ही साम नहीं माना जा सकता है और न सिर्फ गान को ही, बल्कि इन दोनों के मिश्रण को ही साम कहा गया है। स्वर-आलाप ही साम की गति है। स्वर अथवा आलाप के बिना साम नहीं होता है। साम का स्वरूप आलाप है। अतः निश्चित है कि साम शब्द से हमें उन गानों को समझना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न स्वरों में ऋचाओं पर गाये जाते हैं। जिन ऋचाओं के ऊपर ये साम गाये जाते हैं, उनको वैदिक लोग "साम -योनि" नाम से पुकारते हैं। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि जिसे सामवेद संहिता कहा गया है, वह इन्हीं सामयोनि ऋचाओं का संग्रह है। यही सामवेद के रूप मे पुस्तकाकार संकलित है। सामवेद के दो प्रधान भाग हैं-आर्चिक तथा गान। आर्चिक शब्द का अर्थ है ऋचासमूह। इसके दो भाग हैं पूर्वआर्चिक तथा उत्तरार्चिक। इसमें प्रमुखतः अग्नि, इन्द्र व सोमदेव विषयक ऋक् मंत्रों का समन्वय उपस्थित किया गया है। सोम विषयक ऋचाएं पूरी तरह से ऋग्वेद के नवम् मंडल से ली गई है। पहले से लेकर पांचवें अध्याय तक की ऋचाओं को तो ग्राम गान कहते हैं, लेकिन छठे अध्याय की ऋचाएं अरण्य में गेय होने के कारण "अरण्यगान" कही जाती हैं। पूर्व आर्चिक के मंत्रों की संख्या 650 है उत्तरार्चिक मे 1225 मंत्र हैं। इस प्रकार सामवेद में कुल 1875 ऋचाएं हैं। सामान्य तौर पर यह आम धारणा है कि सामवेद में उपलब्ध ऋचाएं ऋग्वेद से ही गान के लिए संगृहीत की गई है, लेकिन कहीं-कहीं सामवेद और ऋग्वेद की ऋचाओं में केवल आंशिक साम्य ही देखने को मिलता है। सामवेद में लगभग 450 ऐसे मंत्र है जिन पर कोई गान नहीं है। यदि सामवेद, ऋग्वेद के बाद की रचना है, तो ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर 'साम' का उल्लेख नहीं मिलना चाहिए। ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर साम का उल्लेख देखा जा सकता है। इतना ही नहीं यज्ञ की सफलता के लिए होता, अध्वर्यु तथा ब्रह्मा नामक व्यक्तियों के साथ उद्गाता का काम गायन ही तो है। तब साम को अर्वाचीन किस आधार पर माना जाए? इससे यह भी आभास मिलता है कि साम संहिता के मंत्र ऋग्वेद से उधार लिए नहीं प्रतीत होते। यह उतने ही स्वतंत्र और प्राचीन हैं, जितने कि ऋग्वेद के मंत्र। इस प्रकार साम संहिता की अपनी स्वतंत्र सत्ता की पुष्टि होती है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-111

**बाएं से दाएं**

1.1. अनाज ओसाने की क्रिया या भाव 2. अनाज ओसाने का पारिश्रमिक।

4.1. विघटन करने वाला 2. बरबाद करने वाला 3. दूर करने वाला 4. कलह या बंटवारा कराने वाला।

5.1. लकड़ी

7. रूठे या मान किए हुए किसी आत्मीय या प्रेमी को मनाने के लिए की जाने वाली कोशिश, प्रणय में होने वाला रूठना-मनाना।


**ऊपर से नीचे**

2.1. ईमानदार होने की क्रिया

3.1. उकेरने या खोदकर बेलबूटे बनाने का कार्य 2. नक्काशी करने की क्रिया, (एनग्रेविंग)।

4.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

6. आदमी, मनुष्य, व्यक्ति।



### वर्ग पहेली-110 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | ढ़ी | | 2 अ | | 3 क |
| ती | | | व | | लां |
| | 4 प | द | ना | मि | त |
| | र | | य | | र |
| | का | | क | | |
| | स | | | | 5 त |
| 6 ई | ना | म | | 7 तो | ड़ी |

## सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 6 | | | 1 |
| 9 | | | 5 | | 2 | 4 | | |
| | 7 | | | 4 | | 2 | | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | 6 | |
| 1 | | 2 | | | | 5 | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | 8 | | |
| 3 | | 1 | | 5 | | | 4 | |
| | | 6 | 7 | | 4 | | | 8 |
| 2 | | | 8 | | | 9 | | |

### सुडोकू -23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 23.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष:** आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। आपका मन काफी शांत रहेगा। धन से जुड़ी समस्याएं सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी का विचार बना सकते हैं। आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं।

**वृष:** आज आप मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जीवनसाथी के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।

**मिथुन:** आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। आज आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए, जो आपके सिद्धान्तों के अनुरूप न हों। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर ही वक्तव्य देने चाहिए।

**कर्क:** आज आप सभी कार्य सम्भलकर करेंगे। गृहस्थ जीवन काफी सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार में सहकर्मियों पर निर्भरता बढ़ेगी।

**सिंह:** आज आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। लापरवाही के कारण आपके कई काम बिगड़ सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज अधिकारी वर्ग के लोग आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन को लेकर परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। आज आप कुछ नया करने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। एसिडिटी और सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाये रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।


**धनु:** आज कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। संतान को काफी अच्छी सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी को आप काफी अच्छा समय देंगे। खरीदारी के दौरान बिल आदि का पूरा ध्यान रखें।

**मकर:** आज आप आराम के मूड में रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव हानि हो सकती है। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। रिश्तेदारों से झगड़ा हो सकता है।

**मीन:** आज परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आज वेबसीरीज और मनोरञ्जन के सन्साधनों में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 14.32 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी
सुबह : 10.45
हम साथ साथ है
रात : 08.12

&pictures
हसीना मान जाएगी
सुबह : 10.58
विवाह
रात : 07.30

SONY PIX
मैड मैक्स :फरी रोड
दोपहर : 12.03
2012
शाम : 06.19

ZEE CINEMA
लगान
दोपहर : 03.24
पथु थल
रात : 08.00

colors CINEPLEX
देवदास
सुबह : 07.32
हनुमान
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पत्नी- देखो मौसम कितना हसीन है तुम्हारा क्या प्लान है ?
पति- मेरा तो वही है 178 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए।
पत्नी- घुस जाओ तुम मोबाइल में पहले...

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1115 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| किराना भाव | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |

# श्रम संगठनों के साथ बजट से पहले चर्चा

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने सुझाव रखे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा चरण 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा।



● वित्त और राजस्व सचिवों, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बैठक में हुए शामिल

### वित्त मंत्रालय की आज बैंक प्रमुखों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमुखों की बैठक बुलाई है। अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी करेंगे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्वनिधि और अन्य कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज दी जाती है। पांच साल के लिए 13,000 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ शुरू की गई इस योजना से बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने वाले श्रमिक और नाई सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

### इन योजनाओं की बैठक में होगी समीक्षा

पीएम जनधन योजना, पीएमजेडीवाई के तहत निष्क्रिय खातों और रुपे कार्ड जारी करने की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है, किसी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18-70 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता के लिए दो लाख और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। बैंकों ने 7 साल में स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 1.80 लाख से अधिक को 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस योजना को अब बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

# मार्च तिमाही में चालू खाता 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के चालू खाते में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति रही जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.6% है। आरबीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन में विकास पर कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में चालू खाता में 1.3 अरब डॉलर के घाटे की स्थिति थी जो जीडीपी का 0.2%थी। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 8.7 अरब डॉलर का घाटा रहा था जो जीडीपी का 1% था। मार्च तिमाही के आंकड़े के साथ ही 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा 23.2 अरब डॉलर पर आ गया जो जीडीपी का 0.7% है। 2022-23 में चालू खाते का घाटा 67 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2% था। पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 50.9 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 52.6 अरब डॉलर से कम है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस खंड में 4.1% वृद्धि होने से देश की शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले के 39.1 अरब डॉलर से अधिक है। इससे चालू खाते को अधिशेष की स्थिति में लाने में मदद मिली। आरबीआई के मुताबिक, प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध बर्हप्रवाह, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाता है, एक साल पहले के 12.6 अरब डॉलर से बढ़कर 14.8 अरब डॉलर हो गया। विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन को दर्शाने वाली निजी हस्तांतरण प्राप्तियां 11.9% बढ़कर 32 अरब डॉलर हो गईं। में यह 3.6 अरब डॉलर थी। 2023-24 की में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दो अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले यह 6.4 अरब डॉलर था।




● 4.1% वृद्धि से शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले 39.1 अरब डॉलर से अधिक है

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91150 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000-55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,5000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 888 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,675 |
| चांदी आभूषण | 90,100 |

# एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर रखा कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में आएगी कमी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी।

एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और 2023-24 में यह 8.2% की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा df हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6.8% पर आ जाएगी। एसएंडपी का अनुमान है कि 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 और 7% की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2%की दर से बढ़ेगी।

# गेहूं भंडारण सीमा तय, आयात शुल्क घटाने पर विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इसका मकसद जमाखोरी रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी पर विचार हो सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40% आयात शुल्क है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और जमाखोरी रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक तय सीमा से अधिक है तो उन्हें अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों में इसे तय सीमा तक लाना होगा।

लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया।



● कीमतों को नियंत्रित करने व जमाखोरी रोकने के लिए लिया गया निर्णय : केंद्रीय खाद्य सचिव

## राष्ट्रीय

# 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए मोदी : खरगे

## कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री आज ज्यादा बोले, इसे कहते हैं रस्सी जल गई, बल नहीं गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए सोमवार को कहा कि इसकी 50वीं बरसी पर देशवासी यह संकल्प लें कि फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र पर संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा किप्रधानमंत्री मोदी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। उन्होंने कहा कि देश को आशा थी कि मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी मोदी मौन रहे। मणिपुर 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है पर मोदी न वहां गए और ना कोई चिंता व्यक्त की है। असम व पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, महंगाई हो, रुपये का गिरना हो, एग्जिट पोल-स्टॉक बाजार घोटाला हो, जातिगत जनगणना पर भी मोदी बिलकुल चुप थे। उन्होंने कहा कि मोदी विपक्ष को नसीहत दे रहे हैं।



● प्रधानमंत्री मोदी ने नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक पर मौन साध लिया

### इंडिया समूह ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होते ही इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान अखिलेश यादव और डिंपल यादव समेत सपा के कई नेता भी संविधान की प्रति लेकर संसद पहुंचे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे।

### भाजपा को कोई समर्थन नहीं : पटनायक

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे, अगर ओडिशा के हितों की अनदेखी होती है तो वह आंदोलन करने के लिए दृढ़ हैं।

# तमिलनाडु शराब हादसे पर खरगे को नड्डा ने लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु शराब त्रासदी मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की सरकार और माफिया के बीच सांठगांठ नहीं होती तो 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

नड्डा ने कहा कि शराब त्रासदी के बाद करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने देश को झकझोर दिया है। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध रखी है। नड्डा ने खरगे से कहा कि वह सीबीआई जांच और राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें।

### शराब कांड की सीबीआई से कराएं जांच : भाजपा

**चेन्नई।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से भेंटकर उनसे 53 लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नामलाई ने एक्स पर दावा किया कि इस त्रासदी से 60 लोगों की जान गयी है। उन्होंने मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग के मंत्री एस मुथुस्वामी को इस प्रकरण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रवि से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश देने की भी अपील की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौंदर्यराजन भी थीं।

### शराब त्रासदी के खिलाफ अन्नाद्रमुक का प्रदर्शन

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब पीने से लोगों के मारे जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीबीआई जांच और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ काली शर्ट पहनकर कल्लाकुरिची में विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

## एक नजर

### टॉय ट्रेन का डिब्बा पलटने से बच्चे की मौत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मॉल में टॉय ट्रेन का डिब्बा पलट जाने से उसमें सवार 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात एलांटे मॉल में हुई, जहां पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। शहबाज आखिरी डिब्बे में बैठा था, जो टॉय ट्रेन के मुड़ने ये पलट गया, जिससे लड़के के सिर में चोटें आईं। उसको सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### एक नक्सली गिरफ्तार

**गया।** बिहार में गया जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य गोरेलाल रवानी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सोमवार को यहां बताया कि 14 जून को जिले के कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में पूर्व नक्सली की हत्या की गई थी। इसके बाद कोंच थाना में प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में गया पुलिस, औरंगाबाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूर्व में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। गोरेलाल रवानी भी उक्त हत्याकांड में शामिल था, जो कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था।

# वीवीआईपी के लिए फुटपाथ खाली कराते हैं तो सबके लिए क्यों नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर कार्रवाई का आह्वान किया।

अदालत ने कहा, जब प्रधानमंत्री या वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे रहते हैं, तब तक ऐसा रहता है। तब यह कैसे हो जाता है? यह बाकी लोगों के लिए क्यों नहीं हो जा सकता? नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित जगह की जरूरत है जो मौलिक अधिकार है।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों पर समय-समय पर कार्रवाई होती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी भूमिगत बाजार के विकल्प पर भी विचार कर रही है। अदालत मामले पर अगली सुनवाई 22 जुलाई को करेगी।



● चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार: बंबई हाईकोर्ट

# फैशन डिजाइनर को धमकियां मिलने पर मिली सुरक्षा

## स्वर्ण मंदिर में योग

**वडोदरा (गुजरात), एजेंसी**

वडोदरा की फैशन डिजाइनर को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में योग करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने पर पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई है।

फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अर्चना मकवाना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन किया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीं। इसके बाद मकवाना को मारने की धमकियां भी मिलीं। मकवाना ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। पंजाब पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की शिकायत पर रविवार को मकवाना के खिलाफ मामला दर्ज किया। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था ने अपने तीन कर्मचारियों को लापरवाही पर निलंबित कर दिया है। वडोदरा पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मकवाना को रविवार से एक हफ्ते की अवधि के लिए पुलिस सुरक्षा दी गई है जिसे जरूरत पर बढ़ाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों को मकवाना हटा दिया और एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी। मकवाना ने कहा कि उन्होंने एकता तथा फिटनेस का संदेश फैलाने के लिए पवित्र स्थल पर योग किया।

# बिल्ली के बच्चे को ऊंची इमारत से फेंकने वाले के खिलाफ केस

**कोलकाता।** कोलकाता में ऊंची इमारत में अपने अपार्टमेंट से कथित रूप से बिल्ली के बच्चे को फेंककर उसे मारने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोलकाता के टांगरा पुलिस स्टेशन में आरोपी की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पीपल फोर एथिकल ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स (पेटा) के बयान के अनुसार आरोपी की पत्नी फबीहा हाशमी ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि घरेलू झगड़े के दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने बिल्ली के बच्चे को 13वीं मंजिल पर स्थति अपार्टमेंट की खिड़की से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच जारी रहेगी।

# असम के मोरीगांव में सरकारी भूमि से 1,500 परिवार बेदखल

**मोरीगांव (असम), एजेंसी**

● वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे लोगों को खाली करने के लिए प्रशासन ने कहा

असम के मोरीगांव जिले में वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे 1,500 परिवारों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने सोमवार को बताया कि 10,000 लोगों के ये परिवार जागीरोड के सिलभंगा गांव में सरकारी जमीन पर बस हैं। इस क्षेत्र के लोगों को 12 जून को नोटिस दिया गया था, जिसमें लोगों को 10 दिन में जमीन खाली करने के लिए कहा गया है। अधिकतर परिवारों ने इस आदेश का पालन किया है। देवाशीष शर्मा ने बताया कि इनमें से कुछ परिवार के बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। मानवीय व्यवहार के तौर पर हमने परीक्षा खत्म होने तक उनके रहने का इंतजाम करने का फैसला किया है।

जिला आयुक्त ने कहा कि प्रशासन इस जमीन को बल प्रयोग और ध्वस्त किए बगैर खाली कराने के लिए काम कर रही है। लोग ऐसा करने के लिए सहमत हैं। उनमें से 80 प्रतिशत लोगों ने पहले कब्जा की गई भूमि से अपना सामान हटा लिया है।

# मार्च के दौरान दो दर्जन छात्र पुलिस हिरासत में

## नीट-यूजी, यूजीसी-नेट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीट-यूजी में अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के थे। एनएसयूआई ने संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को जुलूस निकालने से रोकने के लिए इलाके में बैरिकेड लगा दिए। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस तैनाती थी। प्रदर्शन के दृश्यों के अनुसार कुछ छात्रों ने बैरिकेड को पार करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि मार्च के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, इसलिए पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर विभिन्न थानों में ले गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस तरह के जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी गई है और ऐसा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### परीक्षा रद्द करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट)-स्नातक में अनियमितताओं के बीच परीक्षा को रद्द करने संबंधी याचिकाओं पर सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले की सुनवाई 10 जुलाई को होगी। उच्चतम न्यायालय में आठ जुलाई को नीट-स्नातक परीक्षा 2024 को रद्द करने और अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई होनी है, जिसके दो दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट इस पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अशोक जैन ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं के वकील रामप्रताप सैनी ने बताया कि अदालत ने मामले पर 10 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है। दिन के समय उच्च न्यायालय में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

# रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

दुबई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की
- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी


यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें अभी संभावनाओं को तलाशा नहीं गया है।

रविवार को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर आए जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की। उन्होंने अल नाहयान से मुलाकात से पहले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वाणिज्यिक व आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी। दोनों मंत्रियों ने और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा कीए जिनमें अभी तक संभावनाएं तलाशी नहीं गयी हैं और उन्होंने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

# अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर राजदूत तलब

मास्को, एजेंसी

- रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूत से विरोध दर्ज कराया

रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार को अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है और निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि रविवार के हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो क्रीमिया के बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया।

# द.कोरिया में लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में आग, 16 की मौत

सियोल, एजेंसी


फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्ट्री की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

## एक नजर

### अमेरिका में रैपर चार्ल्स की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रैपर चार्ल्स जोन्स की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। जोन्स के वकील ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपर की 26वें जन्मदिन के दो दिन बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को टाम्पा शहर के एक होटल में रविवार को गोलीबारी की सूचना मिली ।घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पार्किंग में गोलियों से छलनी दो गाड़ियां मिलीं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में जोन्स की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### राजकुमारी एनी को मामूली चोट लगी

**लंदन।** गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को हुई एक घटना में राजकुमारी एनी को मामूली चोट और सिर में चोट आयी है। यह जानकारी बकिंघम पैलेस ने दी। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, चार्ल्स को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। बयान में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है।

### उ. कोरिया ने सियोल की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े हैं, जिन पर संभवतः कचरा रखा हुआ है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे दक्षिण (कोरिया) की ओर बढ़ रहे हैं। बयान में, दक्षिण कोरिया के लोगों से इन गुब्बारों को न छूने की अपील की गई है तथा इस बारे में सेना और पुलिस अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया है।

### पश्चिमी जापान में भूस्खलन की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को कहा कि मंगलवार तक पश्चिमी जापान में गरज के साथ अतिवृष्टि होने का आसार है, जिससे भूस्खलन के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मौसम एजेंसी ने कहा कि गर्म और नम हवाएं पश्चिमी जापान में मौसमी बारिश की संभावनाएं बना रही हैं, जिसने इस क्षेत्र में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर बना दी हैं।

# रूस आतंकवादी हमले में 15 पुलिस अधिकारी समेत 19 लोगों की मौत

## रविवार शाम बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में गोलीबारी की थी

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिसकर्मियों ने मार गिराया
- राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि बंदूकधारियों की पहचान कर ली गई है



रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमले में 19 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 15 पुलिस अधिकारी और एक पादरी और चार नागरिक हैं। आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिस ने मार गिराया है। रूस की जांच समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविवार शाम को अज्ञात बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक आराधनालय और एक यातायात थाना पर गोलीबारी की जिससे अधिकारियों को आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करना पड़ा। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। समिति ने एक बयान में कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। साथ ही एक रूढ़िवादी पादरी सहित चार नागरिक मारे गए। इसके अतिरिक्त, आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को मार गिराया गया है। बयान में कहा गया है कि उनकी पहचान कर ली गई है।

हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। वहीं हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। दागेस्तान रूस और पुतिन के लिए किसी दुखती रग की तरह है। पहले भी यहां हमले होते रहे हैं। इस बार हमला यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट पर हुआ। ये आतंकी हमला पुतिन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

# हमास के वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार गिराने का दावा

**यरुशलम।** इजरायल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में हमास के एक वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार दिया है और वह राफा शहर में आक्रमण जारी रखेगा। इजरायली सेना ने ताजा बयान में कहा कि हमास में हथियार बनाने वाले मुख्यालय में वह परियोजना और विकास प्रभारी के रूप में हथियार विशेषज्ञ के तौर पर काम करता था। वह रणनीतिक हथियार बनाने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने हथियार बनाने के काम करने वाले कई दस्तों की कमान संभाल रखी थी।

# युद्ध समाप्ति के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

- टिप्पणी से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश



गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।

रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है, जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

# आतंकवाद की अनदेखी न हो: उच्चायुक्त

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा या राष्ट्रीयता नहीं होती

भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। माना जाता है कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था। ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में आतंकवाद के घृणित कृत्य में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

# हिजबुल्लाह ने बेरूत हवाई अड्डे पर जमा किए हथियार

बेरूत, एजेंसी

- कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाए जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे
- लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया

लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बेरूत के हवाई अड्डे पर मिसाइलों और विस्फोटकों सहित भारी मात्रा में ईरानी हथियार जमा कर रखे हैं। द टेलीग्राफ अखबार ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक हवाई अड्डे पर वहां के कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाये जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की कि हवाईअड्डा प्राथमिक सैन्य लक्ष्य बन सकता है। दूसरी तरफ लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताते हुए सभी मीडिया आउटलेट्स और राजदूतों या उनके प्रतिनिधियों को हवाई अड्डे का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वहां कोई हथियार नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से संपर्क किया है। हम झूठे आरोपों और बेरूत हवाई अड्डे की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए द टेलीग्राफ अखबार के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।

# चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

**काठमांडू।** चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रसाद ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर चीनी उप विदेश मंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राजधानी काठमांडू में होगी। काठमांडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

# सिंधु जल संधि: पाकिस्तानी डेलिगेशन निरीक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

- चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण होगा

सिंधु जल संधि के तहत जम्मू-कश्मीर में दो पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल तटस्थ विशेषज्ञों के साथ रविवार शाम यहां पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल केंद्र शासित प्रदेश में चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करेगा।

### तोशाखाना मामले की जल्द सुनवाई को अपील

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ उनकी अपील पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने तोशाखाना के उपहारों की जानकारी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं करने के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने के आयोग के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अपील में दलील दी गई है कि खान को पार्टी प्रमुख के रूप में काम करने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी में भारतीय नागरिक की मौत


**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डकैती की घटना के दौरान गोलीबारी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर अपनी पोस्ट में बताया कि टेक्सास प्रांत के डलास में प्लेज़ेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गोपी कृष्ण दासारी के दुखद निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास दासारी के स्थानीय परिजनों के संपर्क में है और अपने स्तर पर एवं विभिन्न भारतीय संगठनों के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

# गदर 3 में काम करना चाहती हैं अमीषा पटेल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभायी। पिछले वर्ष गदर : एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुयी। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। अमीषा पटेल ने हाल ही में एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा, हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है, इसलिए हां, यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

# अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज हो गया है। अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी रिलीज किया है। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतीक है। गाने में जी.वी. प्रकाश कुमार का कम्पोजीशन है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है।

# सोल्जर का सीक्वल बनायेंगे रमेश तौरानी!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार रमेश तौरानी सुपरहिट फिल्म सोल्जर का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 1998 में प्रदर्शित रमेश तौरानी निर्मित और अब्बास-मस्तान निर्देशित सुपरहिट फिल्म सोल्जर में बॉबी देओल, प्रीति जिंटा, राखी, सुरेश ओबेराय, दिलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभायी थी।इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनने वाला है। रमेश तौरानी सोल्जर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि 'सोल्जर' के सीक्वल पर काम चल रहा है। जल्द ही इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जायेगी।

## खगोल विज्ञान — पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है यह तारों की नर्सरी

# निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

- तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही


निहारिका आरसीडब्ल्यू 7।

**अमृत विचार :** हबल ने निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों को खोज की है। इस निहारिका का नाम आरसीडब्ल्यू 7 है, जो पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है। तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा रही है। निहारिकाएं नए तारे बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल से समृद्ध नर्सरी होती है। जिसमें तारों के निर्माण के साथ गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें आणविक बादलों के कुछ हिस्से नष्ट होने के साथ ही बादलों के विकासशील तारों में परिवर्तित होने की जानकारी भी मिलती है। इन तारों को प्रोटोस्टार कहा जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आरसीडब्ल्यू 7 में बनने वाले प्रोटोस्टार विशेष रूप से विशाल हैं, जो जोरदार आयनकारी विकिरण और भयंकर तारकीय हवाएं छोड़ते हैं। तारों के निर्माण क्षेत्र में हाइड्रोजन आयन को सामान्य हाइड्रोजन परमाणु में संदर्भित करने की सटीक जानकारी मिल पाती है। कुल मिलाकर तारों के निर्माण की प्रक्रिया की सही जानकारी मिल पाती है। यह निहारिका आणविक बादल के अंत की शुरुआत का प्रतीक है। जिसमें कुछ मिलियन वर्षों के भीतर विशाल तारों से निकलने वाला विकिरण और हवाएं धीरे-धीरे नीहारिका की गैस को तितर-बितर कर देंगी। विशाल तारे सुपरनोवा विस्फोटों में अपने जीवन के अंत तक पहुंच जाते हैं। इस निहारिका में नए तारे निहारिका की गैस का केवल एक अंश ही शामिल करेंगे, शेष पूरी आकाशगंगा में फैल जाएगा और अंततः नए आणविक बादल बनेंगे।

### निहारिकाओं के बारे में सीमित है जानकारी

**नैनीताल :** निहारिकाओं के बारे में हमारी जानकारी बहुत अधिक नहीं है, जबकि निहारिका ब्रह्मांड का वह क्षेत्र है, जहां न केवल तारों के अंत की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है, बल्कि तारों की उत्पत्ति व ग्रहों के विकास के साथ कई अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।